आषाढ़ कृष्ण पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 3 जुलाई 2024
वर्ष 34, अंक 156, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

शूटआउट में जीता पुर्तगाल, क्वार्टर फाइनल में 2

शाहरुख को मिलेगा करियर अचीवमेंट अवॉर्ड 14

सत्संग के बाद भगदड़, 116 की मौत

हाथरस में भोले बाबा के कार्यक्रम में लाखों की संख्या में जुटी थी भीड़

सरकार आयोजकों के विरुद्ध केस दर्ज कर बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में

मुख्यमंत्री के निर्देश पर दो मंत्री, मुख्य सचिव, डीजीपी दुर्घटनास्थल को रवाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/एजेंसी

अमृत विचार : हाथरस जिले के सिकंदराराऊ क्षेत्र में आयोजित एक सत्संग में मंगलवार को मची भगदड़ में 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। दुर्घटना उस वक्त हुई जब, नारायण साकार विश्व हरि के नाम से प्रसिद्ध भोले बाबा के कार्यक्रम में लाखों की संख्या में भक्तों की भीड़ जुटी थी। कार्यक्रम स्थल पर प्रशासन की अनुमति से ज्यादा भक्त पहुंचे। मुख्य सचिव मनोज सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार दुर्घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। घायलों को इलाज के लिए एटा भेजा गया। घटना सिकंदराराऊ कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड स्थित गांव फुलराई के पास की है। राज्य सरकार कार्यक्रम आयोजकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी बुधवार को घायलों का हाल लेने हाथरस जाएंगे। इस बीच प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री योगी को फोन कर हादसे के बाबत जानकारी ली और मृतकों के परिवार और घायलों के प्रति संवेदना प्रकट की।

अलीगढ़ की मंडलायुक्त चैत्रा बी ने मरने वालों की संख्या 87 बताई है। जबकि एडीजी जोन कार्यालय आगरा ने मृतकों की संख्या 100 से अधिक होने की बात कही है। आईजी जोन अलीगढ़ शलभ माथुर ने 116 मृतकों की पुष्टि की है। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने एटा के अस्पताल में 60 से अधिक शव लाए जाने का दावा किया। पीड़ितों को मृत अवस्था में या बेहोशी की हालत में ट्रकों और अन्य वाहनों में लाद कर सिकंदराराऊ ट्रामा सेंटर लाया गया। शवों को स्वास्थ्य केंद्र के बाहर रखा गया, जहां लोगों की भारी भीड़ एकत्र है। इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर लखनऊ से मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी और संदीप सिंह दुर्घटनास्थल के लिए रवाना हो चुके हैं। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह एवं पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार को भी दुर्घटनास्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं।

सत्संग में शामिल होने के लिए सपरिवार जयपुर से आई एक प्रत्यक्षदर्शी शकुंतला देवी ने न्यूज एजेंसी को बताया कि सत्संग खत्म होने के बाद लोग जब आयोजन स्थल से निकल रहे थे, तो उसी समय भगदड़ मची। उन्होंने बताया कि लोग एक दूसरे के ऊपर गिरते चले गए। एटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि यह घटना पुलराई गांव में सत्संग में हुई, जिसमें शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में लोग आए थे। जिलाधिकारी आशीष कुमार ने बताया कि घटना में अब तक लगभग 60 लोगों की मौत होने की जानकारी मिली है। कइयों की हालत गंभीर है। सिकंदराराऊ थाने के एसएचओ आशीष कुमार ने कहा कि भगदड़ अत्यधिक भीड़ होने की वजह से हुई है।

सुरक्षा व्यवस्था और बचाव, राहत कार्य के लिए आगरा, एटा और अलीगढ़ से पीएसी की तीन कंपनियां हाथरस पहुंच गई हैं। एसडीआरएफ की दो कंपनियां भी पहुंच रही हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज घायलों का हाल लेने हाथरस जाएंगे

मंगलवार को एटा में एक अस्पताल के बाहर जुटी परिजनों व रिश्तेदारों की भीड़, जहां हाथरस में सत्संग के दौरान मची भगदड़ के पीड़ित भर्ती हैं, भगदड़ में 100 से अधिक लोग मारे गए हैं कई घायल हैं। ● एजेंसी

एडीजी आगरा कार्यालय ने सौ से ज्यादा मौतों की पुष्टि की

आगरा। सत्संग के दौरान मची भगदड़ में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 100 से अधिक हो गई है। यूपी पुलिस के आगरा जोन के एडीजी कार्यालय ने इसकी पुष्टि की है। एडीजी कार्यालय के मुताबिक, शवों को कई जगह ले जाया गया है। इसलिए मरने वालों की सही संख्या बाद में पता चलेगी। इससे पहले हाथरस के पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल ने हाथरस हादसे में करीब 60 लोगों के मारे जाने और 18 लोगों के घायल होने की जानकारी दी थी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि इस हादसे में मरने वाले लोगों की संख्या अभी और बढ़ सकती है।

हादसे के बाद रोते-बिलखते परिजन। ● एजेंसी

राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भगदड़ की घटना में लोगों की हुई मौत को हृदय विदारक बताया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुर्मू ने एक्स पोस्ट में कहा, मैं उन लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं, जिन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को खो दिया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में चल रही चर्चा के बीच कहा, मुझे अभी एक दुखद खबर दी गई है। उत्तर प्रदेश के हाथरस में एक कार्यक्रम में भगदड़ मचने से कई लोगों की दुखद मृत्यु की सूचना आ रही है। मैं मृतकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं सभी घायलों के जल्द से जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। इधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी दुख व्यक्त करते हुए अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। बाद में मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संदेश में कहा, दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दु:खद एवं हृदय विदारक है।

मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख, घायलों को 1-1 लाख की मदद

प्रधानमंत्री कार्यालय ने मृतकों के परिजनों के लिए दो-दो लाख रुपये और घायलों के लिए 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दिए जाने की घोषणा की। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं।

योगी ने गठित की जांच कमेटी, 24 घंटे में तलब की हादसे की रिपोर्ट

मुख्यमंत्री ने एडीजी आगरा और कमिश्नर अलीगढ़ के नेतृत्व में जांच टीम गठित कर दुर्घटना के कारणों की 24 घंटे में जांच कर रिपोर्ट तलब की है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

जिला प्रशासन ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

जिला प्रशासन ने आम लोगों की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 05722227041 तथा 05722227042 जारी किए हैं।

एक नजर

शूटिंग के दौरान सलमान पर हमले की थी साजिश

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की हत्या की कथित साजिश मामले में शामिल एक आरोपी ने एक फिल्म की शूटिंग के दौरान उन पर हमला करने का षडयंत्र रचा था। यह जानकारी पुलिस के एक अधिकारी ने आरोप पत्र के हवाले से मंगलवार को दी। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच के दौरान पता चला कि जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने अपने गिरोह के सदस्यों को अभिनेता पर हमला करने के लिए 25 लाख रुपये की सुपारी दी थी।

पासपोर्ट मामले में सीबीआई ने 1.59 करोड़ जब्त किए

नई दिल्ली। सीबीआई ने मुंबई के पासपोर्ट सेवा केंद्रों से जुड़े भ्रष्टाचार गिरोह का भंडाफोड़ करने के बाद तीन दिन तक चले तलाशी अभियान में 1.59 करोड़ रुपये नकद और अहम डिजिटल सबूत जब्त किए हैं। लोअर परेल और मलाड के पासपोर्ट सेवा केंद्रों के 14 अधिकारियों और 18 दलालों के खिलाफ 28 जून को 12 मामले दर्ज करने के बाद सीबीआई ने मुंबई और नासिक में तलाशी अभियान शुरू किया।

शपथ लेने को रशीद को मिली दो घंटे की पैरोल

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने मंगलवार को कश्मीरी नेता शेख अब्दुल रशीद को पांच जुलाई को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के लिए दो घंटे की पैरोल प्रदान की। रशीद, 'इंजीनियर रशीद' के नाम से भी जाने जाते हैं। वह लोकसभा चुनाव में बारामूला सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुने गए थे। उन्हें 2017 में जम्मू-कश्मीर में आतंक के वित्तपोषण के मामले में गिरफ्तार किया गया था।

प्रधानमंत्री मोदी ने धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में हुई चर्चा पर दिया जवाब

कांग्रेस परजीवी पार्टी, सहयोगी दलों की कीमत पर फल-फूल रही

● संबोधन के दौरान नारेबाजी करता रहा विपक्ष, अध्यक्ष को टोकना पड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस पर अराजकता फैलाने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि मुख्य विपक्षी दल को अब से परजीवी पार्टी के रूप में जाना जाएगा जो अपने सहयोगी दलों की कीमत पर फलती-फूलती है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सदन में लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी 2024 से परजीवी कांग्रेस पार्टी के रूप में जानी जाएगी। परजीवी वो होता है जो जिस शरीर के साथ रहता है, उसी को खाता है। कांग्रेस भी जिस पार्टी के साथ गठबंधन करती है, उसी के वोट खा जाती है। प्रधानमंत्री ने मुख्य विपक्षी दल को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता दक्षिण भारत में उत्तर के खिलाफ बोलते हैं तो उत्तर में पश्चिम के खिलाफ जहर उगलते हैं, ये महापुरुषों के खिलाफ बोलते हैं। प्रधानमंत्री के पूरे भाषण के दौरान विपक्षी नेता नारेबाजी करते रहे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नेता प्रतिपक्ष (राहुल गांधी) से कहा कि सदन के नेता बोल रहे हैं और आप अपने सदस्यों को आसन के पास आने का निर्देश देते हैं। यह तरीका सही नहीं है और संसदीय परंपराओं के विरुद्ध है।

हिंदुओं को हिंसा फैलाने वाला बताना गहरी साजिश

प्रधानमंत्री मोदी ने नेता प्रतिपक्ष के हिंदुओं को हिंसक बताने संबंधी कथित बयान पर कहा कि हिंदुओं को हिंसक बताना बहुत गंभीर बात है और इसमें कोई गहरी साजिश नजर आ रही है। हिंदुओं को हिंसक कहा जा रहा है, अपमानित किया जा रहा है और गाली दी जा रही है। हिंदुओं को गाली देने का चलन बनाया जा रहा है इसलिए इस बारे में हिंदुओं को भी सोचना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि क्या हिंदू हिंसक होता है। क्या यह आपकी यही सोच है, क्या यह आपकी नफरत है। क्या यही है आपका संस्कार। देश हिंदुओं को हिंसा फैलाने वाला कहकर संबोधित करने वालों और हिंदू आतंकवाद जैसे शब्द गढ़ने की कोशिश करने वालों को भूलेगा नहीं।

बालकबुद्धि कह राहुल पर कसा तंज

प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना उन पर तंज कसते हुए कहा कि आजकल बच्चे का मन बहलाने का काम चल रहा है। कांग्रेस के लोग और उनका तंत्र आजकल ये मन बहलाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस को मिलीं 99 सीटों का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसा संदेश दिया जा रहा है मानो उन्हें '100 में से 99 अंक मिले हों, जबकि ये अंक उन्हें 543 में से मिले हैं। उन्होंने कहा कि अब उस बालकबुद्धि को कौन समझाए कि तुमने फेल होने का विश्व रिकार्ड बना दिया है। उन्होंने राहुल गांधी के भाषण का परोक्ष जिक्र करते हुए कहा कि हमने कल सदन में यही बचकाना हरकत देखी है। आज देश इनसे कह रहा है कि तुमसे ना हो पाएगा।

हमें तीसरी बार चुनने से कुछ को पीड़ा

मोदी ने कहा कि देश की जनता ने भाजपा को तीसरी बार चुना है और कुछ लोगों की पीड़ा समझी जा सकती है कि लगातार असत्य चलाने के बावजूद उनकी घोर पराजय हुई। कहा कि इस देश ने लंबे अरसे तक तुष्टीकरण की राजनीति देखी, लंबे समय तक तुष्टीकरण का शासन का मॉडल देखा। हम तुष्टीकरण नहीं, संतुष्टीकरण के विचार को लेकर चले हैं। उन्होंने कहा कि मैं देशवासियों को विश्वास दिलाता हूं कि विकसित भारत के जिस संकल्प को लेकर हमें चले हैं, उसकी पूर्ति के लिए भरसक प्रयास करेंगे, पूरीनिष्ठा, ईमानदारी से करेंगे और हमारा समय का पल-पल, हमारे शरीर का कण कण विकसित भारत के सपने को पूरा करने में लगाएंगे।

राहुल का मोदी को पत्र : नीट पर चर्चा कराने का आग्रह

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट' में कथित अनियमितता के मुद्दे पर सदन में चर्चा कराई जाए। उन्होंने कहा कि नीट पर चर्चा कराने के विपक्ष के अनुरोध को 28 जून और बीते सोमवार को ठुकरा दिया गया था, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष को आश्वासन दिया था कि वह सरकार के साथ चर्चा करेंगे। गांधी ने पत्र में कहा कि मैं 'नीट' पर संसद में चर्चा का अनुरोध करते हुए यह पत्र लिख रहा हूं।

ऊंचाहार समेत पांच इकाइयां ठप, गहराया बिजली संकट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● आठ इकाइयां ठप होने से तीन हजार मेगावाट उत्पादन घटा

अमृत विचार : ऊंचाहार समेत पांच उत्पादन इकाइयों के ठप होने से प्रदेश में बिजली संकट और गहरा गया। आठ इकाइयां ठप होने से करीब तीन हजार मेगावाट उत्पादन घट गया। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आयात कर स्थिति काबू में लाने के प्रयास जारी रहे। दूसरी ओर, स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित होने का सिलसिला जारी रहा।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार ऊंचाहार की 110 मेगावाट, हरदुआगंज की 250 मेगावाट, जवाहरपुर की 660 मेगावाट, ओबरा सी की 660 मेगावाट व ओबरा की 200 मेगावाट की इकाइयां ठप हो गईं, जबकि पहले से बंद चल रही अनपरा सी की 600 मेगावाट, बारा की 660 मेगावाट व ओबरा की 200 मेगावाट क्षमता की इकाइयां अभी चालू नहीं हो सकी। कुल आठ इकाइयों के ठप होने से प्रदेश के बिजलीघरों में 3191 मेगावाट उत्पादन घट गया है।

छात्रों को टी-शर्ट और फटी जींस पहनने से रोका

● हिजाब पर प्रतिबंध के बाद मुंबई के कॉलेज का निर्णय

मुंबई। हिजाब पर प्रतिबंध लगाने के लिए चर्चा में रहे मुंबई के एक कॉलेज ने अब छात्रों के फटी जींस, टी-शर्ट, गरिमाहीन कपड़े और जर्सी या ऐसे कपड़े पहनने पर रोक लगा दी है जो धर्म या सांस्कृतिक असमानता को दर्शाते हों। चेंबूर ट्रॉम्बे एजुकेशन सोसाइटी के एनजी आचार्य और डीके मराठे कॉलेज ने 27 जून को जारी नोटिस में कहा कि छात्रों को परिसर में शालीन पोशाक पहननी चाहिए। लड़कियां कोई भी भारतीय या पश्चिमी पोशाक पहन सकती हैं।

2200 से ज्यादा शिक्षकों की होगी पुनर्नियुक्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य मंत्रिमंडल की मंगलवार को लोकभवन में हुई बैठक में साल 2023 में सेवा से हटाए जाने वाले 2200 से ज्यादा शिक्षकों को अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में मानदेय पर रखे जाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर यह निर्णय लिया गया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों के पद रिक्त हैं, जिसका असर शिक्षण कार्य पर हो रहा है। ऐसी स्थिति में 2023 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सेवा से मुक्त किए गए 2200 से ज्यादा शिक्षकों को अस्थायी तौर पर 25 हजार और 30 हजार रुपये के मानदेय पर पुनर्नियुक्ति किया जाएगा। जो शिक्षक कक्षा 9 और 10 में पढ़ाएंगे उन्हें 25 हजार और जो कक्षा 11-12 में पढ़ाएंगे उन्हें 30 हजार रुपये दिए जाएंगे। प्रबंधन इससे ज्यादा देना चाहते हैं तो अपने पास से दे सकते हैं।

कैबिनेट का फैसला

- शिक्षकों को अस्थायी तौर पर 25 और 30 हजार रुपये के मानदेय पर मिलेगी पुनर्नियुक्ति
- कक्षा 9-10 में पढ़ाने वालों को 25 हजार और जो 11-12 में पढ़ाएंगे उन्हें 30 हजार मिलेंगे

राज्यपाल व मुख्यमंत्री के सुरक्षा गार्ड का मानदेय बढ़ा

अपर मुख्य सचिव माध्यमिक, वित्त व गृह दीपक कुमार ने बताया कि कैबिनेट ने वेतन समिति की सिफारिशें मंजूर कर ली हैं। इसके तहत मुख्यमंत्री आवास व राजभवन में तैनात सुरक्षा कर्मियों को अब प्रोत्साहन भत्ते के रूप में 12500 रुपये के बजाए 22000 रुपये मिलेंगे। व्यावसायिक या माध्यमिक शिक्षा विद्यालयों में इंटर में पढ़ाने वालों को प्रति व्याख्यान 500 रुपये की जगह अब 750 रुपये मिलेंगे। इन्हें 15 हजार मासिक की जगह अधिकतम 20 हजार रुपये मिल सकेंगे। हाईस्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षकों को 400 रुपये की जगह 500 रुपये प्रति व्याख्यान दिया जाएगा। इन पर सरकार पर 19.74 करोड़ रुपये का व्यय भार आएगा।

उप्र. एग्रीटेक नीति 2024 को मंजूरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 12 में से 11 प्रस्तावों पर मुहर लगी। बैठक में कृषि विभाग द्वारा लाए गए उप्र. एग्रीटेक नीति 2024 को मंजूरी मिलने के साथ ही किसानों के लिए डिजिटल रजिस्ट्री कार्यक्रम की शुरुआत और कृषि विकास दोगुना करने का लक्ष्य भी रखा गया।

खेल डायरी

जमशेदपुर, शिलॉग डूरंड कप के नए मेजबान होंगे

कोलकाता। भारतीय फुटबॉल के घरेलू सत्र का पहला टूर्नामेंट डूरंड कप 27 जुलाई से 31 अगस्त तक चार स्थानों पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें इंडियन सुपर लीग, आई-लीग और अन्य आमंत्रण टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। एशिया के सबसे पुराने टूर्नामेंट के 133वें सत्र में राउंड-रॉबिन लीग और नॉकआउट प्रारूप में 43 मैच खेले जाएंगे, जिसमें शुरुआती और फाइनल मुकाबला कोलकाता के प्रतिष्ठित विवेकानन्द युवा भारती क्रीडांगन (साल्टलेक स्टेडियम) में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में 24 टीमें भाग लेगी जिन्हें छह ग्रुप में बांटा गया है। हर ग्रुप की शीर्ष टीम के साथ अगली दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। आयोजकों ने मंगलवार को बताया कि पिछले साल की तरह इस बार भी विदेशी टीमें टूर्नामेंट का हिस्सा बनेंगी।

हॉकी इंडिया पहली बार करेगा मास्टर्स कप की मेजबानी

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने 40 साल से अधिक उम्र के पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए मास्टर्स कप आयोजित करने की मंगलवार घोषणा की। इस टूर्नामेंट का मकसद अनुभवी हॉकी खिलाड़ियों के जुनून और कौशल का जश्न मनाने का है। हॉकी इंडिया से संबद्ध सभी राज्य सदस्य इकाइयां इस आयोजन में भाग लेने के लिए पात्र हैं। इस टूर्नामेंट में भाग लेने के इच्छुक 40 वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र खिलाड़ियों को अपनी संबंधित सदस्य इकाइयों से संपर्क करना होगा। इन खिलाड़ियों को हॉकी इंडिया की सदस्य इकाई की वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण करना होगा।

भारत को ओलंपिक में पेनल्टी कॉर्नर गंवाने से बचना होगा : रस्किन्हा

मुंबई। पूर्व कप्तान वीरेन रस्किन्हा का मानना है कि अगर भारतीय पुरुष हॉकी टीम को आगामी पेरिस ओलंपिक में पोडियम पर पहुंचना है तो उसे अनावश्यक पेनल्टी कॉर्नर गंवाने की अपनी आदत से छुटकारा पाना होगा। आठ बार के स्वर्ण विजेता भारत ने तोक्यो ओलंपिक में कांस्य जीतकर 41 साल के सूखे को खत्म किया था। भारत पेरिस ओलंपिक में गत चैंपियन बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ पूल बी में है। रस्किन्हा ने कहा अगर आप एक टीम के रूप में बचाव करते हैं और आक्रमण करते हैं, तो हर किसी को अपनी भूमिका निभानी होती है।

चीन के बैडमिंटन खिलाड़ी की कोर्ट में मौत

जकार्ता। चीन के किशोर बैडमिंटन खिलाड़ी झांग झिजी की खेल के दौरान अचानक हृदयाघात से मौत हो गई। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार झांग झिजी की बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप में खेल के दौरान गिर गए, बाद में खिलाड़ी को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सको ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार इंडोनेशिया के बैडमिंटन एसोसिएशन अखिल इंडोनेशिया बैडमिंटन संघ (पीबीएसआई) ने कहा कि खिलाड़ी को खेलते समय दिल का दौरा पड़ा। देरी उपचार को लेकर अधिकारियों ने तीखी आलोचना हो रही है। पीबीएसआई के प्रवक्ता ने कहा कि मेडिकल टीमों को खेल के नियम के अनुसार कोर्ट में प्रवेश करने से पहले रेफरी की अनुमति की आवश्यकता होती है इसलिए मेडिकल टीम तुरन्त कोर्ट में नहीं पहुंच सकी। पीबीएसआई अब महासंघ से इस नियम का पुनर्मूल्यांकन करेगा ताकि इस तरह की परिस्थिति तुरंत कार्रवाई जा सके।

एआईएफएफ ने नेरोका और टीआरएयू के आईलीग से रेलीगेशन की पुष्टि की

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मंगलवार को नेरोका एफसी और टीआरएयू एफसी के आईलीग से रेलीगेशन (निचली लीग में खिसकना) की पुष्टि की। मणिपुर के ये दोनों क्लब 2023-24 सत्र में अंतिम दो स्थान पर रहे। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह ने आग्रह किया था कि तीन मई 2023 को राज्य में शुरू हुए जातीय संघर्ष को देखते हुए इम्फाल के इन दोनों क्लबों को रेलीगेशन से छूट दी जाए लेकिन इसके बावजूद अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने यह फैसला किया। एआईएफएफ ने कहा, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने आईलीग 2023-24 में नियमों के अनुसार रेलीगेशन लागू करने का फैसला किया है। 13 टीम की प्रतियोगिता में नेरोका एफसी 14 अंक और टीआरएयू एफसी 13 अंक के साथ अंतिम दो स्थान पर रहे और रेलीगेट हो गए। मोहम्मडन स्पोर्टिंग की टीम 52 अंक के साथ चैंपियन बनी।

आखिरी चार में प्रज्ञानानंदा और गुकेश लगाएंगे जोर

सुपरबेट क्लासिक शतरंज

बुकारेस्ट (रोमानिया), एजेंसी

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट में एक दिन के विश्राम के बाद जब छठे दौर के मुकाबल में उतरेंगे तो तालिका में शीर्ष पर पहुंचने के लिए उन्हें आखिरी के चार दौर में अपने खेल के स्तर को और ऊंचा उठाना होगा।

नौ दौर के टूर्नामेंट में पांच दौर के बाद दोनों भारतीय तीन-तीन अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। अमेरिका के फैबियानो कारूआना उनसे आधा अंक आगे तालिका में शीर्ष पर है। फ्रांस के अलिरेजा फिरोजा और मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव, रूस के इयान नेपोम्नियाचची और अमेरिक के वेस्ले सो 2.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। यह चारों खिलाड़ी नीदरलैंड के अनीश गिरी और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव से आधा अंक आगे हैं। स्थानीय खिलाड़ी डीक बोगदान-डेनियल 1.5 अंकों के साथ तालिका में सबसे नीचे हैं। प्रज्ञानानंदा टूर्नामेंट में अब तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में नाकाम रहे है और बेहतर स्थिति में होने के बावजूद उन्होंने कुछ मुकाबलों को ड्रॉ खेला है।

हताश हूं, इस हार को पचाना मुश्किल : मिलर

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

टी-20 विश्व कप के फाइनल में भारत से मिली करीबी हार से निराश डेविड मिलर ने कहा कि इस परिणाम को पचा पाना मुश्किल है। बाएं हाथ के इस आक्रामक बल्लेबाज ने हालांकि उम्मीद जताई कि उनकी टीम इस हार के गम को भुला कर मजबूत वापसी करेगी।

दक्षिण अफ्रीका ने इस विश्व कप में चोकर्स के ठप्पे को काफी हद तक पीछे छोड़ते हुए बिना कोई मैच गंवाए फाइनल में जगह पक्की की थी। शनिवार को बारबाडोस में खेले गये फाइनल में उसे भारत से सात रन की शिकस्त मिली मिलर ने इंस्टाग्राम पर लिखा मैं बहुत निराश हूं, दो दिन पहले जो हुआ उसके पचा पाना काफी कठिन है। मेरे पास अपनी भावनाओं को बयां करने के लिए शब्द नहीं है। मुझे हालांकि इस टीम पर बेहद गर्व है। फाइनल से पहले दक्षिण अफ्रीका ने अपने अभियान में कई करीबी मैचों में जीत दर्ज की लेकिन टीम खिताबी मुकाबले में जीत के करीब होने के बाद आखिरी पांच ओवर में दबाव में आ गई। मिलर ने कहा इस टूर्नामेंट में हमारा सफर शानदार रहा। हमने पूरे महीने कई उतार-चढ़ाव देखे। हमने पीड़ा सही है। मैं हालांकि जानता हूं कि इस टीम में जज्बा है और वह अपना स्तर ऊंचा करती रहेगी। दक्षिण अफ्रीका को आखिरी पांच ओवर में 30 रन चाहिए थे लेकिन जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या की शानदार गेंदबाजी ने मैच के रुख को भारत की ओर मोड़ दिया। पंड्या ने आक्रामक बल्लेबाजी करने वाले हेनरिच क्लासेन को आउट किया तो वही बुमराह ने मार्को यानसेन को चलता किया। आखिरी ओवर में दक्षिण अफ्रीका को 16 रनों की जरूरत की लेकिन पंड्या की पहली गेंद पर सूर्यकुमार यादव ने लांग ऑफ बाउंड्री के पास मिलर का शानदार कैच लपक कर मैच पर भारत का नियंत्रण बना दिया।

द्रविड़ ने खुलासा किया, एकदिवसीय विश्व कप में हार के बाद रोहित ने कैसे पद छोड़ने से रोका, बोले- शुक्रिया रो

... तो ऐतिहासिक पल का हिस्सा न होता

ब्रिजटाउन (बारबडोस), एजेंसी

- अपने विदाई भाषण में के वक्त भावुक हुए भारतीय टीम के निवर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़
- वनडे विश्व कप के साथ ही समाप्त हो गया था द्रविड़ का कार्यकाल, फिर से नहीं किया आवेदन

भारतीय क्रिकेट टीम के निवर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने यहां टी-20 विश्व चैंपियन बनने के बाद टीम को दिए अपने विदाई भाषण में खुलासा किया कि अगर उन्हें एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में हार के बाद पद पर बने रहने का अनुरोध करते हुए कप्तान रोहित शर्मा का फोन नहीं आया होता तो वह इतिहास का हिस्सा नहीं होते। द्रविड़ का कार्यकाल एकदिवसीय विश्व कप के साथ समाप्त हो गया था। भारत लगातार 10 मैच जीतने के बाद फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया था। कोचिंग स्टाफ को हालांकि शनिवार को समाप्त हुए टी-20 विश्व कप के अंत तक विस्तार मिला था।

भारत ने द्रविड़ के मार्गदर्शन में अपना दूसरा टी-20 विश्व कप जीता लेकिन उन्होंने इस भूमिका में बने रहने के लिए फिर से आवेदन नहीं किया। उन्होंने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में टीम की सात रन की जीत के बाद केनसिंगटन ओवल ड्रेसिंग रूम में अपने भाषण के दौरान कोच के रूप में बने रहने का आग्रह करने में रोहित की भूमिका का उल्लेख किया। द्रविड़ ने मंगलवार को बीसीसीआई द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में कहा, रो (रोहित) नवंबर में मुझे फोन करने और टीम के साथ जुड़े रहने के लिए कहने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मुझे लगता है कि आप सभी के साथ काम करना मेरे लिए सौभाग्य और खुशी की बात है, लेकिन रो, समय देने के लिए भी धन्यवाद... हमने बातचीत करने, चर्चा करने, सहमत होने और असहमत होने में बहुत समय बिताया लेकिन आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। उन्होंने कहा, आप सभी को ये पल याद होंगे। हम हमेशा कहते हैं, यह रनों के बारे में नहीं है, यह विकेटों के बारे में नहीं है, आप अपने करियर को कभी याद नहीं रखते हैं, लेकिन आप इस तरह के पलों को याद रखते हैं, इसलिए आओ और इसका लुत्फ उठाओ। मैं आप लोगों पर बहुत गर्व करता हूं, जिस तरह से आपने वापसी की, जिस तरह से संघर्ष किया, जिस तरह से हमने एक टीम के रूप में काम किया... लचीलापन दिखाया। पिछले कुछ वर्षों में कुछ निराशा हुई, जहां हम करीब आए लेकिन कभी रेखा को पार नहीं कर पाए।

बीसीसीआई और पर्दे के पीछे के लोगों के काम की सराहना की

द्रविड़ ने कहा आप सभी ने बहुत सारे बलिदान किए हैं, अपने परिवारों को आज यहां इसका आनंद लेते हुए देखने के लिए, आपके परिवार के कई सदस्य घर पर हैं, बस उन सभी बलिदानों के बारे में सोचें, जो आप अपने बचपन से लेकर अब तक ड्रेसिंग रूम का हिस्सा बनने के लिए करते आए हैं। आपके माता-पिता, आपकी पत्नी, आपके बच्चों, आपके भाई, आपके कोच, बहुत से लोगों ने बहुत सारे बलिदान किए हैं और इस पल में इस स्मृति का आनंद लेने के लिए आपके साथ बहुत मेहनत की है। आप लोगों के साथ इस स्मृति का हिस्सा बनने पर बहुत गर्व है। आमतौर पर मुखर रहने वाले द्रविड़ ने माना कि उनके पास कहने के लिए शब्द नहीं हैं लेकिन उन्होंने निवर्तमान कोचिंग स्टाफ के प्रति सम्मान के लिए टीम की प्रशंसा की। मेरे पास आमतौर पर शब्दों की कमी नहीं होती लेकिन आज जैसे दिन पर, जब मैं इसका हिस्सा बना, मैं आप सभी का, मेरे कोचिंग स्टाफ और मेरे सहयोगी स्टाफ के प्रति दिखाए गए सम्मान, दयालुपन और आपके प्रयासों के लिए जितना आभारी हूं, उतना कम है। द्रविड़ ने कहा एक बेहतरीन टीम के पीछे एक सफल संगठन भी होता है और हमें बीसीसीआई और पर्दे के पीछे के लोगों के काम की सराहना करनी चाहिए।

जल्द होगी भारतीय टीम की घर वापसी

ब्रिजटाउन (बारबडोस), एजेंसी

- बारबडोस की प्रधानमंत्री को छह से 12 घंटे में हवाई अड्डे खुलने की उम्मीद

टी-20 विश्व चैंपियन भारतीय क्रिकेट टीम मंगलवार शाम को चार्टर विमान से स्वदेश रवाना होगी। बारबडोस की प्रधानमंत्री मिया मोटली ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यहां हवाई अड्डा अगले छह से 12 घंटों में चालू हो जाएगा जिसे श्रेणी चार के तूफान के कारण बंद किया गया था।

रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम, उसका सहयोगी स्टाफ, बीसीसीआई के कुछ अधिकारी और खिलाड़ियों के परिवार तूफान बेरिल के कारण पिछले दो दिन से यहां फंसे हुए हैं। टीम ने शनिवार को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर खिताब जीता। एक सूत्र के अनुसार दल के ब्रिजटाउन से शाम छह बजे (स्थानीय समय) रवाना होने और बुधवार को शाम 7.45 बजे (भारतीय समयानुसार) पर दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है। खिलाड़ियों को बाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सम्मानित किया जाएगा लेकिन इसके कार्यक्रम को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

लक्ष्मण के मार्गदर्शन में भारतीय टीम जिम्बाब्वे रवाना

मुंबई। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण के मार्गदर्शन में युवा भारतीय क्रिकेट टीम छह जुलाई से हरारे में शुरू होने वाली पांच मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए जिम्बाब्वे रवाना हो गई। टीम की कमान शुभमन गिल संभालेंगे जबकि युवा खिलाड़ी रियान पराग और अभिषेक शर्मा को पिछले आईपीएल में उनके प्रदर्शन के बाद पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया गया है। टी-20 विश्व कप के लिए रिजर्व सलामी बल्लेबाज रहे कप्तान गिल ब्रेक पर थे और वह अमेरिका से सीधे हरारे में टीम से जुड़ेंगे। बीसीसीआई ने विमान में सवार लोगों की तस्वीरें एक्स पर पोस्ट कीं जिनमें अभिषेक, पराग, रुतुराज गायकवाड़, आवेश खान, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, तुषार देशपांडे और एनसीए प्रमुख लक्ष्मण शामिल हैं। टीम के पांच सदस्य शिवम दुबे, संजू सैमसन, यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह और खलील अहमद या तो टी20 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा थे या रिजर्व खिलाड़ी के रूप में टीम के साथ थे। हरारे के स्पोर्ट्स क्लब में होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला 6 जुलाई से शुरू होगी। अन्य मैच 7, 10, 13 और 14 जुलाई को खेलें जाएंगे। जिम्बाब्वे के साथ पहले और दूसरे टी-20 के लिए भारतीय टीम में शुभमन गिल (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे, साई सुदर्शन, जितेश शर्मा (विकेट कीपर) और हर्षित राणा को शामिल हैं।

पुरुष एकल के पहले दौर में हारे सुमित

लंदन, एजेंसी

भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल को विंबलडन टूर्नामेंट 2024 में पुरुष एकल के पहले दौर के मुकाबले में सर्बिया के मिओमिर केकमैनोविच से हार का सामना करना पड़ा है।

सोमवार देर रात खेले गए मैच में सार्बियाई खिलाड़ी केकमैनोविच ने दो घंटे और 48 मिनट में नागल को 6-2, 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। नागल के शानदार खेल की बदौलत मुकाबला चार सेटों तक खिंचा। सुमित ने पहला सेट 2-6 से हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए दूसरा सेट 6-3 से जीता। हालांकि इसके बाद केकमैनोविच ने तीसरा सेट 3-6 से जीतकर 2-1 की बढ़त कर दिया। केकमैनोविच ने तीसरा सेट 3-6 और चौथे सेट में 6-4 से जीत लिया। नागल और सर्बिया के डुसन लाजोविच की जोड़ी अब पेड्रो मार्टिनेज और जौम मुनार से युगल मुकाबले में प्रतिस्पर्धा करेगी।



केकमैनोविचक के खिलाफ शॉट खेलते सुमित नागल।>> ● एजेंसी

अपने अंतिम विंबलडन में युगल मुकाबले खेलेंगे मरे

लंदन। दो बार के विंबलडन चैंपियन एंडी मरे ऑल इंग्लैड क्लब पर अंतिम बार उतरते हुए सिर्फ युगल मुकाबलों में खेलेंगे। मरे की एक हफ्ते से कुछ अधिक समय पहले पीठ की सर्जरी हुई है और मंगलवार को उन्होंने एकल मुकाबलों से हटने का फैसला किया। मरे ने सेंटर कोर्ट पर टॉमस मैकेक के खिलाफ मुकाबले से कुछ घंटों पहले एकल वर्ग से हटने का फैसला किया। मरे की प्रबंधन टीम ने एक बयान में कहा दुर्भाग्य से, एक सप्ताह पहले ही ऑपरेशन के बाद से उबरने की प्रक्रिया पर कड़ी मेहनत करने के बावजूद, एंडी ने इस साल एकल नहीं खेलने का बहुत कठिन निर्णय लिया है। बयान के अनुसार जैसा कि आप कल्पना कर सकते हैं, वह बेहद निराश हैं लेकिन उन्होंने पुष्टि की है कि वह जेमी के साथ युगल में खेलेंगे और विंबलडन में आखिरी बार प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक हैं।

वॉन और फ्लिंटॉफ के बेटे अंडर-19 में इंग्लैंड के लिए कर सकते हैं पदार्पण

लंदन, एजेंसी

- श्रीलंका के खिलाफ 8 को पदार्पण कर सकते हैं दोनों खिलाड़ी

इंग्लैंड के माइकल वॉन और एंड्रयू फ्लिंटॉफ की जोड़ी के अपने टेस्ट करियर को समाप्त करने के पंद्रह साल बाद उनके बेटों के श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों से आयु वर्ग स्तर पर पारंपरिक प्रारूप में अपनी यात्रा शुरू करने की उम्मीद है।

पूर्व एशेज विजेता इंग्लैंड के कप्तान वॉन के बेटे आर्ची वॉन को मंगलवार को 14 सदस्यीय टीम में शामिल किया जिसमें 16 वर्षीय रॉकी फ्लिंटॉफ भी शामिल हैं जिन्होंने पहले ही युवा एकदिवसीय मुकाबलों में अंतरराष्ट्रीय पदार्पण कर लिया है। टीम में पारिवारिक संबंध साफ नजर आते हैं। इंग्लैंड के मौजूदा लेग स्पिनर रेहान के भाई फरहान अहमद और इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज जो डेनली के 17 वर्षीय भतीजे जेडन डेनली को भी टीम में जगह मिली है। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज और ऑफ स्पिनर 18 वर्षीय आर्ची ने इस सत्र की शुरुआत में अपने पहले पेशेवर अनुबंध में समरसेट का प्रतिनिधित्व किया। पिछले हफ्ते आयु वर्ग स्तर पर उन्होंने इंग्लैंड अंडर-19 एकदिवसय टीम के खिलाफ अभ्यास मैच में यंग लायंस आमंत्रण एकादश के लिए 83 गेंदों में 85 रन बनाकर सबका ध्यान खींचा। इंग्लैंड अंडर-19 टीम 8 से 11 जुलाई तक और 16 से 19 जुलाई तक दो टेस्ट मैचों में श्रीलंका अंडर-19 से भिड़ेगी।

नीरज ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए किया प्रेरित : सुमरिवाला

मुंबई, एजेंसी

- भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष बोले- काफी शांतचित और एकाग्र है नीरज

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने मंगलवार को यहां कहा कि ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा शांतचित खिलाड़ी हैं, जो दबाव को कभी हावी नहीं होने देते है और दूसरे भारतीय खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते हैं। नीरज पुरुषों की भाला फेंक में मौजूदा विश्व चैंपियन भी हैं।

सुमारिवाला ने स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ मुंबई द्वारा आयोजित एक चर्चा में भारत के सुपरस्टार एथलीट के बारे में कहा, एक तरफ नीरज नीरज है और दूसरी तरफ बाकी सब (एथलीट) हैं। जहां तक नीरज का सवाल है तो वह काफी शांतचित और एकाग्र है। अगर आप उससे पूछें, क्या आपको डर लगता है? तो वह कहेगा, डर तो सबको लगता है लेकिन तनाव नहीं लेना चाहिए। सुमरिवाला ने कहा, मैं प्रतिस्पर्धा में जाने से पहले हमेशा इन खिलाड़ियों से वार्मअप क्षेत्र में बातचीत करता हूं। वह कहता है कोई तनाव नहीं है।

छह साल में पहली बार ओसाका को मिली जीत

विंबलडन, एजेंसी

नाओमी ओसाका ने सोमवार को विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में छह साल में पहली जीत दर्ज की जब वह डियाने पैरी को हराकर महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहीं। आसोका पांच साल विंबलडन में खेली भी नहीं। बारह महीने पहले आसोका अपनी बेटी शाई के जन्म के कारण टूर का हिस्सा भी नहीं थी। उनकी बेटी मंगलवार को एक साल की हुई। आसोका ने पहले दौर के कड़े मुकाबले में पैरी को 6-1, 1-6, 6-4 से हराया।

जनवरी में टूर पर वापसी से पूर्व 15 महीने तक बाहर रहीं ओसाका की विश्व रैंकिंग इस समय 113 है जबकि वह दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी रह चुकी हैं। पैरी की विश्व रैंकिंग 53 है। दो बार की अमेरिकी और ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता ओसाका 2019 में पहले दौर में हार के बाद पहली बार विंबलडन में हिस्सा ले रहीं थी। कोको गॉफ, 2021 की अमेरिकी ओपन विजेता ऐमा राडुकानु और तीन बार के ग्रैंडस्लैम विजेता कार्लोस अल्कारेज भी जीत दर्ज करने में सफल रहे। अल्कारेज ने पुरुष एकल में खिताब की रक्षा के अभियान की शुरुआत एस्टोनिया के क्वालीफायर मार्क ला याहल के खिलाफ 7-6, 7-5, 6-2 की जीत के साथ की। गॉफ ने कैरोलिन डोलेहाइड को 6-1, 6-2 से हराया जबकि राडुकानु ने रेनाटा जाराजुआ को 7-6, 6-3 से शिकस्त दी।

अजारेंका और चोटिल सबालेंका विंबलडन से हटीं

लंदन। बेलारुस की टेनिस महिला खिलाड़ियों एरिना सबालेंका और विक्टोरिया अजारेंका को कंधे की चोट के कारण विंबलडन टूर्नामेंट से हटना पड़ा है। मीडिया से बातचीत में सबालेंका ने कहा हम अपनी टीम के साथ हरसंभव प्रयास कर रहे थे कि मैं यहां अपना पहला मैच खेल सकू लेकिन मैं इसके लिए प्रतिशत तैयार नहीं हूं। इसके बाद सबालेंका ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर लिखा, मैंने स्वयं को तैयार करने का हर संभव प्रयास किया लेकिन दुर्भाग्य से मेरा कंधा साथ नहीं दे रहा है। मैंने आज अभ्यास का पूरा नहीं कर पाई। मेरी टीम ने समझाया कि खेलने से चीजें और भी खराब हो जाएंगी। सोमवार को अभ्यास बीच में ही समाप्त करने के बाद साबलेंका ने टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया और इसके बाद में उनकी हमवतन विक्टोरिया अजारेंका भी कंधे की चोट के कारण विंबलडन से हट गईं।

शूटआउट में जीता पुर्तगाल, क्वार्टरफाइनल में

यूरो कप 2024

फ्रैंकफर्ट, एजेंसी

यूरोकप 2024 के राउंड ऑफ 16 में पुर्तगाल ने पेनल्टी शूटआउट में स्लोवेनिया को 3-0 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया है। सोमवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले में पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो के पास अतिरिक्त समय में दो गोल करने का मौका था लेकिन वह चूक गए और मैदान में रोते हुए देखे गए।

पेनल्टी शूटआउट में पुर्तगाल के गोलकीपर डिओगो कोस्टा के लगातार तीन गोल बचाकर अपनी टीम क्वार्टरफाइनल में पहुंचाया। पुर्तगाल अगले दौर में फ्रांस से भिड़ेंगे। फ्रांस बेल्जियम को 1-0 से हराकर अगले दौर में पहुंचा है। मैच के बाद रोनाल्डो ने कहा मेरे पास खेल का फैसला करने का मौका था, लेकिन मैं चूक गया और ओब्लाक ने शानदार बचाव किया। पुर्तगाल के गोलकीपर कोस्टा ने कहा, यह मेरे करियर का अब तक का सबसे अच्छा मैच था। मैंने पेनल्टी शूटआउट के दौरान स्वयं पर भरोसा किया। बेशक, हमने शूटरों का विश्लेषण किया था, लेकिन खिलाड़ी अक्सर मैदान पर मन बदल लेते हैं, इसलिए मैंने अपने अंतर्ज्ञान पर भरोसा किया। पुर्तगाल के कोच रॉबर्टो मार्टिनेज ने कोस्टा की प्रशंसा करते हुए कहा कोस्टा हमारा गुप्त हथियार है। उसने आज अपनी ताकत दिखाई।

पेनल्टी शूटआउट में गोल दागते क्रिस्टियानो रोनाल्डो। ● एजेंसी

बेल्जियम को हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंचा फ्रांस

डसेलडोर्फ (जर्मनी)। रेंडल कोलो मुआनी के शॉट पर आत्मघाती गोल से फ्रांस ने बेल्जियम को 1-0 से हराकर यूरो 2024 फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दो दिग्गज पड़ोसी टीमों और दुनिया की दूसरे (फ्रांस) तथा तीसरे (बेल्जियम) नंबर की टीमों के बीच हुआ यह प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबला उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा और मैच में सिर्फ एक गोल हो पाया।

कोपा अमेरिका 2024

उरूग्वे के खिलाफ 0-1 की हार से बाहर हुआ अमेरिका

कन्सास सिटी (अमेरिका)। अमेरिका को मथास ओलिवेरा के दूसरे हाफ में दागे विवादास्पद गोल के कारण उरूग्वे के खिलाफ 0-1 से शिकस्त का सामना करना पड़ा जिससे टीम कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर हो गई। इसके साथ ही अमेरिकी सॉकर महासंघ पर 2026 विश्व कप से पहले कोच ग्रेग बरहाल्टर को हटाने का दबाव भी बढ़ गया है।

बोलीविया को हरा कर पनामा क्वार्टरफाइनल में

ओरलैंडो। पनामा को ग्रुप सी मैच में बोलीविया को 3-1 से हराकर दूसरे स्थान पर रहते हुए पहली बार कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहा। पनामा क्वार्टर फाइनल में ग्रुप डी के विजेता से भिड़ेगा जो ब्राजील या कोलंबिया हो सकता है। एडवर्डो गुइरेरो ने 79वें मिनट में पनामा को 2-1 की बढ़त दिलाई जबकि सेजार यानिस ने इंजरी टाइम के पहले मिनट में एक और गोल दागकर टीम की 3-1 से जीत सुनिश्चित की।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

बच्चों का वीडियो देख डीएम ने पहुंचाई मदद

झोपड़ी में गुजारा कर रहे भाई-बहन, तिरपाल, खाद्यान्न आदि लेकर पहुंचे तहसीलदार

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: गोला तहसील के लंदनपुर द्वारिकागंज गांव में बरसात में टपक रही झोपड़ी में गुजर बसर कर रहे दो निराश्रित बच्चे (भाई-बहन) का सोशल मीडिया से प्राप्त वीडियो का डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने संज्ञान लेकर तहसीलदार सुखबीर सिंह के नेतृत्व में राजस्व टीम को मदद के लिए भेजा। तहसीलदार ने बच्चों को तिरपाल, खाद्यान्य आदि देकर मदद की और नया छप्पर डलवाने को भी कहा।

तहसीलदार सुखबीर सिंह ने राजस्व टीम के साथ लन्दनपुर द्वारिकागंज गांव पहुंचकर दोनों बच्चों से संपर्क किया। इस दौरान तहसीलदार ने बच्चों को तिरपाल सहित जरूरी खाद्यान्न भी प्रदान किया। इन बच्चों के लिए तहसील प्रशासन बुधवार तक नया छप्पर डलवाएगा। इसकी शुरुआत भी कर दी गई है। तहसीलदार से वार्ता के दौरान बच्चों ने बताया कि इन्हें खाने-पीने की कोई दिक्कत नहीं है, फिर भी प्रशासन की ओर से अतिरिक्त आवश्यक खाद्यान्न बच्चों को प्रदान किया। तहसीलदार ने जिला प्रशासन की ओर से हर संभव मदद के लिए भरोसा दिया। दोनों बच्चे गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। एसडीएम गोला विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि तहसील प्रशासन द्वारा दोनों निराश्रित बच्चों को सरकार की महत्वाकांक्षी "स्पॉन्सरशिप योजना" के तहत जरूरी दस्तावेज जुटाते हुए आवेदन कराया जा रहा है। इस योजना के तहत दोनों निराश्रित बच्चों को चार-चार हजार रुपये प्रतिमाह मिलेगा।

बच्चों को मदद देते तहसीलदार सुखवीर सिंह। अमृत विचार

▸▸ नया छप्पर भी डलवाएंगे स्पॉन्सरशिप योजना के तहत बच्चों को मिलेगा चार-चार हजार रुपये प्रतिमाह

पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे सीएमओ, लगाई फटकार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: पोस्टमार्टम हाउस की अव्यवस्थाएं गम के मारों पर भारी पड़ रही है। कभी बिजली न होना बताकर समय पर पोस्टमार्टम नहीं शुरू कराए जाते तो पुलिस द्वारा कागज लेकर आने के कारण। इन दोनो मामलों में शव को लेकर आने वाले लोगों को परेशान होना पड़ता है। ऐसे में गम के मारे पीड़ित डीएम से लेकर सांसद तक से सिफारिश कराने के लिए मजबूर होते हैं। मंगलवार को एक मामले को लेकर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे सीएमओ ने मौजूद चतुर्थश्रेणी कर्मचारी को फटकार ही नहीं लगाई, बल्कि साजिश तक रचने का आरोप लगा डाला। सोमवार को पोस्टमार्टम हाउस पर प्रकाश का इंतजाम न होने की वजह से तीन बजे तक पोस्टमार्टम शुरू नहीं हो सके तो वहीं मंगलवार को भी शव विच्छेदन करीब तीन बजे ही शुरू हो सके। बताते हैं कि मंगलवार को शव लेकर पीडित्र पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। वहां पर देरी होता देखकर एक पीडित्र ने डीएम से लेकर सांसद तक गुहार लगाई। इसके बाद पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने वहां मौजूद चतुर्थ श्रेणी कर्मी वीरेंद्र वर्मा को जमकर फटकार लगाई। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

सार-संक्षेप

पंचायत मित्र ने लगाई फांसी

मान सिंह (फाइल फोटो)

संवाददाता, उचौलिया, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के ग्राम बचिगावां में पंचायत मित्र मानसिंह (50) ने बीमारी से तंग आकर आत्महत्या कर ली। उसका शव मंगलवार की सुबह गांव के बाहर आम के बाग में एक पेड़ में लटका मिला। पत्नी आशा देवी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पत्नी ने बताया कि उसके पति बीमार रहते थे और इससे काफी परेशान रहते थे। ब्लॉक के सम्बन्धित कर्मियों ने बताया कि मान सिंह बतौर रोजगार सेवक काम करने में तेज और तत्पर रहते थे।

नवागत सीडीओ ने संभाला पदभार

अभिषेक कुमार

संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : नवागत मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने विकास भवन पहुंचकर पदभार ग्रहण कर लिया। वह वर्ष 2020 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इससे पहले हापुड़ जिले में सीडीओ रह चुके हैं। सीडीओ अभिषेक कुमार ने बताया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लोगों को शत प्रतिशत लाभ दिलाना प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उनके कार्यभार ग्रहण करने पर विकास विभाग के साथ अन्य विभागीय अधिकारियों ने उनका स्वागत करते हुए बधाई दी है।

कुकरा चौकी में ताजियादारों के साथ एसओ ने की बैठक

कुकरा चौकी की बैठक में बोलते एसओ मैलानी। अमृत विचार

संवाददाता, कुकरा। अमृत विचार : मोहर्रम के त्योहार को लेकर कुकरा चौकी में हुई बैठक में थाना प्रभारी मैलानी राजेश कुमार ने ताजियादारों को हिदायत दी कि वह सुरक्षा की दृष्टि से कम ऊंचाई के ताजियों को लाकर चौक पर रखें, जुलूस में शामिल करें, जिससे जुलूस के समय ताजिऐ बिजली के केबिल, तारों से टकराकर कोई घटना को अंजाम न दें। थाना प्रभारी ने ताजियादारों को सख्त निर्देश दिए कि मोहर्रम की पहली तारीख से 11वीं मोहर्रम तक शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार को निपटाए। अमन शांति को कायम रखें। यदि किसी व्यक्ति ने अमन शांति व भाईचारा को भंग करने की साजिश रची तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में इरफान पठान उर्फ पम्मी, अलीउल्लाह, फजलुर्रहमान, फुरकानुद्दीन उर्फ सिम्मी, जकीउद्दीन, जकीउल्ला बरकाती, मौलाना बहीदुल्ला खान आदि ताजियादार मौजूद रहे।

एसडीएम ने समदहा व रैनी तट बांध का किया निरीक्षण

रैनी समदहा तट बांध का निरीक्षण कर जानकारी लेते एसडीएम राजेश कुमार।

संवाददाता, धौरहरा। अमृत विचार : डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर एसडीएम ने तट बांधों का निरीक्षण बाढ़ खंड अधिकारी के साथ किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ कटान प्रभावित ग्रामीणों से जानकारी भी ली। धौरहरा तहसील क्षेत्र के समदहा, रैनी और बेलवा गदियाना गांवों को बाढ़ कटान से बचाने के लिए बाढ खंड विभाग ने शारदा नदी के तट बंधो का निर्माण किया है। विगत वर्षों कराए गए कार्यों में कोई खामियां शेष तो नहीं रह गई है। इसके सत्यापन के लिए डीएम के निर्देश पर एसडीएम धौरहरा राजेश कुमार ने सहायक अभियंता बाढ़खंड शारदानगर आशीष चौधरी के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम ने बाढ़ कटान प्रभावित ग्रामीणों से भी जानकारी ली। एसडीएम राजेश कुमार ने बताया निरीक्षण के दौरान तट बांध सही मिले। ग्रामीणों से भी बाढ़ कटान की जानकारी ली।

भैरमपुर गांव में नाली तोड़कर फिर से कराया जाएगा निर्माण

संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : ग्रामीण अभियंत्रण विभाग से कराए जा रहे नाली निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया। निरीक्षण करने आए अधिशासी अभियंता के सामने जब इसकी पोल खुली तो उन्होंने न सिर्फ जमकर फटकार लगाई, बल्कि हो चुके निर्माण को तोड़कर पुन: ढंग से नाली निर्माण कराने को कहा। निघासन विकास खंड के भैरमपुर गांव में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से नाली निर्माण कराया जा रहा है। 30 जून को अधिशासी अभियंता संतोष कुमार ने निरीक्षण किया तो ठेकेदार द्वारा नाली का निर्माण कार्य मार्ग के किनारे एकत्रित पानी को पूर्ण रूप से निकाले बिना कराते हुए पाया। अन्य भी अनियमितताएं बरती गईं थीं। इस पर उन्होंने जमकर फटकार लगाई थी और निर्माण कार्य रोक दिया था। अब पुन: निर्माण को तोड़कर गुणवत्तापरक ढंग से नाली निर्माण कराने का आदेश दिया है। इससे ग्रामीणों में खुशी है।

पशुओं को नि:शुल्क लगाएं गलाघोंटू के टीके

संवाददाता, बिलहरी। अमृत विचार : गोला तहसील क्षेत्र के गांव जड़ौरा पशु चिकित्सा केंद्र की टीम ने ग्रामीण क्षेत्रो में पशुओं मे होने बाले रोग गलाघोटू के नि:शुल्क टीके लगाये हैं। जड़ौरा के पशु चिकित्सालय के इन्चार्ज फार्मासिस्ट प्रमोद वर्मा ने बताया कि बरसात का सीजन आरंभ होते ही यह रोग पशुओ मे तेजी से उभरने लगता है। जिसके चलते सरकार की तरफ से हर पशुपालक के घर जाकर नि:शुल्क टीकाकरण करके सभी पशुओ को इस बीमारी से बचाया जा रहा है। बताया कि यह टीकाकरण जड़ौरा न्याय पंचायत के अन्तर्गत आने वाले 16 गावों मे पशुओ का टीकाकरण किया जायेगा। इसके लिये पशु चिकित्सालय पर डेली टीम का गठन किया जाता है। अस्पताल में इन्चार्ज फार्मासिस्ट प्रमोद वर्मा, बैक्शीनेटर राहुल तिवारी पशुओ का वैक्सीनेटर कर रहे हैं, जिन्हें प्रत्येक दिन 200 जानवरों का वैक्सीनेटर करने का लक्ष्य दिया गया है। कहा गया कि पशुपालकों को मवेशियों का ध्यान रखना चाहिए इसलिए समय-समय पर उनका टीकाकरण जरूरी है।

गीता सिंह बनीं लखीमपुर डिपो की एआरएम

संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने गोरखपुर क्षेत्र की यातायात अधीक्षक गीता सिंह को लखीमपुर डिपो का एआरएम बनाया है। बता दें कि लखीमपुर डिपो पर तैनात एआरएम मुकेश मेहरोत्रा 31 मई को रिटायर हो गए। इसके बाद से खीमुपर डिपो का चार्ज सीतापुर एआरएम के पास था।

जलभराव: वजह बनी पालिका, लोगों का निकलना कठिन

नाले-नालियों को अतिक्रमण मुक्त कर सफाई कराने में फेल रहा पालिका प्रशासन, स्थाई अतिक्रमण से नहीं हो पा रही सफाई

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: बारिश में शहर की सड़कों पर जलभराव होने का कारण पालिका प्रशासन की लापरवाही है, क्योंकि मोहल्लों की नालियों से लेकर प्रमुख सड़कों के नालों पर पक्का अतिक्रमण है। इसी वजह से न तो इनकी इस बार तली झाड़ सफाई हो पाई और न ही पिछले सालों में ही हुई है। हालांकि मानसून आने से पहले ही अमृत विचार ने 19 जून को ही अतिक्रमण की चपेट में नाले, बनेंगे मुसीबत शीर्षक से खबर प्रकाशित कर पालिका से लेकर जिला प्रशासन को आईना दिखाया था। बावजूद इसके जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया और बारिश का मौसम हर साल की तरह इस बार भी शहरवासियों से लेकर जिला मुख्यालय पर आने वालों के लिए मुसीबत बन रहा है।

शहर में कुल 51 नाले हैं। इनमें 39 छोटे, पांच बड़े और सात मझले साइज के। हर साल मानसून आने से पहले पालिका इनकी तलीझाड़ सफाई कराने के दावे करती है। मगर, सिर्फ कागजों पर। क्योंकि शहर के अधिकतर नालों पर पक्का अतिक्रमण है। यही वजह है कि सालों से इनकी साफ सफाई ही न हुई जिससे चलते लगातार परेशानियां बढ़ती ही जा रही हैं। नालों में सालों से जमा सिल्ट की वजह से सड़कों पर पानी भरता है, जिससे शहरवासियों से लेकर राहगीर गंदे पानी से होकर निकलने के लिए मजबूर हैं।

ओवरब्रिज के आगे सीतापुर रोड पर भरा पानी। अमृत विचार

अमृत विचार में प्रकाशित खबर की पीडीएफ

इन नालों पर अतिक्रमण की वजह से सफाई होना मुश्किल

1. हीरालाल तिराहे से सदर चौराहा। 2. सदर चौराहा से मिश्राना चौराहा। 3. सदर चौराहा से जीआईसी तिराहा। 4. हीरालाल तिराहा से गुरु गोविंद चौक। 5. गुरु गोविंद चौक से सौजन्या तिराहा। 6. सौजन्या तिराहा से डान बास्को स्कूल के पहले तक। 7. थरवरनगंज मोहल्ले की नालियां। 8. फलमंडी का नाला। 9. संकटा देवी मोहल्ले की नालियां।

कलेक्ट्रेट परिसर में भरा बारिश का पानी। अमृत विचार

बरसात से सड़कों पर फिर जलभराव

पिछले कुछ दिनों से इंद्र देव जिले पर मेहरबान है। शहर से लेकर जिले भर में हर दिन कुछ देर के लिए कहीं ज्यादा तो कहीं कम, मगर बरसात जरूर हो रही है। यह क्रम मंगलवार को भी जारी रहा। शहर में सुबह के समय हुई बारिश से शहर के निचले मोहल्लों से लेकर प्रमुख सड़कों पर जलभराव हो गया। सौजन्या तिराहा से लेकर डान बास्को स्कूल एवं ओवरब्रिज के ओग सीतापुर रोड पर पानी भरने से लोगों को आवागमन में दिक्कत उठानी पड़ी।

कुछ देर की बारिश से ही सड़क बन गई तालाब

नाले नालियों के गंदगी से पटे होने की वजह से थोड़ी देर भी बरसात होने से सड़क पर पानी भर जाता है, जिसको निकलने में घंटों लग जाते हैं। ऐसे में जिला मुख्यालय पर कामवश आने वाले राहगीरों को नालों के गंदे पानी से होकर निकलना पड़ रहा है।

नशे में धुत पशु चिकित्सक का विभाग ने वेतन रोका

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ सीवीओ के स्पष्टीकरण का अब तक नहीं दिया जवाब

अमृत विचार: पशु चिकित्सा विभाग की छवि धूमिल करने वाले पशु चिकित्सक के खिलाफ पांच दिन का वेतन रोकने की कार्रवाई हुई है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी की ओर से की गई यह कार्रवाई विभागीय लोगों के गले नहीं उतर रही है। इनका है कि नशे में धुत पशु चिकित्सक ने न तो अपने मान सम्मान का ख्याल रखा और न ही पशु चिकित्सा विभाग का। विभागीय लोगों के मुताबिक डॉक्टर की ऊंची पहुंच के चलते ही कार्रवाई करने से जिम्मेदार बच रहे हैं।

बिजुआ ब्लॉक के पड़रिया तुला कस्बा स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय के चिकित्साधिकारी डॉ. सुभाष कुमार का अस्पताल के बरामदे में नशे में धुत बैठे होने का वीडियो गत माह वायरल हुआ था। इस दौरान न तो वह पैंट पहने थे और न ही जूते। वायरल वीडियो में हरकतों से पशु चिकित्सा विभाग की छवि काफी धूमिल हुई थी। इस पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने नाराजगी जताकर कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत कराना बताया था। मगर, कार्रवाई के नाम पर स्पष्टीकरण तलब कर मात्र पांच दिन का वेतन रोका जाना विभागीय लोगों की समझ से परे हैं। पशु चिकित्सकों से लेकर अन्य कर्मचारियों का कहना है कि डॉ. सुभाष कुमार का यह कोई पहला मामला नहीं है। कई बार उनके प्रकरण हो चुके हैं। इस बार तो उन्होंने सारी हदें ही पार कर दी। विभागीय लोगों के मुताबिक स्पष्टीकरण का जवाब न देना भी अनुशासनहीनता है। अधिकारी सख्त कार्रवाई करने से बच रहे हैं।

अमृत विचार में प्रकाशित खबर की पीडीएफ

> वीडियो वायरल होने के बाद पड़रिया तुला के पशु चिकित्सालय का निरीक्षण किया था। पांच दिन अनुपस्थित मिलने पर डॉक्टर से स्पष्टीकरण तलब करने के साथ पांच दिन का वेतन रोंक दिया गया है। हालांकि स्पष्टीकरण का अभी जवाब नहीं दिया है।
>
> –सोमदेव सिंह चौहान, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी

पुलिया जाम होने की 1076 पर की शिकायत

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचार: कुम्भी ब्लॉक की ग्राम पंचायत बैदाखेड़ा में नियमित सफाई न होने से पुलिया जाम होने के कारण गांव में हो रहे जल भराव की शिकायत गांव के मनोज कुमार ने मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल 1076 पर कर पुलिया सफाई कराए जाने की मांग की है।

ग्राम बैदाखेड़ा के निवासी मनोज कुमार ने मुख्यमंत्री के पोर्टल 1076 पर ऑनलाइन दर्ज कराई शिकायत में कहा है कि गांव में सिकंद्राबाद रोड पर बनी पुलिया साफ़ सफाई के आभाव में जाम हो गई है, जिससे गांव में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। राहगीरों, ग्रामवासियों, स्कूली बच्चों का आवागमन बाधित हो गया है। जल भराव के चलते जगह जगह गड्ढे हो गए हैं जिसके चलते लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान पवन कुमार से पुलिया साफ़ कराने की कई बार शिकायत की जा चुकी है, किन्तु अभी तक उन्होंने पुलिया की साफ़ सफाई की और ध्यान नहीं दिया है, जिसके चलते जल भराव से ग्रामवासियों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है।

बैदाखेड़ा में घरों में भरा बारिश का पानी। अमृत विचार

बरसात से नगर की सड़कें हुईं जलमग्न

गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार: मंगलवार की सुबह से हो रही बारिश से नगर के कई मार्ग, गली, मोहल्ले जलमग्न हो गए। सिनेमा रोड पर कई घरों, दुकानों में पानी भर गया।

सुबह से लगातार हो रही बारिश से नगर की सिनेमा रोड, मिल डाइवर्जन रोड, मेला मैदान, वीर अब्दुल हमीद मार्केट सहित नगर के कई मोहल्लों की सड़कें जलमग्न हो गई। सिनेमा रोड़, मिल डाइवर्जन रोड की स्थिति तालाब जैसी हो गई। लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया। बारिश के चलते लोगों को घरों, दुकानों से जल निकासी में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। बारिश के चलते बिजली की आपूर्ति भी बाधित रही।

उपलब्धि : डॉ. शिखर को मिला इंडियास बेस्ट डॉक्टर का अवॉर्ड

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ जिरियाट्रिक मेडिसिन के लिए हुए सम्मानित, अवार्ड के लिए पूरे देश से ऑनलाइन हुए चयनित

अमृत विचार: जिला अस्पताल के डॉ. शिखर वाजपेयी को इंडियाज बेस्ट डॉक्टर एक्सीलेंस इन जिरियाट्रिक अवार्ड मिला है। इनका चयन ऑनलाइन देश भर के जिरियाट्रिक फिजिशियन में से हुआ है। इसकी घोषणा डॉक्टर्स डे पर जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में हुई है। जिरियाट्रिक मेडिसिन से जिले के डॉक्टर का सम्मान होने से जिला अस्पताल प्रशासन गौरवान्वित है। सीएमएस सहित अस्पताल स्टाफ ने डॉ. शिखर बाजपेई को शुभकामनाएं दी है।

डॉ. शिखर वाजपेयी।

जिला अस्पताल के जिरियाट्रिक फिजिशियन डॉ. शिखर ने बताया कि सम्मान समारोह डॉक्टर्स डे के अवसर पर एक जुलाई को जयपुर में हुआ है। जिरियाट्रिक मेडिसिन के लिए पूरे देश से चयन ऑनलाइन हुआ। उन्होंने बताया कि सम्मान लेने के लिए जयपुर नहीं जा सका। देशभर से जिला अस्पताल के डॉक्टर का अवार्ड के लिए चयन होने से अस्पताल स्टाफ से लेकर शहरवासियों में खुशी है। मंगलवार को इसकी जानकारी लगते ही जिला अस्पताल के सीएमएस सहित समस्त स्टाफ ने जिले का नाम रोशन करने पर शुभकामनाएं दी हैं। बता दें कि डॉ. शिखर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष शरद वाजपेयी के पुत्र एवं पूर्व चिकित्सक डॉ. जय शंकर वाजपेयी के पौत्र हैं।

आईजी ने कांवड़यात्रा व मोहर्रम की परखी तैयारी

कानून व्यवस्था की समीक्षा कर आईजी ने किया पौधरोपण, अफसरों को दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: लखनऊ परिक्षेत्र के आईजी प्रशांत कुमार ने मंगलवार को पुलिस लाइन सभागार में जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा की। साथ ही आगामी श्रावण मास को लेकर कांवड यात्रा और मोहर्रम को लेकर अब तक सुरक्षा संबंधी की गई तैयारियां परखी और जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

सोमवार की देर शाम लखीमपुर पहुंचे एसपी सीधे थाना संपूर्णानगर पहुंचे थे। उन्होंने भानपुर खजुरिया में हार्डवेयर व्यापारी कृष्ण कुमार सेठी की हत्या के मामले में पुलिस से जानकारी ली। अब तक हुई कार्रवाई और खुलासे की प्रगित की समीक्षा की थी। मंगलवार को उन्होंने पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर कानून व्यवस्था की समीक्षा की। आगामी त्यौहार मुहर्रम, श्रावण मास, कांवड़ यात्रा व मोहर्रम को लेकर तैयारियों की जानकारी ली। आईजी ने कहा कि कांवड यात्रा व मुहर्रम त्यौहार में निकलने वाले जुलूस, उनके मार्ग आदि की अभी से समीक्षा कर लें। पीस कमेटी की मीटिंग आदि को लेकर भी जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छोटी काशी गोला-गोकर्णनाथ में श्रावण मास व कांवड़ यात्रा के दौरान भारी भीड़ रहती है। श्रद्धालुओं की सुविधाओं एवं कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराये जाने के लिए उन्होंने बिंदुवार चर्चा कर दिशआ-निर्देश दिए। कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण तथा नये कानून आदि की समीक्षा कर जरूरी जानकारी दी। बैठक में एसपी गणेश प्रसाद साहा, एएसपी पूर्वी पवन गौतम, एएसपी पश्चिमी नैपाल सिंह के अलावा सभी सीओ, मुख्य अग्निशमन अधिकारी आदि मौजूद रहे। बैठक के बाद आईजी ने पुलिस लाइन में परिसर में पौधरोपण किया गया।

पुलिस लाइन में पौधरोपण करते आईजी लखनऊ प्रशांत कुमार। अमृत विचार

नपं व पालिका में अपात्र आवास लाभार्थियों की सूची की गई चस्पा

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार: पीएम आवास योजना (शहरी) का अंतिम चरण चल रहा है। इसके तहत अपात्र लोगों की सूची नगर पालिका व पंचायत के सूचना पट पर चस्पा कर आपत्तियां मांगी गई हैं। डूडा पीओ डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि नगर पंचायत मैलानी के चार, धौरहरा के चार एवं निघासन के सात, नगर पालिका परिषद मोहम्मदी के सात, लखीमपुर के 120, गोला के 39 अपात्र लाभार्थियों की सूची सूचना पट पर चस्पा कराई गई हैं। लाभार्थी इस संबंध में अपनी आपत्ति नगर पालिका परिषद एवं पंचायत से लेकर डूडा कार्यालय पर दे सकते हैं।

लखनऊ में खुला निकाय अध्यक्ष परिषद का दफ्तर

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: स्थानीय निकाय अध्यक्ष परिषद उत्तर प्रदेश के कार्यालय निराला नगर लखनऊ में खुल गया है। मंगलवार को परिषद के संरक्षक मो. रईस अंसारी और प्रदेश अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया।

उद्घाटन कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद संडीला- हरदोई के अध्यक्ष और परिषद के संरक्षक मो. रईस अंसारी ने कहा कि इस कार्यालय के खुल जाने से दूर दराज से लखनऊ आये अध्यक्षों को काफी सुविधा मिलेगी। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश के नगर निकाय अध्यक्षों की तमाम छोटी-बड़ी समस्याओं का समाधान इस कार्यालय के माध्यम से किया जाएगा और कार्यालय में अध्यक्षगणों के लिये तमाम जरूरी प्रपत्र व शासनादेश अवलोकन के लिये उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यलय खुल जाने से परिषद और अच्छे ढंग से कार्य करने में सफल होगा। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष गोला विजय कुमार शुक्ला रिंकू, नगर पंचायत मैलानी अध्यक्ष कीर्ति महेश्वरी व मीडिया प्रभारी हदय कुमार श्रीवास्तव सहित कई अन्य ने भी विचार रखे।

लखनऊ में कार्यालय का उद्घाटन करते संरक्षक मो. रईस अंसारी और प्रदेश अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव। अमृत विचार

जल्द हत्याकांड का खुलासा करेगी पुलिस: आईजी

संपूर्णानगर पहुंचे आईजी ने घटनास्थल का किया निरीक्षण, आईजी बोले, किसी परिचित ने दिया घटना को अंजाम

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: थाना संपूर्णानगर क्षेत्र के गांव भानपुर खजुरिया निवासी व्यापारी कृष्ण कुमार सेठी उर्फ बबलू हत्याकांड का चार दिन बाद भी खुलासा न होने से लोगों में भारी रोष है। सोमवार की देर शाम आइजी लखनऊ जोन प्रशांत कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि घटना को किसी परिचित ने अंजाम दिया है। घटना को कारित करने वालों को जल्द गिरफ्तार कर पुलिस मामले का खुलासा करेगी।

शनिवार की रात गांव भानपुर खजुरिया निवासी हार्डवेयर व्यापारी कृष्ण कुमार सेठी की हत्या कर दी गई थी। उनका शव कमरे के अंदर उनके ही बिस्तर पर पड़ा बरामद हुआ था। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी। घटना के खुलासे के लिए एसपी ने सीओ पलिया के नेतृत्व में तीन टीमें लगाई हैं, जो कि मामले की जांच कर रही है। सोमवार की देर शाम पहुंचे आईजी प्रशांत कुमार ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया। घटना की जांच और प्रगति के बारे में भी पुलिस ने जानकारी ली, लेकिन हत्या किसने और क्यों की इसका अभी तक पता नहीं चल सका है। आईजी ने बताया कि हत्यारे घर में जिस ढ़ंग से घुसे हैं। उससे साफ है कि वह व्यापारी के परिचित थे। घर में जाने का का कोई दूसरा रास्ता नहीं है। हत्या किसने और क्यों की गई है। उस पर पुलिस की टीमें अपना काम कर रही हैं। मृतक हार्डवेयर व्यापारी के फोन से कॉल डिटेल निकाली गई है। उसके डेटा की जांच की जा रही है। जल्द ही हत्या की परतें खुलेंगी और घटना का अनावरण करेगी। उन्होंने कहा कि अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।निरीक्षण के दौरान आईजी के साथ एसपी गणेश प्रसाद साहा, एसओ निराला तिवारी, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष ऋषिकेश सिंह सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे। उधर चीर दिन बीत ने के बाद भी खुलासा न होने से व्यापारियों के साथ ही गांव के लोगों में भारी रोष पनप रहा है।

भानपुर खजुरिया में व्यापारियों और पुलिस से वार्ता करते विधायक रोमी साहनी।

विधायक ने भी हत्याकांड की ली जानकारी

लखीमपुर खीरी। पलिया विधायक रोमी साहनी भानपुर खजुरिया पहुंचे। उन्होंने व्यापारियों से हाईवयर व्यापारी की हत्या मामले की जानकारी ली और घटनास्थल देखा। विधायक ने पुलिस ने घटना का जल्द से जल्द खुलासा करने और दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करने को कहा है। इस दौरान बड़ी संख्या में व्यापारी भी मौजूद रहे।

व्यापारी को नेपाल पुलिस ने पकड़ा

पलिया कलां, अमृत विचार: नेपाल के धनगढ़ी कस्टम कार्यालय से नीलामी के माल में प्रतिबंधित गुटखा आदि छिपाकर ले जा रहे सामान को नेपाल की सशस्त्र पुलिस ने बरामद करते हुए पलिया के व्यापारी को हिरासत में लिया है। पलिया निवासी विशाल कुमार धनगढ़ी, कैलाली, नेपाल के कस्टम कार्यालय से नीलामी में सामान खरीद कर वहीं के व्यापारियों को बेचने का काम करते हैं। सोमवार को जब वह धनगढ़ी कस्टम कार्यालय से नीलामी का सामान दो रिक्शों में भरकर ले जा रहे थे तो नेपाल पुलिस ने उसे उतरवाकर कागजातों से सामान चेक कराया। जिसमें उसके अंदर लगभग 265 पैकेट बीड़ी आदि बरामद हुई।

हाथ गंवाने वाले बालक को दो लाख की मदद

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: जिले में एक बच्चा बहादुरी की मिसाल पेश करते हुए बिना डरे मगरमच्छ से लड़ गया, हालांकि कई मिनट तक मगरमच्छ से हमले में बच्चे को अपना एक हाथ गंवाना पड़ा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने त्वरित संज्ञान लिया और बच्चे के इलाज के लिए दो लाख रुपये की आर्थिक मदद की स्वीकृति दे दी। मंगलवार को डीएम के निर्देश पर एसडीएम निघासन राजीव निगम और एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह ने पीड़ित परिवार की हर संभव मदद करने के लिए भी आश्वस्त किया। साथ ही मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से जारी दो लाख का चेक प्रदान किया।

पीड़ित बच्चे और उसकी मां को चेक सौंपते अधिकारी। अमृत विचार

▸▸ सीएम ने लिया त्वरित संज्ञान, पीड़ित की मां को एसडीएम ने सौंपा चेक

सिंगाही थाना क्षेत्र के ठाकुरपुरवा मजरा बंगलहा तकिया निवासी सोमबारी का 11 साल का बेटा संकित कुमार शुक्रवार को अपनी मां के साथ घास लेने गांव के किनारे गया था। संकित जैसे ही तालाब के पास पहुंचा तो तालाब में छिपे एक विशालकाय मगरमच्छ ने उसे दबोच लिया। ये देख संकित की मां के होश उड़ गए और जोर-जोर से शोर मचाना शुरू कर दिया। पड़ोस में पड़े एक डंडे से भी मगरमच्छ को पीटने लगी, लेकिन मगरमच्छ संकित को तालाब में खींचता रहा।

बाढ़ से बचाव के लिए शीघ्र कर ली जाएं सारी व्यवस्थाएं

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।

अमृत विचार: राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन ने लखीमपुर खीरी और पीलीभीत जिले में वर्षा काल से पूर्व शारदा नदी की बाढ़ से किसानों की फसलें और ग्रामों को बचाने के लिए प्रधानमंत्री, जलशक्ति मंत्री, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने बताया कि 25 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम लखीमपुर खीरी के रहे डीएम महेंद्र बहादुर सिंह को ज्ञापन देने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा है और जिले की नवागत डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल पर भरोसा जताया है। उनका कहना है कि नेपाल राष्ट्र से प्रवाहित हो रही शारदा नदी नेपाल में महाकाली के नाम से जानी जाती है। इस नदी पर नेपाल राष्ट्र ने भारत सरकार को विश्वास में लिए बिना कई बांध बना दिए हैं। वर्षा काल में बिना सूचना के नेपाल सरकार द्वारा नदी से पानी छोड़ दिया जाता है जिससे प्रतिवर्ष पीलीभीत के ट्रांस शारदा क्षेत्र टाटरगंज आदि, लखीमपुर जिले का खजुरिया, संपूर्णानगर, निघासन, पलिया कलां, भीरा, बिजुआ, फूलबेहड श्रीनगर, रामनगर कलां आदि क्षेत्रों के हजारों किसानों की हजारों एकड़ फसलें नष्ट हो जाती हैं और समूचे गांव पानी में डूब जाते हैं।

▸▸ प्रधानमंत्री, जलशक्ति मंत्री व उत्तराखंड के मुख्यमंत्री को भी भेजा ज्ञापन

पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने कहा है कि पीलीभीत जिले में 22 किलोमीटर लंबा शारदा सागर बांध बना हुआ है जो उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में भी है यह बांध कच्ची मिट्टी का बना हुआ है जिससे थोड़ी दूर ही शारदा नदी प्रवाहित हो रही है।

गृहस्वामी को गोली मारने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, भीरा

अमृत विचार: घर में घुसकर चोरी कर रहे एक आरोपी ने पकड़े जाने पर मकान मालिक को गोली मारकर घायल करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनका मंगलवार को चालान भेजा गया है।

प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि 30 जून की रात ग्राम गोंधिया निवासी सरदार सुखविंदर सिंह के घर चोरी की नीयत से चोर घुस गए थे। खटपट की आवाज पर मकान मालिक सुखविंदर सिंह की आंख खुल गई थी। उन्होंने शोर मचाते हुए एक चोर को दबोच लिया था। इस पर चोर ने उन पर गोली चला दी थी, जिससे वह घायल हो गए थे। इसके बाद भी उन्होंने चोर को नहीं छोड़ा था। गोली लगने से घायल सुखविंदर सिंह का उपचार चल रहा है। पुलिस ने मौके पर पकड़े गए विराज कुमार उर्फ नेता को नामजद कर अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ करने के बाद अन्य आरोपियों की तलाश में जुट गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मंगलवार को एसआई चेतन तोमर बस्तौला चौराहे के पास से अरुण कुमार और राजेंद्र यादव निवासी नौरंगाबाद थाना भीरा को गिरफ्तार कर लिया।

ऑटो रुकवाकर युवक शारदा में कूदा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: ई-रिक्शा से जा रहे एक युवक ने मंगलवार को थाना खीरी क्षेत्र में स्थित रमही पुल पर ई-रिक्शा रुकवाया और दौड़कर पुल से शारदा नहर में छलांग लगा दी। इससे वहां हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन-फानन में उसे बेहोशी की हालत में बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

सीतापुर जिले के थाना लहरपुर के गांव शाहपुर निवासी कलीम (22) पुत्र सामून अपनी भतीजी के साथ ई-रिक्शा पर सवार होकर दवा लेने जा रहा था। पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर रमही कॉलोनी के निकट पुल के पास उसने चालक से लघुशंका जाने का बहाना बताकर ई-रिक्शा रुकवाया। उतरने के बाद उसने दौड़ लगा दी और पड़ोस स्थित शारदा नहर में छलांग लगा दी। यह देख वहां हड़कंप मच गया। तमाम लोग मौके पर जमा हो गई। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचती। इससे पहले ही कुछ लोग नहर में कूद पड़े और करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद डूब रहे कलीम को बेहोशी की हालत में बाहर निकाला। मौके पर पहुंची पुलिस ने हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

शारदा नहर से युवक को बाहर निकालते ग्रामीण व जुटी लोगों की भीड़।

▸▸ ग्रामीणों ने युवक को बाहर निकाला, अस्पताल में भर्ती

रामपुर में घर में घुसकर की चोरी

रोशननगर। अमृत विचार: मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर डाटपुर में रात चोरो ने घर में घुसकर हजारों की चोरी कर ली है। सूचना पुलिस को दे दी गई है। रामपुर निवासी मुकेश बाजपेई के यहां चोरो ने सीढ़ी लगाकर खिड़की के होल से घुस कर संदूक से एक जोड़ी झाला, एक जोड़ी झुमकी, एक हार, चार अगूंठी, दो पायल, 14000 रुपये नकद बटोर ले गए। गृहस्वामी जब सुबह जागे तो घर के अंदर सामान बिखरा देखकर वह दंग रह गए। उन्होंने चोरी की सूचना 112 नम्बर, संसारपुर पुलिस चौकी को दी। पीड़ित की तहरीर मिलने के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज होने की पुष्टि नहीं की है।

वार्षिकोत्सव में पुरस्कार पाकर खिले बच्चों के चेहरे

संवाददाता, सिंगाही (खीरी)

अमृत विचार: इंडो नेपाल सीमा के गांव किशन नगर में थारू जनजाति के बच्चों के भविष्य को लेकर विद्या वृक्ष के नाम से चलाई मुहिम का आज वार्षिकोत्सव मनाया गया। बच्चो ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मौजूद लोगों का मन जीत लिया। संचालन तारिणी खुराना ने किया।

बदा दें कि किसान विक्रम भल्ला ने एक वर्ष पूर्व किशन नगर में विद्या वृक्ष नाम से एक स्कूल शुरू किया था। मंगलवार को एक वर्ष पूरा होने पर भल्ला फार्म हाउस पर धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. एनयू खान ने कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान से किया। बच्चों ने देशभक्ति गीत, कविता, भाषण आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सभी बच्चों को मेडल देकर पुरुस्कृत किया गया। आयोजक विक्रम भल्ला ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षित करना ही मेरा सपना है। नीति खुराना वा नीरा बीपी भल्ला ने कहा कि एसोसिएशन ऑफ फोर्टी वन क्लब ऑफ इंडिया के वाइस चेयरमैन पंकज वत्स ने दस ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध कराए जो इलाके के चिकित्सकों को मुफ्त में दिए जाएंगे। इस मौके पर निघासन सीएचसी प्रभारी पीके रावत, रघुनगार एसएसबी, कृष्णा नगर एसएसबी के जवान व क्षेत्रीय वनाधिकारी भूपेंद्र सिंह ने वन महोत्सव के अंतर्गत पौधरोपण किया। इस मौके पर वन दरोगा हरीलाल, वन्य जीव रक्षक श्याम सिंह, जंगबहादुर राना, गांधी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अजय कुमार गुप्ता, सुनील बत्रा, इमरान खां, कन्हैया अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, चीनू अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी वर्मा आदि मौजूद रहे।

धूमधाम से विद्यालय का वार्षिकोत्सव मनाते बच्चे। अमृत विचार

व्यापारी के बेटे का बाइक सवारों ने किया अपरहण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: शहर से सटे गांव पहाड़ापुर में घर के बाहर साइकिल चलाना सीख रहे व्यापारी के 12 साल के बेटे को बाइक सवार दो बदमाशों अगवा कर लिया। अंकुश ने एक बदमाश के हाथ में काटते हुए शोर मचाया। इस पर बदमाश उसे छोड़कर भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पहाड़ापुर निवासी कृष्णा विश्वकर्मा लोहे के व्यापारी हैं। उनका 12 साल का पुत्र अंकुश देर शाम घर के बाहर सड़क पर साइकिल चलाना सीख रहा था। तभी खीरी की ओर से बाइक पर सवार दो युवक आए और मुंह दबाकर उसे बाइक पर बैठाकर राजापुर की ओर भागने लगे। अंकुश ने किसी तरह एक बदमाश के हाथ में जोर से काट लिया। इस पर बदमाशो ने गाड़ी रोक दी। बाइक रुकते ही अंकुश मौके से शोर मचाता हुआ चौराहे की ओर भागा। इस पर दोनों बदमाश मौके से भाग निकले। उसका भागते हुए फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद होने की पुष्टि पुलिस ने की है। परिजन बेटे को लेकर राजापुर पुलिस चौकी पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी।

महिलाओं को आजीविका मुहैया कराने में कारगर हैं समूह : डीएम

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सूक्ष्म, वित्त एवं वित्तीय समावेशन को लेकर कार्यशाला हुई। इसका शुभारंभ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने पूजन कर किया।

डीएम ने कहा कि महिलाओं को सशक्त और स्वावलंबी बनाने के लिए महिला स्वयं सहायता समूह का संचालन कराया जा रहा है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह को सशक्त बनाने में बैंकर्स अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। समूह गठन के बाद उनके खाते खोलने, रिवाल्विंग फंड, सीसीएल में उन्हें सुविधाएं दिलाएं। समूहों के सशक्त, स्वावलंबी बनने में बैंक बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि एनआरएलएम योजना का कार्य गांव के गरीब परिवार की महिलाओं को जोड़कर समूह बनाकर उनको आजीविका के क्षेत्र में कार्य कराकर उनकी आजीविका संवर्धन कराना है। उन्होंने कार्यशाला में आए लोगों से कहा कि सिर्फ लोन लेने तक सीमित न रहकर उससे पैसा कमाकर आत्मनिर्भर बने। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की आर्थिक आवश्यकता अत्यंत छोटी-छोटी होती है, जिसे माइक्रो फाइनेंस के माध्यम से सरलतापूर्वक पूरा किया जा सकता है।

कार्यशाला में बोलतीं जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी। अमृत विचार

रंजिशन मारपीट में दो पर रिपोर्ट

गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र में रंजिशन हुई मारपीट में दो लोगों पर गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

क्षेत्र के ग्राम आलियाबाद निवासी संजय कुमार पुत्र नत्थूलाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 30 जून की देर रात 11बजे गांव निवासी अमर सिंह पुत्र अशर्फी, गोला निवासी लल्लू ने उसके भाई दिनेश कुमार पुत्र नत्थूलाल को रजिशन मारपीटा और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

मै **बालकृष्ण शर्मा पुत्र स्व0 चन्द्रभूषण शर्मा, निवासी–6/454, सेक्टर–6, विकास नगर, लखनऊ उ0प्र0**, मै सूचित करता हूँ कि मेरे इसी मकान उ0प्र0 आवास विकास द्वारा की गई मेरे नाम की रजिस्ट्री व अन्य दस्तावेज कहीं खो गये है। मैने आज तक अपनी मूल रजिस्ट्री पर कहीं भी किसी प्रकारण का ऋण आदि नहीं लिया है।

सूचना

सूचित हो कि मै **सत्यप्रकाश पुत्र घासीराम, निवासी– नेहरू नगर सिकन्दरपुर थाना व तहसील जिला छिबरामऊ, कन्नौज**, मेरे पुत्र अंकित कुमार व उसकी पत्नी शिवानी जो कि अपराधिक किस्म के व्यक्ति है जिनका चाल–चलन खराब हो गया तथा आये दिन उक्त दोनों अनैतिक कार्य करते रहते है व आपस में लड़ते झगड़ते रहते है। मेरी कोई बात मानने को तैयार नहीं है उनके इन कृत्यों से तंग आकर अपने पुत्र अंकित कुमार तथा उसकी पत्नी शिवानी को अपनी समस्त चल– अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अपने किये गये कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगे। मेरे व मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

सूचना

सूचित हो कि मैं **सलीम उम्र 46 साल पुत्र वसीर, निवासी–ग्राम– रेउसा, थाना– रेउसा, पो0– रेउसा तहसील बिसवां, जिला– सीतापुर** मैने अपने पुत्र मेहताब आलम को इनके गलत चाल चलन के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है इन के द्वारा किये गये कृत्यों व लेन देन से मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 28.1. 2021 को कचहरी जाते समय मूल बैनामा संख्या 2099, बही सं– 01, जिल्द संख्या– 1901, पृष्ठ संख्या– 117 से 146, बैनामा दिनांक– 10–04–2003 वास्तव में कहीं खो गया है। जिस किसी को उक्त बैनामा कागजात मिले वह निम्न पते पर सूचित करे। यदि कोई भी व्यक्ति उक्त कागजात का उपयोग करता है तो वह अवैध माना जाएगा। **–प्रदीप कुमार सोनी, निवासी– 3/21/155, अंगूरीबाग, दिल्ली दरवाजा फैजाबाद, अयोध्या**

सार-संक्षेप

फॉलवर की हालत बिगड़ी लखनऊ में मौत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार: कोतवाली तिकुनिया में तैनात फॉलवर रामछवि मिश्रा की अचानक तबियत खराब हो गई। परिवार वाले उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां पर हालत में सुधार नहीं हुआ। इस पर डॉक्टर ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया, जहां उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक तिकुनिया मनोज कुमार ने बताया कि बहराइच निवासी राम छवि मिश्रा फॉलवर के पद पर कोतवाली में तैनात थे। पहली जुलाई की सुबह उनकी अचानक तबीयत खराब हो गई। पुलिस ने फॉलवर को अस्पताल में भर्ती कराया और परिवार वालों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिवाल वाले प्राथमिक उपचार के बाद फॉलवर को जिला अस्पताल ले गए, लेकिन उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। जिस पर परिवार के लोग उन्हें लखनऊ ले गए और बलरामपुर कैसरबाग लखनऊ अस्पताल में भर्ती कराया, जहां आधी रात उपचार के दौरान फॉलोवर की मौत हो गई। मौत की खबर फॉलवर के बेटे ने कोतवाली तिकुनिया पुलिस को दी। मौत की खबर आते ही महकमें में शोक की लहर दौड़ गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

राम छवि मिश्रा (फाइल फोटो)

देवी-देवताओं पर की अभद्र टिप्पणी, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार : सोशल मीडिया पर हिंदू देवी–देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोपी को सदर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने भाजयुमो जिलाध्यक्ष की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष राम पांडेय ने बताया कि सोशल मीडिया फेसबुक व इंस्टाग्राम पर मोहम्मद आसिफ के नाम से बनी आईडी से हिंदू समाज व सनातन समाज के देवी देवताओं के खिलाफ अपमानजनक शब्द कई महीने से पोस्ट किए जा रहे हैं। इससे लोगों में भारी आक्रोष है। आरोप है कि आरोपी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी अमर्यादित टिप्पणी की है। इससे हिंदू समाज की भावनाएं आहत हुई है। प्रभारी निरीक्षक सदर ने बताया कि भाजयुमो जिलाध्यक्ष की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ नए कानून की धारा 196, 299, 353 (2) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। वह थाना फूलबेहड़ क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

बिजली व रेलवे की समस्याओं को लेकर डीएम से मिले व्यापारी

जिलाधिकारी को ज्ञापन देते नगर व्यापार मंडल पदाधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार : नगर व्यापार मंडल कंछल गुट के प्रतिनिधिमंडल ने नगर की बिजली व्यवस्था को सुचारु करने व मैलानी–पलिया–नानपारा के मध्य बड़ी रेल लाइन का निर्माण कराए जाने तक पूर्व की भांति नौ जोड़ी ट्रेन चलाए जाने को लेकर प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन नवागत डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को लखीमपुर जाकर सौंपा। ज्ञापन देते समय जिला उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री अमित महाजन, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष पलिया गौरव गुप्ता, महामंत्री राजीव शुक्ला आदि व्यापारी नेता मौजूद रहे।

भाजयुमो ने राहुल गांधी का फूंका पुतला, नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार : संसद में हिंदुओं के खिलाफ दिए गए विवादित बयान पर भाजयुमो ने कड़ा विरोध जताया है। मंगलवार को शहर के प्रमुख श्रीराम चौराहा पर राहुल गांधी का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की। संसद में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हिंदुओं को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। इससे भाजयुमो कार्यकर्ताओं समेत तमाम हिंदू संगठनों के लोग भड़क उठे और उनमें काफी रोष है। मंगलवार की शाम करीब पांच बजे भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम पांडेय के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ता श्री राम चौराहा पर एकत्र हुए और राहुल गांधी का पुतला फूंका। राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि भारत के हिंदुओं का अपमान नहीं सहा जाएगा। इस मौके पर विकास शुक्ला, पीयूष बाजपेई सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सिख समुदाय के लोगों ने गुरुद्वारे में की बैठक

संवाददाता, मूड़ा सवारान। अमृत विचार : रविवार की रात गांव गोंधिया निवासी सुखविंदर सिंह के झाले पर घुसे कुछ लोगों ने गृह स्वामी सुखविंदर सिंह को गोली मार दी थी। जिसमें पकड़े गए एक आरोपी ने बताया कि सुखविंदर सिंह को जान से मारने की सुपारी मिली थी। लेकिन पुलिस ने हत्या की नियत से आए हत्यारों का चोरी में चालन भेजा है। ग्रंट नंबर तीन के निवासी लखविंदर का नाम सामने आया है जिसकी गिरफ्तारी न होने पर मंगलवार को गोंधिया गुरुद्वारा में हुई बैठक में सिख समुदाय के लोग पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है। संगत में तय हुआ कि यदि पुलिस मनमाना रवैया अपनाती है तो बुधवार को एकजुट होकर डीएम, एसपी से न्याय की गुहार लगाएंगे। गोली लगने से घायल हुए सुखविंदर सिंह के छोटे भाई ने बताया कि पकड़े गए एक आरोपी बीराज यादव ने बताया है कि कुछ लोग उनके घर में रविवार रात उनके भाई को जान से मारने की नीयत से घुसे थे, लेकिन पुलिस ने मामले को घुमाते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी में चालान भेज दिया है। मंगलवार को सिख समुदाय के दर्जनों लोगों ने गोंधिया गुरुद्वारा में एकत्रित होकर सिख संगत कर निर्णय लिया गया कि यदि भीरा पुलिस इसी तरह से मनमाना रवैया अपनाती रही तो बुधवार को उच्चाधिकारियों से मिलकर अपनी बात रखेंगे।

किशोरी को लेकर युवक फरार

संवाददाता, भीरा खीरी। अमृत विचार : थाना क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को पड़ोसी कुंदन सिंह बहला फुसलाकर भगा ले गया है। उन्होंने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

फिर कटान का खतरा मंडराने से सहमे लोग

चंपापुरवा व रविदास नगर बस्ती के सामने होती है कटान, लेखपाल बोले- दोनों कटान स्थलों की रिपोर्ट भेजी जाएगी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। बाढ़ के दिनों में शक्ति नगर से लेकर रविदास नगर तक तेजी से कटान होती है, जिसे रोकने के लिये सिंचाई विभाग की ओर से रविदास नगर के सामने जिओ बैग लगाये गये थे, इस पर अधिकांश जिओ बैग फट गये हैं और उनकी बालू निकल गई। इस बार बाढ़ के दिनों में बस्ती के सामने कटान हो सकता है। इसी तरह चंपापुरवा गोताखोर बस्ती के सामने भी कई सालों से रुक-रुक कर कटान हो रहा है। बाढ़ आने वाली है, इसके बावजूद जिला प्रशासन की ओर से कटान रोकने लिये कोई प्रबंध नहीं किये गये हैं।

रविदास नगर बस्ती के सामने कटान रोकने के लिये तीन साल पहले बैराज यांत्रिक खंड और उन्नाव शारदा नहर सिंचाई खंड ने जिओ बैग लगाये थे। विभाग ने जिओ बैग लंबे समय तक चलने की बात कही थी लेकिन पिछले वर्ष ही जिओ बैग फट गये थे। जिसके बाद उन्नाव शारदा नहर ने नई तकनीक का सहारा लेते हुये बस्ती के सामने से तीन सौ मीटर दूरी तक नये और मजबूत जिओ बैग डालने के साथ ही परक्यूपाइप का कार्य कराया था। अब पुराने जिओ बैग तीन साल के भीतर ही पूरी तरह से जगह-जगह फट चुके हैं। मानक विहीन डाले गये जिओ बैग खरीद पर भी सवाल उठने लगे हैं। इसी तरह से सिंचाई विभाग ने कटान रोकने के लिये करोड़ों का खेल किया है। वहीं पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में भारी बारिश हो रही है। जिससे गंगा का जलस्तर बढ़ने पर बस्ती के सामने एक बार फिर कटान चालू हो सकती है, लेकिन अभी तक जिम्मेदारों ने कटान रोकने के लिये कोई ठोस कदम नहीं उठाया है और न ही कटान स्थल का अधिकारियों ने जायजा लिया। ऐसे में बाढ़ के दिनों में एक बार फिर बस्ती में रहने वाले लोगों को कटान का दंश झेलना पड़ सकता है। इस बावत लेखपाल अशोक सैनी ने बताया कि दोनों स्थानों की कटान की रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौपेंगे।

चंपापुरवा बस्ती के सामने पूर्व में हुई कटान। अमृत विचार

रविदास नगर बस्ती के सामने फटे जिओ बैग। अमृत विचार

लाखों की कीमत के डाले गये थे जिओ बैग

दो साल पहले नई तकनीक के तहत शारदा नहर उन्नाव की ओर से लगभग 50 हजार कीमत के 56 जिओ बैग डाले गये थे। जो कटान रोकने में कारगर साबित हुये थे, लेकिन इस बार कई जिओ बैग फट गये हैं। जिससे बाढ़ के दिनों में बस्ती के सामने कटान हो सकता है।

चंपापुरवा के सामने भी हो रही है कटान

चंपापुरवा, गोताखोर बस्ती के सामने कई सालों से धीरे-धीरे कटान होती चली आ रही है, दर्जनों किसानों की भूमिधरी जमीन कट कर गंगा में समा चुकी है। इसके बावजूद जिम्मेदारों ने अभी तक कटान रोने के लिये कोई उपाय नहीं किया। जिससे इस बार बाढ़ आने पर बस्ती तक कटान पहुंच सकती है।

खुले में बेची जा रही मछली, ईओ ने जताई नाराजगी, पर्दा लगाने को कहा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- बारिश के पानी के बहाव से हुई कटान की भी स्थिति देखी
- अतिक्रमणकारियों से कहा कि अतिक्रमण खुद ही हटा लें अन्यथा कार्रवाई होगी

अमृत विचार। मंगलवार को जन समस्याओं को देखते हुये नगर पालिका गंगाघाट के अधिशाषी अधिकारी ने नगर का भ्रमण किया। जहां खुले में मछली बिक रही थी, जिस पर विक्रेताओं को चेतावनी दी। इसके साथ ही अतिक्रमणकारियों को भी चेताया। वहीं बारिश के पानी के बहाव से हुये कटान की भी स्थिति देखी।

मंगलवार दोपहर नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा, एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला, सभासद अतुल अग्निहोत्री, नंद किशोर मिश्रा, अखिलेश निषाद, प्रद्युम्न मिश्रा आदि के साथ भ्रमण पर निकले। जहां उन्हें बालूघाट मोड़ से लेकर गायत्री मंदिर तग जगह-जगह फुटपाथ पर अतिक्रमण दिखाई पड़ा। उन्होंने अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए। जिसके बाद वह रेलवे पुल के नीचे लगने वाली मछली मंडी में पहुंचे।

पुराने पुल के नीचे पानी के बहाव से धंसी मिट्टी को देखते ईओ। अमृत विचार

वहां खुले में मछली बिकने पर दुकानदारों को चेतावनी दी और सख्त लहजे में कहा कि यदि दुकानों के चारों ओर पर्दा नहीं लगा तो जुर्माने के साथ चालान किया जायेगा। वहीं सीताराम कॉलोनी में पुराने यातायात पुल के नीचे बारिश के पानी के बहाव से हुये कटान के चलते लोगों का आना जाना बंद हो गया था। तुरंत जेसीबी से मिट्टी डालकर समतल कराया गया।

एक पेड़ मां के नाम लगाने का दिया संदेश

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। जिले में सोमवार से शुरू हुए वन महोत्सव में पेड़ लगाओं-पेड़ बचाओं, पौधारोपण अभियान के तहत मंगलवार को विकास भवन परिसर में पौधरोपण किया गया, जिसमें एक पेड़ मां के नाम लगाने के अभियान में सीडीओ व परियोजना अधिकारी, जिला विकास अधिकारी एवं प्रभागीय निर्देशक वन विभाग ने विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया।

विकास भवन परिसर में मंगलवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीडीओ प्रेम प्रकाश मीना व परियोजना अधिकारी कमलेश कुमार, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार पांडेय उपस्थित रहे। वन डीएफओ आरुषि मिश्रा ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। जिसमें सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने एक पेड़ मां के नाम लगाने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में आशा हॉस्पिटल हरियाली फाउंडेशन के संचालक एवं वृद्ध आश्रम के संचालक व श्री श्याम कुमारी सेठ निकुंज बालिका इंटर कॉलेज की छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। डीएफओ आरुषि मिश्रा ने पौधरोपण कार्यक्रम में पर्यावरण संबंधी एवं पौधों के महत्व की विशेष जानकारी दी गई। वन विभाग के कर्मचारियों ने आम, अमरुद, नींबू, आंवला, करौंदा, जामुन आदि, के 2500 पौधों का वितरित किया। इस मौके पर एसडीओ संतोष कुमार वर्मा, वन क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ संदीप पारपरिया, रेज प्रभारी सुरेंद्र सिंह, वन दरोगा केपी सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते सीडीओ प्रेम प्रकाश मीना। अमृत विचार

पौधे को पानी देतीं डीएफओ आरुषि मिश्रा।

कार और पिकअप की भिड़ंत में 1 दर्जन लोग हुए घायल

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र में बिल्हौर मार्ग पर ग्राम मदार नगर के निकट कार और पिकअप लोडर की बीच आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और दोनों वाहनों पर सवार करीब एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जनपद जालौन के थाना रेहदर अंतर्गत ग्राम रेदावली निवासी सुंदर लाल अपनी पत्नी सीमा (23) व परिवार की ही मंजू (35) पत्नी रूप सिंह, नीलेशी (27) पत्नी राजेन्द्र व अंकुर (24) पुत्र ठाकुर के साथ कार से बिल्हौर से बांगरमऊ की ओर आ रहा था। जबकि बांगरमऊ की ओर से एक पिकअप लोडर में बैठकर जिला सीतापुर के मोहल्ला पिहानी रोड निवासी पुजारी शंकर पुरी पुत्र दिगंबर प्रसाद पुरी सहित करीब आधा दर्जन महात्मा बिल्हौर की ओर जा रहे थे। रास्ते में मंगलवार को सुबह विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे दोनों वाहनों के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार क्षतिग्रस्त हो गई और पिकअप लोडर क्षतिग्रस्त होकर पलट गया। हादसे में कार सवार मंजू, सीमा, नीलेशी व अंकुर तथा पिकअप लोडर पर सवार पुजारी शंकर पुरी समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि करीब आधा दर्जन यात्रियों को मामूली चोटें आईं। राहगीरों ने आनन-फानन पांचों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखकर पांचों घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

दुर्घटनाग्रस्त कार।

पलटी पड़ी पिकअप।

दो उपनिरीक्षक के कंधों पर 6 हल्कों की सुरक्षा का जिम्मा

पुरवा,उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के कस्बे समेत 6 हल्कों के 80 हजार आबादी की सुरक्षा की जिम्मेदारी दो उपनिरीक्षकों के हवाले है। कोतवाली में तैनात 4 उपनिरीक्षक प्रशिक्षण में भेजे गए है।

प्रभारी निरीक्षक कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र 64 गांव पंचायते आती हैं। कस्बे समेत बिछिया, मंगतखेड़ा, मिर्री कला, चमियानी, त्रिपुरारपुर हलकों में बांटा गया हैं। यह भी बताया कि सब इंस्पेक्टर पद के 45 दिन 15 अगस्त के प्रशिक्षण के लिए एसआई फूलचन्द्र सरोज, अभय तिवारी, शिवपाल सिंह व विनोद सिंह अलग अलग स्थानों पर प्रशिक्षण करने के लिए भेजे गए है। जिससे कोतवाली क्षेत्र के सभी गांवों की सुरक्षा नगर हल्का इंचार्ज सियाराम चौरसिया व बिछिया हल्का इंचार्ज वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश यादव पर है।

उप जिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्र में हुआ बदलाव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। डीएम गौरांग राठी ने एसडीएम हसनगंज आईएएस हिमांशु गुप्ता सहित आठ एसडीएम के स्थानांतरण किए हैं। एसडीएम सदर प्रज्ञा पांडेय सदर तहसील में ही एसडीएम (न्यायिक) का पदभार संभालेंगी, जबकि एसडीएम (न्यायिक) पुरवा यूएन सेंगर को यहीं इसी तहसील का एसडीएम तैनात किया गया है।

बांगरमऊ में एसडीएम (न्यायिक) पद पर तैनात रामदेव निषाद को हसनगंज का एसडीएम बनाया गया है। इसी तरह हसनगंज के एसडीएम (न्यायिक) प्रशांत कुमार को सहायक अभिलेख अधिकारी उन्नाव भेजा गया है। वहीं अब तक इस पद पर कार्यरत रहे डीपी सिंह को एसडीएम (न्यायिक) सफीपुर तबादला हो गया है।

तहसीलदारों का भी हुआ स्थानांतरण

उन्नाव। डीएम गौरांग राठी ने नवांगतुक तहसीलदार राम शंकर द्वितीय को तहसीलदार सफीपुर बनाया है, जबकि सफीपुर में कार्यरत तहसीलदार रामाश्रय अब बांगरमऊ में कार्यभार संभालेंगे। इसी तरह तहसीलदार पुरवा तरुण प्रताप सिंह को हसनगंज की कमान सौंपी गई है। वहीं बांगरमऊ की तहसीलदार साक्षी राय को पुरवा स्थानांतरित किया गया है।

एक दर्जन से अधिक लेखपाल गये गैर तहसील

उन्नाव। डीएम ने एक दर्जन से अधिक लेखपालों को एक से दूसरी तहसील स्थानांतरित कर दिया है। जारी स्थानांतरण सूची में किसी लेखपाल को उसी तहसील में तैनाती नहीं दी गई है।

स्थानांतरण सूची में आनंद कुमार सिंह, मनोज कांत, घनश्याम पांडेय, अखिलेश कुमार पांडेय, मनोज कुमार, सत्येंद्र कुमार त्रिपाठी, राजीव कृष्ण, मनोज कुमार तिवारी, अश्वनी कुमार, अनिरुद्ध मिश्र, रघुराज, सर्वेश कुमार, संतोष कुमार, सुनील कुमार सिंह व मनोज कुमार यादव के नाम शामिल हैं।

स्टेशन पर बाउंड्रीवाल का काम शुरू हुआ

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। गंगाघाट रेलवे स्टेशन का अमृत स्टेशन योजना के तहत कायाकल्प होना है, जिसको लेकर रेलवे ने स्टेशन के पीछे राजीव नगर खंती की ओर दीवार बनाने का काम शुरू करा दिया है। इसके लिये कार्यदायी संस्था ने नींव खोदाई कराने के साथ ही दीवार बनाने के लिये बेस तैयार कर दिया है, जिसके बाद सुंदरीकरण को लेकर अन्य निर्माण कार्य कराये जायेंगे।

रेलवे स्टेशन के कायाकल्प को लेकर पिछले कई माह से काम कराया जा रहा है। गंगाघाट रेलवे स्टेशन को अमृत स्टेशन योजना के तहत प्लेटफार्म चौड़ीकरण के अलावा, पार्किंग, सौंदर्यीकरण, वेटिंग हाल बनाये जाने हैं। जिसको लेकर कई माह से कार्य कराया जा रहा है। इधर राजीव नगर खंती के कई मकान बाउंड्रीवॉल की जद में आ रहे थे, जिसे रेलवे विभाग ने पूर्व में ही ध्वस्त कराकर अपनी जमीन खाली कराई थी। विभागीय कार्य देखकर रेलवे की जमीन में बसे उन लोगों ने राहत ली है, जिनके आशियाना नहीं तोड़े गये थे। ठेकेदार गोपाल की मानें तो बाउंड्री वॉल काम के साथ रेलवे के आवास को भी गिराया जायेगा, जिसके लिए रेलवे कर्मचारियों को नोटिस दी गई है।

राजीव नगर खंती की ओर बाउंड्रीवाल बनाने का होता कार्य। अमृत विचार

परेशानी रोस्टिंग और फेस की समस्या से घंटों बाधित रही बिजली आपूर्ति, लोग गर्मी व उमस से हुए हलकान

गायत्री नगर में एचटी लाइन टूटने से चार घंटे ठप रही बिजली

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। सोमवार रात विद्युत आपूर्ति चालू होने के दौरान गायत्री नगर मोहल्ले में हाईटेंशन लाइन का तार टूट गया, जिससे वहां से गुजर रहे लोग बाल-बाल बच गये। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने मरम्मत कार्य किया। इस दौरान चार घंटे तक फीडर एक की बिजली गुल रही। इसी तरह मंगलवार को भी नगर के अन्य मोहल्लों में हुये फाल्टों के कारण घंटों बिजली गुल रही।

सोमवार रात लगभग पौने दस बजे विद्युत आपूर्ति चालू होने के दौरान गायत्री नगर मोहल्ले में अचानक हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर गिर गया। तार टूटने से वहां से गुजर रहे लोग बाल-बाल बच गये। इसकी जानकारी बिजली विभाग को दी गई। जिस पर क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद कराई गई। जिसके बाद बिजली कर्मी मौके पर पहुंचे और टूटे तार की मरम्मत का कार्य किया। इस दौरान फीडर एक के गायत्री नगर, भातूफार्म, अंबिका पुरम, कंचन नगर, सर्वोदय नगर, आदर्श नगर, मंशा खेड़ा समेत कई मोहल्लों की बिजली आपूर्ति बंद रही। चार घंटा बिजली न आने से हजारों लोग बेहाल रहे। वहीं मंगलवार को भी रहमत नगर, बिन्दा नगर, आदर्श नगर, रामनगर, गांधी नगर में एक फेस न आने से लगभग एक हजार उपभोक्ता परेशान रहे। बिना बिजली के गर्मी और उमस में लोग बेहाल हो गये।

गायत्री नगर में टूटा पड़ा एचटी लाइन का तार।

तेजी से हो रहा है ट्रांसफार्मर के फाउंडेशन का कार्य

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। शुक्लागंज सबस्टेशन में लगे ट्रांसफार्मर से नगर के कई फीडरों को विद्युत आपूर्ति की जाती है। अधिक लोड होने के कारण विद्युत आपूर्ति में समस्या हो रही थी, जिसे देखते हुये सब स्टेशन में एक और 5 एमवीए ट्रांसफार्मर लगाने का काम शुरू करा दिया है। जिसके फाउंडेशन का कार्य तेजी से कराया जा रहा है।

शुक्लागंज सब स्टेशन में लगे 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर से फीडर चार के तहत आजाद नगर, अली नगर, आर्य नगर समेत कई क्षेत्रों को विद्युत आपूर्ति की जाती है। इसके अलावा फीडर 3, 2 और शक्तिनगर फीडर की सप्लाई भी हो रही है। जिस कारण फाल्ट होने के कारण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को भरपूर बिजली नहीं मिल पा रही है। जिसे देखते हुये बिजली विभाग ने अब फीडर चार को अलग करने की कार्य योजना बनाई और गंगाघाट टाउन पर अतिरिक्त मिले 5 एमवीए ट्रांसफार्मर लगाने का काम शुरू करा दिया है। जिसके लिये फाउंडेशन बनाने का काम तेजी से कराया जा रहा है। एसडीओ ने बताया कि फाउंडेशन बनने के बाद उसके ऊपर ट्रांसफार्मर रखा जायेगा।

- 5 एमवीए ट्रांसफार्मर लगाने का काम शुरू करा दिया गया है

ट्रांसफार्मर रखने के लिये बनाया गया फाउंडेशन। अमृत विचार

दबंगों ने चालक व परिचालक को पीटा

हसनगंज उन्नाव। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र में धर्मकांटे पर ट्रक लेकर लकड़ी भरने गए चालक व परिचालक को दबंगों ने जमकर मारा पीटा। चालक ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

चालक टिंकू सक्सेना ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह और परिचालक अजय पुत्र रामगोपाल सीव कॉलोनी पीलीभीत रोड थाना खटीमा जनपद उधम सिंह नगर उत्तराखंड के निवासी हैं। मंगलवार को वह अपना ट्रक लेकर लकड़ी भरने के लिए फरहदपुर के हरी कंप्यूटर धर्म कांटा पर गया था। धर्म कांटे पर मोनू पुत्र कमलेश निवासी मियागंज व कुलदीप पुत्र उमाशंकर निवासी भानपुर आए और हम लोगों को अचानक लाठी डंडों से मारने पीटने लगे। जिससे दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने दोनों का मेडिकल कराया है। कोतवाल चंद्रकांत ने बताया है, शिकायती पत्र मिला है, जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

सार-संक्षेप

बड़ा चौराहा पर राहुल गांधी का पुतला फंकते भाजयुमो कार्यकर्ता। अमृत विचार

भाजयुमो ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

उन्नाव। भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने लोकसभा में हिंदुओं को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के दिए गए बयान पर विरोध जताया। उन्होंने शहर के बड़ा चौराहा पहुंचकर राहुल गांधी का पुतला दहन किया। साथ ही मुर्दाबाद के नारे भी लगाए।संगठन के प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर शाम करीब पांच बजे मोर्चा कार्यकर्ताओं ने बड़ा चौराहा पहुंचना शुरू किया। करीब डेढ़ दर्जन युवाओं ने यहां कांग्रेस व राहुल गांधी के विरोध में नारेबाज शुरू कर दी। उन्होंने बनाकर लाए गए राहुल गांधी के पुतले को बड़ा चौराहा पर खड़ा कर आग लगा दी। इस दौरान लखनऊ-कानपुर रोड का आवागमन ठहरने सा लगा। पुलिस कर्मियों ने जाम लगता देखकर कार्यकर्ताओं को सड़क से हटाया। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व संगठन के जिला महामंत्री अंकित यादव व जिला कार्यसमित सदस्य प्रवीण शुक्ला कर रहे थे, जबकि सिद्धार्थ तिवारी, मयंक, श्रीधर मिश्रा, अन्नू ठाकुर, अंकुर तिवारी व अनिल आदि भी मौजूद रहे।

हिंदू संगठनों ने राहुल के पोस्टर पर पोती कालिख

उन्नाव। नर सेवा-नारायण सेवा संस्था के संस्थापक हिंदू नेता विमल द्विवेदी ने संसद में हिंदुओं पर दिए गए राहुल गांधी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी टीम के साथ बड़े चौराहा पर कांग्रेस सांसद का पोस्टर लगाकर मुंह पर कालिख पोती। संस्था के संस्थापक ने नेता प्रतिपक्ष के बयान को नफरत बढ़ाने वाला बताया। प्रदर्शनकारियों में विनय द्विवेदी, हिंजामं के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, सुरेश सिंह सेंगर, आचार्य कमलेश वाजपेयी, योगेंद्र तिवारी, राकेश राजपूत, आचार्य वाशु मिश्रा, अखिल मिश्रा, अभिषेक तिवारी, मनीष मिश्रा, मनीष अवस्थी, सुरेश राजपूत, धर्मेंद्र शुक्ल, अभी तिवारी, अशोक चतुर्वेदी, आकाश यादव, आरके मिश्रा, मनोज शुक्ल, मनीष यादव, हितेश शुक्ला, सुरेश, अमित सोनी, आलोक शुक्ला, श्रवण कुमार, लकी यादव, पवन, राज, ऋषभ, साहिल, शंकर व सुनील कुमार आदि शामिल थे।

संचारी रोग नियंत्रण को लेकर चलाया अभियान

शुक्लागंज उन्नाव। शासन के निर्देश पर एक जुलाई से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाने के निर्देश दिये थे। जिस पर पालिका ने मंगलवार को पालिका वार्ड दो में विशेष साफ सफाई अभियान चलाने के साथ ही लोगों को जागरूक भी किया।पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर मंगलवार को पालिका कर्मी वार्ड दो आदर्श नगर में सफाई कर्मियों ने नाला नाली की साफ सफाई करने के साथ ही एंटी लार्वा का छिड़काव किया। इसके अलावा जनप्रतिनिधियों एवं मोहल्ला निगरानी समिति के माध्यम से लोगों को स्वच्छता में सहयोग किये जाने के लिए जागरूक किया गया। ईओ ने बताया कि पालिका के सभी वार्डों में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के तहत गंदगी में पनपने वाली जानलेवा बीमारी डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया, दिमागी बुखार समेत अन्य बीमारियों की रोकथाम को लेकर क्षेत्र में एंटी लार्वा दवा छिड़काव कराया जायेगा।

रैली निकाल कर लोगों को शिक्षा के प्रति किया जागरूक

शुक्लागंज उन्नाव। शासन के निर्देश पर स्कूल चलो अभियान को लेकर जागरूकता रैली निकाली जा रही है। उसी को लेकर मंगलवार को कर्ण और सरोसी ब्लॉक में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने रैली निकालकर शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया। सोमवार को बारिश होने के कारण सिकंदरपुर कर्ण और सरोसी ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की संख्या कम थी। जिस पर मंगलवार को स्कूल पहुंचे छात्र-छात्राओं को शिक्षक-शिक्षकाओं ने टीका लगाकर स्वागत किया। इसके साथ ही कर्ण ब्लॉक के रजवा खेड़ा प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक रमाकांत, संगीता सिंह, स्नेहा शुक्ला, प्रियंका पांडे, नीलू शुक्ला, दिव्या सिंह, गोमती, शिवम सिंह आदि शिक्षक और शिक्षिकाओं ने स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाली। वहीं नेतुआ कंपोजिट स्कूल में सुनीता सैनी, लक्ष्मी तिवारी ने भी रैली निकाली गई।

बैराज मार्ग पर लगे भीषण जाम से राहगीर हुए परेशान

शुक्लागंज उन्नाव। बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग के पास की रास्ता खराब होने व वाहनों का अधिक भार होने के कारण मंगलवार दोपहर जाम लग गया। जिससे आने जाने वाले वाहन सवारों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी। इस दौरान करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा। मंगलवार को सुबह से ही वाहनों का अधिक भार होने के कारण बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग पर जाम की स्थिति बनी रही। वहीं दोपहर करीब डेढ़ बजे अप और डाउन लाइन से एक के बाद एक ट्रेनें निकली। जिससे कुछ देर के लिये क्रासिंग बंद रही। क्रासिंग बंद होने के कारण एक ओर मरहला और दूसरी ओर नेतुआ गांव के सामने तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। क्रासिंग खुलने के बाद वाहन सवार जल्दबाजी में निकलने लगे और अपने वाहन आड़े तिरछे खड़े कर दिये। जिससे जाम और पेंचीदा हो गया। मौजूद लोगों ने किसी तरह आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद जाम हट सका। इस दौरान एक घंटे तक जाम लगा रहा। जाम में तमाम वीआईपी और राहगीर फंसे रहे।

युवक ने की सिपाहियों से हाथापाई

उन्नाव। अचलगंज थानांतर्गत एक मामले की जांच में गए दो सिपाहियों ने युवक से उसका नाम पता जानने की कोशिश की इस पर युवक सिपाहियों से अभद्रता पर उतर आया, इसकी जानकारी पर उसके घर की महिलाएं भी लाठी डंडा लेकर निकल आई। यह देख सिपाहियों को वहां से भागना पड़ा। अचलगंज थानाक्षेत्र के पड़री कला के लुधौरा निवासी एक युवक करीम शाह बाबा की मजार के पास लोडर पर कुछ मजदूरों के साथ लकड़ी लाद रहा था। तभी अचलगंज की नेवरना चौकी के दो सिपाही उधर से निकले और उन्होंने युवक से नाम पता पूछा। चर्चा है कि सिपाहियो ने अभद्रता की। इससे नाराज युवक ने सिपाहियों से बदसलूकी और हाथापाई करते हुए शोर मचा दिया और उनकी बाइक की चाबी निकाल ली। इसकी खबर मिलने पर युवक की मां और बहनें लाठी डंडे लेकर मौके पर आ गईं और उन्होंने सिपाहियों को दौड़ा लिया। सूत्र बताते है कि सिपाहियो को वहां से बाइक छोड़ भागना पड़ा। उन्होंने इसकी सूचना चौकी और थाना पर दी। फोर्स के साथ पुलिस पहुंची तब तक युवक और उसके परिजन इधर उधर हो गए।

सड़क किनारे गड्ढे में भरे बारिश के पानी में डूबा बच्चा

सोमवार को खेलते समय लापता हुआ था बच्चा, बच्चे की मां ने कोतवाली में दर्ज कराई थी गुमशुदगी

संवाददाता पुरवा उन्नाव

अमृत विचार। पुरवा कोतवाली के फतेहगंज गांव निवासी सोमवार शाम को घर के बाहर से खेलते समय एक बच्चा अचानक लापता हो गया। मंगलवार को शव घर से कुछ दूरी पर सड़क किनारे गड्ढे में भरे बरसात के पानी में उतराता मिला। जीवित होने की आस में मां उसे सीएचसी लाई, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र फतेहगंज गांव निवासी धर्मेंद्र का सोहरामऊ-पुरवा मार्ग पर सड़क किनारे मकान है। वह बेंगलुरु में मजदूरी करता है। घर पर पत्नी संगीता अपने बच्चों के साथ रहती है। सोमवार की दोपहर करीब ढाई बजे उसका छह वर्षीय बेटा अभी खेलते-खेलते लापता हो गया। आसपास तलाश करने पर भी जानकारी नहीं हुई तो संगीता ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई। मंगलवार की सुबह अभी का शव घर के सामने सड़क के उस पार गड्ढे में भरे बरसात के पानी में उतराता मिला। बाबा राम शंकर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल की।

करंट की चपेट में आकर किशोर की मौत

बांगरमऊ उन्नाव। बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत नगर के संडीला मार्ग पर अपने मामा के साथ समोसा खाते समय किशोर ने दुकान के बगल में लगे विद्युत पोल का सपोर्ट तार को पकड़ लिया, जिसमें दौड़ रहे करंट की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। कन्नौज जिला के थाना ठठिया अंतर्गत सरसैयन पुरवा भदोही गांव निवासी संजय (17) पुत्र वीरेंद्र यादव अपनी ननिहाल बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम गोशा प्रयागपुर आ रहा था। तभी बांगरमऊ में उसके मामा अरविंद यादव उसे मिल गए। शाम को पांच बजे के करीब मामा-भांजे ट्रैक्टर से गांव जा रहे थे। नगर के संडीला मार्ग पर कृषि उत्पादन मंडी यार्ड के निकट ट्रैक्टर खड़ा कर दोनों दुकान पर समोसे खाने लगे। इसी दौरान संजय ने अचानक बगल में ही स्थित विद्युत पोल के सपोर्ट वायर को पकड़ लिया। तार के पकड़ते ही संजय करंट की चपेट में आकर झुलस गया। मामा ने उसे किसी तरह तार से अलग किया और सीएचसी लाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

फंदे से लटक कर युवक व महिला ने दी जान

फतेहपुर चौरासी। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के जमरूद्दीनपुर गांव में युवक ने अपने कमरे में साड़ी के फंदे से लटक कर जान दे दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया इसमें हैंगिंग मौत की पुष्टि हुई। थाना क्षेत्र के गड़ाई गांव में महिला ने फंदे से लटक कर खुदकशी कर ली। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए अंतिम संस्कार कर दिया।

केस 01

थाना क्षेत्र के गांव जमरूद्दीनपुर गांव निवासी सुरेंद्र (25) पुत्र जगदीश का शव उसके कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला। भाई वीरेंद्र की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल की। बताते है सुरेंद्र ने करीब एक साल पहले प्रेम विवाह किया था। इसी को लेकर परिवार में अक्सर कलह होती थी। दिवंगत युवक मजदूरी करता था और परिवार से अलग रहता था। उसके बड़े भाई प्रताप की दूसरे प्रांत में निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत से मजदूरी करते समय गिर कर मौत हो चुकी है। छोटे भाई वीरेंद्र की 11 जुलाई को बारात जानी है। दिवंगत की पत्नी और उसके मायके वाले ससुरालियों पर सुरेंद्र को मानसिक परेशान करने का आरोप लगा रहे है। वहीं भाई ने मायके वालों पर आरोप लगाया है।

सुरेन्द्र।

केस 02

इसी थाना क्षेत्र के गड़ाई गांव निवासी मान सिंह रोज की तरह मंगलवार को सुबह अपने बेटे के साथ खेत पर कृषि कार्य करने गया था। दोपहर एक बजे वह घर खाना खाने लौटा तो पत्नी आशा को फंदे से लटकता देख उसके होश उड़ गए। चीख सुन कर परिजन दौड़े और उसे नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद परिजनों ने बिना पुलिस को इसकी जानकारी दिए शव का अंतिम संस्कार करा दिया। एसओ राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं और थाने पर भी इसकी कोई सूचना नहीं आई है।

भूमि विवाद में हुई मारपीट में महिला की गई जान

संवाददाता सोहरामऊ उन्नाव

- जमीन को लेकर चली आ रही थी तनातनी मारपीट में बदली

अमृत विचार। जमीनी विवाद को लेकर चली आ रही पुरानी खुन्नस मंगलवार सुबह खूनी मारपीट में तब्दील हो गई। दोनों ओर से चले लाठी डंडों में एक अधेड़ महिला की मौत हो गई। बचाने में उसके पति और जेठ को भी चोटें आईं। जानकारी पर एएसपी पहुंचे और जांच की। पोस्टमार्टम में उसके शरीर में गंभीर चोटें मिली है।

रामकुमारी।

थानाक्षेत्र देवइया गांव में अवधेश यादव व परशुराम यादव के बीच जमीन का मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन है। आरोप है कि परशुराम ने अपनी जमीन की मिट्टी बेच ली। इससे अवधेश के मकान के पीछे गड्ढे में पानी भर रहा है। जो उसके मकान के लिये खतरा है। साथ उसका भूसा भी नहीं भर पा रहा है। बगल में 12 फिट का चकमार्ग है, जिसको परशुराम पक्ष द्वारा काट दिया गया था। इसी को भरने के लिए मंगलवार को अवधेश की पत्नी रामकुमारी (55) भूसा डालने गई थी। इसका परशुराम उसकी पत्नी राजकुमारी बेटे राजेश उसकी बहू रूही ने विरोध किया। इस पर कहासुनी के बाद सभी ने रामकुमारी पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। बचाने में दौड़े पति व जेठ ओमप्रकाश पर भी हमला किया। मारपीट में रामकुमारी अचेत होकर गिर गई। भतीजा घायलों को सीएचसी लाया। जहां डाक्टर ने रामकुमारी को मृत घोषित कर दिया। पति की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो महिलाओं समेत चार व्यक्तियों पर केस दर्ज किया है। पुलिस ने राजकुमारी, उसके बेटे राजेश और बहू रूही को हिरासत में लिया है।

खेत में पड़ा मिला युवक का शव परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

संवाददाता पुरवा उन्नाव

- पड़ोसियों से पेड़ काटने को लेकर था विवाद

अमृत विचार। मौरावां थानाक्षेत्र के लच्छी खेड़ा गांव में एक युवक का शव खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। गर्दन पर निशान देख कर परिजनों ने गला दबा कर हत्या किए जाने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि पड़ोसियों ने उसके पेड़ काट कर बेच लिया। इसी को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी चल रही थी। सीओ ने सभी बिंदुओं पर जांच किए जाने की बात कही है।

जगदीश।

मौरावां थानाक्षेत्र के गांव लच्छीखेड़ा निवासी जगदीश (36) पुत्र बुद्धीलाल लोधी किसान था। मंगलवार सुबह करीब तीन बजे वह खेत में रोपी गई धान की नर्सरी देखने गया था। सुबह करीब पांच बजे पिता खेत पर गए तो बेटे का शव आम के पेड़ के पास पड़ा था। उनकी चीख सुनकर तमाम ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे। उसकी गर्दन पर निशान देख कर परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए बताया कि सोमवार शाम को पड़ोसी जंगली, राजेश, जयकरण से विवाद हुआ था। बताया कि उन लोगों ने उसके घर के बाहर लगा चिलवल का पेड़ काट लिया था और उन्होंने जान से मारने की धमकी दी थी।

सूचना पर पुलिस ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इसमें हैंगिंग से मौत होने की बात सामने आई है। इसके अलावा शरीर में अन्य कोई चोट भी नहीं मिली है। सीओ सोमनेंद्र विश्वास ने बताया सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट देखने के बाद मौत का सही कारण पता चलेगा।

सार-संक्षेप

बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास, परिजनों ने दबोचा

नवाबगंज उन्नाव। बाग में ले जाकर पांच वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास कर रहे युवक को परिजनों ने पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। वहीं पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली पांच वर्षीय बच्ची मंगलवार सुबह घर के बाहर खेल रही थी तभी वहीं का रहने वाला एक युवक जामुन खिलाने के बहाने उसे बाग में ले गया। इधर घर के बाहर बच्ची को न पाकर परिजन इधर-उधर तलाश करने लगे। तभी परिजनों को किसी ने युवक के साथ बच्ची को बाग की तरफ जाने की जानकारी दी। परिजन बाग में पहुंचे, जहां स्थित एक कोठरी में युवक को दुष्कर्म का प्रयास करते हुए पकड़ा। परिजन मारते पीटते हुये युवक को चौकी पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया युवक बच्ची के साथ छेड़छाड़ करते हुये पाया गया है।

जहरीला कीड़ा काटने से युवक गंभीर

गंजमुरादाबाद, उन्नाव। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम ब्योली इस्लामाबाद निवासी एक युवक स्लेब की ढलाई का काम कर रहा था, तभी उसे जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिस पर उसे इलाज के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस्लामाबाद निवासी चांद बाबू (35) पुत्र हामिद हुसैन अपनी मिक्सर मशीन से सोमवार देर शाम पड़ोसी गांव गनीपुर में स्लेब की ढलाई कर रहा था। तभी घास में छिपे बैठे जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे देर रात बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने उपचार किया।

अनियंत्रित बाइक खाई में गिरी, युवक घायल

बांगरमऊ उन्नाव। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के रघुवर खेड़ा निवासी एक युवक बाइक से घर जाने के लिये निकला, तभी रास्ते में उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और गहरी खाई में जा गिरी। जिससे वह घायल हो गया। सुबह ग्रामीणों ने देखा और परिजनों को सूचना दी गई। जिस पर उसे इलाज के लिये ले जाया गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रघुवर खेड़ा निवासी अमित कुमार (20) वर्ष पुत्र बेचेलाल बांगरमऊ कस्बे में प्राइवेट नौकरी करता है। वह सोमवार देर शाम अपने घर जाने के लिये निकला लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। जिस पर मंगलवार सुबह अमित को ग्रामीणों ने लखनऊ मार्ग पर स्थित ग्राम सुरसेनी के निकट सड़क के किनारे गहरी खाईं में घायलावस्था में पड़ा देखा। जिस पर ग्रामीणों ने घटना की सूचना घायल के परिजनों को दी। परिजनों ने उसे आनन-फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने हालत नाज़ुक देखकर घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

दुष्कर्म के दोषी युवक को पांच साल की कैद

उन्नाव। माखी थाना अंतर्गत किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोपी को कोर्ट ने दोषी करार देते हुए पांच साल की सजा सुनाई है।

माखी थानाक्षेत्र के एक व्यक्ति ने थानाक्षेत्र की ग्राम पंचायत थाना के मजरा रामसिंह खेड़ा निवासी सर्वेश पर 26 जुलाई 2018 को अपनी 14 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म का आरोप लगाया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। आईओ सुधाकर सिंह ने मामले की जांच के बाद 23 अगस्त 2018 को आरोपी के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की थी। मंगलवार को मुकदमें की अंतिम सुनवाई के बाद शासकीय अधिवक्ता कविता सिंह द्वारा पेश की गई दलीलों और साक्ष्य के आधार पर एडीजे विवेकानंद विश्वकर्मा ने सर्वेश को दोषी ठहराते हुए पांच साल की सजा सुनाई है।

बैठक को संबोधित करते एसडीएम। अमृत विचार

त्यौहार और नये कानून को लेकर हुई बैठक

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

अमृत विचार। मंगलवार को थाना परिसर में सफीपुर एसडीएम नवीन चंद्र की अध्यक्षता में मंगलवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमे नायब तहसीलदार दीपक कुमार मौजूद रहे।

एसडीएम ने नये कानून के बारे में विस्तार से बताया गया उन्होंने कहा कि भारत में कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में जानकारी दी। बताया कि भारतीय दंड संहिता के कई धाराओं को परिवर्तित कर नया रूप दे दिया गया है। जिसमें कठोरता कानून बनाया गया है। आप सभी लोग इस नये कानून के बारे में जानकारी कर लें साथ ही अपने जानने पहचानने वालों को भी इसके बारे में अधिक से अधिक बतायें। इसके साथ ही आगामी मोहर्रम के त्योहार को लेकर शांति से जुलूस निकालने को कहा। अपराध निरीक्षक जयप्रकाश यादव ने कहा कि किसी को भी कोई दिक्कत परेशानी हो तो तत्काल इसकी सूचना सीयूजी नंबर पर दें ताकि समय रहते समस्या का समाधान किया जा सके। इस मौके पर अनुज दीक्षित, शाबिर अली, रानू, नीरज पाण्डेय, मौलाना आदि रहे।

बारिश ने बढ़ाई गोवंशों की मुश्किलें

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। बारिश का मौसम शुरू होते ही गोवंशों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। सरकार व शासन के तमाम दावों के बावजूद चारा-पानी तो दूर गोवंश को सिर छिपाने को शेड तक नहीं नसीब हो रहा है। इससे वह ऊंचाई वाले स्थान सड़कों व रेलवे ट्रैक पर पहुंचकर अपनी जान जोखिम में डालने को विवश हो रहे हैं।

शहर सहित ग्रामीण इलाकों में बहुतायत से दिखने वाले गोवंश सर्दी और गर्मी तो किसी तरह काट लेते हैं, लेकिन बारिश में पेड़-पौधों के नीचे भी गुजर संभव नहीं रहता। बारिश से बचाव न सही, लेकिन बैठने को सूखे स्थान की तलाश में यह बेजुबान बहुतायत से जहां सड़कों पर आश्रय लेते हैं। वहीं निकटवर्ती रेलवे ट्रैक पर भी पहुंच जाते हैं। यहां बारिश के बीच उनका भीगने से भले ही बचाव नहीं होता है, लेकिन बैठने को सूखी जगह मिल जाती है। हालांकि इन दोनों ही स्थानों पर उनकी जान का जोखिम बना रहता है। ट्रेन की चपेट में आकर जहां यह अपनी जान गवां बैठते हैं। वहीं सड़कों पर वाहनों की टक्कर से घायल हो जाते हैं।



बारिश के मौसम में सड़क पर शरण लिए खड़े गोवंश। अमृत विचार

- हनुमंत जीव आश्रय के संस्थापक ने कहा, गौसंरक्षण बनना चाहिए जन आंदोलन

हनुमंत जीव धाम के संस्थापक अखिलेश अवस्थी गोवंश की दुर्दशा पर नाराजगी जताते हुए स्वीकार करते हैं मां कही जाने गाय के सामने सबसे अधिक संकट है। उन्होंने कहा कि संस्था लाख प्रयासों के बाद भी सभी को आश्रय नहीं दे पाती है। यह काम एक व्यक्ति या संस्था द्वारा पूरा भी नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गौसंरक्षण जनांदोलन के रूप में सभी की स्वीकार्यता से ही पूर्ण किया जा सकता है।

पेड़ गिरने से सड़क पर लगा जाम। अमृत विचार

सड़क पर पेड़ गिरने से लगा लंबा जाम

सफीपुर उन्नाव। उन्नाव-हरदोई मार्ग पर कस्बा स्थित मां शंकरी देवी मंदिर के सामने हल्की बारिश के बीच सुबह एक विशालकाय पेड़ बीच सड़क पर गिर गया। जिससे दो घंटे आवागमन बाधित रहा।

मंगलवार भोर पहर हल्की बारिश शुरू हो गई। इस दौरान लगभग छह बजे उन्नाव-हरदोई पर स्थित प्राचीन शंकरी देवी मंदिर सामने सड़क के किनारे खड़ा एक बड़ा पेड़ गिर गया। पेड़ का बड़ा हिस्सा सड़क पर गिरने से वाहनों का आवागमन ठप हो गया। इसकी सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने जेसीबी बुलाकर पेड़ हटवा वाहनों का आवागमन शुरू कराया।

इस दौरान जाम में फंसे दोपहिया व चौपहिया वाहन सवारों के अलावा महिलाएं और बच्चे काफी परेशान रहे। सड़क के किनारे माल वाहक वाहनों को जमावड़ा रहता है।

वैकल्पिक डायवर्जन बहने से 24 घंटे ठप रहा उन्नाव-हरदोई मार्ग

संवाददाता, चकलवंशी, उन्नाव

अमृत विचार। उन्नाव-हरदोई रोड पर भदनी नदी की निर्माणाधीन पुलिया के डायवर्जन पर बीती शाम से जाम लगना शुरू हो गया। इससे सड़क के दोनों ओर काफी दूर तक वाहनों की लंबी लाइन लग गई। पुलिस इमर्जेंसी वाहनों को एक-एक कर आगे बढ़ाने का प्रयास कर रही है, लेकिन भारी वाहन अब तक जस के तस जाम में फंसे हुए हैं। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत वाहनों को रऊ, किन्ना व धौकलखेड़ा होकर बिठूर-संडीला मार्ग से गंतव्य की ओर बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

यहां चौराहा से करीब तीन किलोमीटर दूर उन्नाव की ओर भदनी नदी रोड पार करते हुए बहती है। सोमवार को सुबह घंटों कहीं तेज और कहीं हल्की बारिश होने के बाद नदी के निकटवर्ती इलाकों का पानी सिमट कर आगे बढ़ता रहा। शाम करीब पांच बजे नदी का जल स्तर बढ़ गया और निर्माणाधीन पुलिया के लिए तैयार वैकल्पिक डायवर्जन मार्ग में पानी निकालने के लिए बिछाए गए ह्यूम पाइप के ऊपर से बारिश का पानी बहना शुरू हो गया। इससे सड़क से गुजरने वाले भारी वाहनों को ब्रेक लगाने पर मजबूर होना पड़ा।

सड़क के दोनों ओर काफी दूर तक वाहनों की कतार लग गई। पूरी रात इमर्जेंसी वाहनों को तो किसी तरह आगे बढ़ाया जाता रहा, लेकिन भारी वाहन जाम में फंसे खड़े हैं। वहीं बाद में पुलिस ने भारी वाहनों को भी दूसरे मार्गो पर डायवर्ट कराया।

हरदोई रोड पर भदनी नदी पुल निर्माण के लिए बनाया गया क्षतिग्रस्त डायवर्जन।

उन्नाव-हरदोई रोड पर जाम में फंसे खड़े वाहन।

- सड़क के दोनों ओर लगी वाहनों की कतार

पानी छोड़े जाने से बढ़ा नदी का जलस्तर

मांखी थाना क्षेत्र स्थित टेनई पर भदनी नदी को बड़ी नहर क्रास करती है। कई बार आवश्यतानुसार नहर का अधिक पानी नदी में छोड़ दिया जाता है। क्षेत्रीय ग्रामीणों का कहना है कि नहर का पानी छोड़े जाने से ही नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया।

- मानसून से पहले भदनी नदी का निर्माणाधीन पुल का कार्य पूर्ण न होना बना मुसीबत

आखिर काम चलाऊ तैयार हुआ डायवर्जन

ठेकेदार ने पहले तो नदी का पानी नीचे न उतरने तक काम शुरू करने से हाथ खड़े कर रखे, लेकिन अधिकारियों को दबाव बढ़ने पर गिट्टी सहित अन्य सामग्री भरकर ऊपर उठाते हुए ह्यूम पाईप डलवाकर मौरंग-डस्ट की भरान कर शाम करीब पांच बजे हल्के वाहनों का आवागमन शुरू कराया। हालांकि समाचार लिखे जाने तक भारी वाहनों को आवागमन नहीं शुरू कराया जा सका है। पुलिस ने इन वाहनों को अन्य मार्गों से डायवर्ट कराया वहीं पुल का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन कुछ दिनों बाद ही इस पर वाहनों का आवागमन शुरू होगा।

खुशखबरी संसद में हिंदुओं पर दिए राहुल गांधी के बयान पर विधायक ने जताई कड़ी नाराजगी

अयोध्या के लिये नियमित बस सेवा की हुई शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। सदर विधायक पंकज गुप्ता और डीएम गौरांग राठी ने हरी झंडी दिखाकर दिन में साढ़े ग्यारह बजे अयोध्या धाम के लिए नियमित बस सेवा का शुभारंभ किया। विधायक ने वर्तमान पीढ़ी को युगदृष्टा बताते हुए कहा पीएम और सीएम की बदौलत हम युग को बदलते हुए देख पा रहे हैं। यह दोनों नेता न सिर्फ कुशलतापूर्वक अपने पदों का दायित्व निभा रहे हैं, बल्कि भावी पीढ़ी को सनातन संस्कृति से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं।

विधायक ने कहा अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण सहित अन्य तमाम चीजों को मौजूदा पीढ़ी ने देखा है। देश और प्रदेश के मुखियाओं ने इसी तरह कई अन्य कार्य किए हैं, जो काफी पहले हो जाने चाहिए थे। पीएम कभी जहां अपनी मां के पांव पखार और कभी कुंभ में सफाई कर्मचारियों के पैर धुलकर सम्मानित करते हैं। उन्होंने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा संसद में हिंदुओं को आतंकी कहे जाने पर कड़ी नाराजगी जताई। कहा कि हिंदुओं को सामूहिकता से लांछित किए जाने के बाद भी शांति है, जबकि एक धर्म विशेष पर ऐसी ही टिप्पणी किए जाने पर सड़कें जल रही होतीं।

उन्होंने कहा कि अब शहर सहित जिले के लोग सरयु में आस्था की डुबकी लगा आराध्य श्रीराम की जन्म भूमि पहुंचकर सुविधाजनक ढंग से दर्शन कर सकेंगे। इस मौके पर परिवहन निगम के अधिकारी कर्मचारी, एआरटीओ श्वेता वर्मा, सुशील तिवारी, ब्रजेश पांडेय, अतुल, मुन्ना सिंह, राजेंद्र, , सुरेंद्र वर्मा, प्रदीप सिंह, पवन सिंह, ब्रजेश वर्मा, संतोष पाल, प्रियंका शुक्ला, साधना आदि मौजूद थे।

बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक पंकज गुप्ता व डीएम गौरांग राठी।

विधायक की पहल पर अयोध्या के लिये शुरू हुई सेवा

डीएम ने कहा कि शासन की मंशा है कि लोग आराम दायक सफर कर अयोध्या पहुंच सकें। सदर विधायक की पहल पर आरएम व एआरएम के प्रयासों से पहली बार जिले से अयोध्या की बस सेवा शुरू होने पर सभी को शुभकामनाएं देते हैं। निकट भविष्य में आंतरिक व निकटवर्ती जिलों के लिए यूपीएसआरटीसी की सुरक्षित व सुविधापूर्ण यात्रा उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। उन्होंने बताया कि सुबह करीब आठ बजे प्रतिदिन यह बस अयोध्या जाएगी और दोपहर तीन बजे वहां से वापसी के लिए रवाना होगी। सफर के लिए यात्रियों को 344 जाने और इतने ही रुपए वापसी टिकट को देने होंगे।

ग्रामीणों को निःशुल्क अयोध्या यात्रा की मिलेगी सुविधा

कार्यक्रम का संचालन करते हुए नर सेवा-नारायण सेवा संस्था के संस्थापक विमल द्विवेदी ने कहा कि करीब दो साल पहले तक सदर विधायक ने विधानसभा क्षेत्र के लगभग सभी गांवों के लोगों को नि :शुल्क अयोध्या यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराई है। अब भी वह प्रत्येक पूर्णिमा पर धार्मिक तीर्थाटन पर मथुरा-वृंदावन भेज रहे हैं।

बीएसए ने मांगी अतिरिक्त शिक्षकों की सूची

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- डीएम की अध्यक्षता में जिले में शुरू हुई स्थानांतरण और समायोजन प्रक्रिया

अमृत विचार। शासन के निर्देश पर परिषदीय शिक्षकों का अंतः जिला स्थानांतरण/समायोजन करने की प्रक्रिया शुरू हो गई। बीएसए ने सभी बीईओ से विद्यालयों में तय मानक से अधिक तैनात शिक्षकों की सूची तलब की है। बीईओ मंगलवार को शाम तक सूची उपलब्ध कराते रहे।

शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत सभी को शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए विद्यालयों में छात्र संख्या के आधार पर तय मानक के मुताबिक शिक्षकों की तैनाती की जानी है। इसके लिए विभागीय उच्चाधिकारियों विद्यालयों में मानक से अधिक तैनात शिक्षकों को आवश्यकता वाले स्कूलों में स्थानांतरित करने का आदेश जारी किया है। इस पर अमल करते हुए ने जुलाई तक शिक्षकों को नए तैनाती स्थलों पर कार्यभार ग्रहण कराया जाना है। बीएसए ने डीएम की अध्यक्षता वाली समिति के माध्यम से इस पर अमल कराने के लिए मंगलवार को शाम तक जिले में तैनात सभी 16 बीईओ से उनके क्षेत्र में शामिल विद्यालयों के मानक से अधिक कार्यरत शिक्षकों की सूची तलब की है। आपको बताते चलें कि जिले में कई विद्यालय एकल शिक्षक के भरोसे संचालित हैं, जहां शिक्षामित्र व अनुदेशक के माध्यम से अध्यापन कार्य कराया होता है।

एक नजर

घर से निकली युवती लापता गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

शाहाबाद, हरदोई। घर से पैन कार्ड बनवाने निकली युवती वापस घर नहीं पहुंची। पिता के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने युवती की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू की है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आगा पुर निवासी छोटेलाल ने बताया उसकी 19 वर्षीय पुत्री अंजली घर से पैन कार्ड बनवाने मंगलवार को सुबह कस्बे में आई थी, लेकिन वापस घर लौट कर नहीं गई ।युवती के पिता ने कोतवाली में पुत्री के गायब होने का प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू की है।

गैंगस्टर में अभियुक्त को दो साल का कारावास

हरदोई। अपर सत्र न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट कुसुम लता ने फैसले में गैंगस्टर के मामले में आरोपी को जुर्म साबित होने पर दो साल की कड़ी का पांच हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई। शासकीय अधिवक्ता घनश्याम शुक्ला ने बताया कि थाना सिविल लाइंस जिला रामपुर के निवासी मोहम्मद आमिर पर गिरोह बनाकर वारदात करने का आरोप रहा। इस मामले की रिपोर्ट एसएचओ सुनील दत्त कौल ने थाना बेनीगंज में दर्ज कराई सत्र न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष में सबूत के आधार पर दोनों पक्षों के दलीलों को सुनकर आरोपी पर जुर्म साबित पाया और उसे दो साल की कैद और जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई।

दो भाइयों पर मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

शाहाबाद, हरदोई। मोहल्ला गढ़ी वासिल के रहने वाले युवक ने दो भाइयों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला गढ़ी वासिल निवासी परवेश पुत्र सनव्वर ने बताया उसकी बहन शबाना का विवाह समीर पुत्र मुश्ताक निवासी महमंद के साथ हुआ था। विपक्षी उसकी बहन के साथ आएदिन मारपीट करता है ।वह सूचना पर अपनी बहन को लेने उसकी ससुराल गया था तो विपक्षी ने अपने भाई इरशाद के साथ मिलकर उसे गाली गलौज किया, मना करने पर डंडों से उसे मारा पीटा जिससे वह घायल हो गया। घटना की लिखित सूचना पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कन्नौज की युवती ने कान्हा की मूर्ति से रचाई शादी

मोहित द्विवेदी, कछौना(हरदोई)

कृष्ण भक्ति

- हरदोई के कछौना में एक मंदिर में सभी रस्मों के साथ की शादी, भाई बोला- कान्हा को दामाद बनाकर हम भी खुश
- शादी करने के लिए अपने माता-पिता को छोड़ा, कहा- सात जन्मों तक निभाउंगी रिश्ता

अमृत विचार: कन्नौज के छिबरामऊ निवासी एक युवती ने हरदोई के कछौना में कान्हा(भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति) के साथ विवाह रचा लिया। पंडित जी ने मंत्रोचार करके विधि-विधान से सात फेरे करवाए।

इस शादी में मुंहबोला भाई ही परिवार बना, क्योंकि माता-पिता अपनी बेटी राधा शास्त्री(24) के इस निर्णय से खुश नहीं थे। मुंहबोले भाई संजीव कुमार ने बताया कि भगवान कृष्ण को पाकर हमारी बहन बहुत खुश है। श्रीकृष्ण अब हमारे रिश्तेदार बन गए और अब हम उनको पूजेंगे। मीरा की तरह ही राधा शास्त्री की लगन भगवान कृष्ण में बचपन से लगी हुई थी।यह भी बताया कि उनके सपने में भगवान कृष्ण आए थे। स्वप्न के बीच उन्होंने भगवान को पति मानकर वरमाला पहनाई है। मीराबाई की तरह ही श्रीकृष्ण से विवाह कर अपना जीवन माधव को समर्पित कर दिया है। कछौना कस्बे के प्रसिद्ध मंदिर में हुआ यह विवाह क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। राधा कथावाचक यूटूबर भी है। भाई संजीव कुमार ने बताया कि यह आम शादी-विवाह से अलग थी। सभी रिश्तेदारों को फोन कर अपनी बहन की शादी में बुलाएं। सभी मेहमान भी आएं, लेकिन किसी को ये पता नहीं था कि दूल्हा कौन हैं। इस अनोखी शादी को देखने के लिए दूर दूर से लोग आये। शादी के मौके पर दुल्हन राधा शास्त्री ने बताया है कि वह मैनपुरी की मूल निवासी है, लेकिन कई साल से भाई संजीव के साथ छिबरामऊ में रह रही थी। वह कछौना के पास सेमरा गांव में कथा कहने आई थी, तब से में यही कछौना की हो गई। उसके भाई ने कछौना कस्बे में उन्हें दहेज में प्लाट दिया है। शादी समारोह के मौके पर कोतवाली कछौना के एसआई प्रमोद तिवारी, हेड कॉन्स्टेबल रामबरन यादव, हरिचन्द्र, सदाकांत सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

मंदिर में श्रीकृष्ण के स्वरूप के साथ विवाह करती राधा शास्त्री। अमृत विचार

कहा- सपने में आते हैं श्रीकृष्ण

राधा बताती हैं कि भगवान कृष्ण उसे रात में सपने में आते हैं, आज वो दिन की में सच हो रहे हैं। लड्डू गोपाल के साथ वह रोजाना लंबा समय गुजारती रही है। उन्होंने घर वालों से ये तक कह दिया कि वे केवल मुरलीधर को ही अपना पति बनाएंगी। घर वालों की असहमति के बाद राधा ने अपना परिवार पांच माह पूर्व छोड़ कर अपने मुंहबोले भाई संजीव यादव पुत्र राकेश चन्द्र यादव निवासी छिबरामऊ कन्नौज के यहां चली गई थी।

बहन को पाकर भाई भी खुश

भाई संजीव ने बताया कि उनकी बहन नहीं है। वह तीन भाई हैं। बहन को पाकर तीनों भाई बेहद खुश हैं। उनको हम लोगों ने अपनी बहन की तरह रखा। बहन की जिद के लिए कछौना के प्रसिद्ध मंदिर श्री लंगड़े दास पर राधा की शादी श्रीकृष्ण भगवान के साथ संपन्न कराई, जिससे उसकी बहन बहुत खुश। शादी विधि विधान से संपन्न हुई। सभी मेहमानों को खाना-पानी की व्यवस्था भी की गई।

बारिश से पहले गांवों व शहरों में नहीं की गईं तैयारियां

कहीं गांव की गलियां बनीं तालाब तो कहीं घास व गंदगी से पटे पड़े हैं नाले, बदहाल सड़कें बढ़ा रहीं दुश्वारी

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। गांव-गांव विकास के किए जा रहे दावे कितने दमदार है, इसकी बानगी हरियावां ब्लॉक की ग्राम पंचायत मरई के मजरा बोझवा में देखने को मिल जाएगी। हालात यह हैं कि बारिश शुरू होते ही गलियां और सड़कें तालाब नजर आने लगी हैं। कीचड़ और गंदे पानी के बीच से होकर लोगों को गुजरना पड़ रहा है। स्थानीय प्रशासन की इस लापरवाही को लेकर लोगों में आक्रोश है।

ब्लॉक की मरई ग्राम पंचायत का मजरा बोझवा अभी तक विकास की कोई पहेली नही बुझा पा रहा है। पिछली बारिश का पानी वहां के गलियारों में भरा हुआ है। इतना ही नहीं वहीं भरा हुआ गंदा पानी घरों में पहुंचने लगा है। ऐसे में वहां बीमारी फैलने का खतरा और बढ़ गया है। वैसे तो सरकार गांव-गांव विकास कराने का दावा करते नहीं थक रही है, मगर बोझवा गांव की हालत उसके दावों को आईना दिखाने के लिए काफी है। बताया गया है कि गांव के गलियारों और नालियों के निर्माण कराने के लिए पैसा आया और उसे नगद भी कर लिया गया, लेकिन गांव की तस्वीर जैसी थी, अब उससे भी बदतर हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि अधिकारियों को कमीशन से मतलब होता है, बाकी विकास कार्यों की हकीकत से उन्हें कोई लेना देना नहीं है।

बता दें कि जिले के अधिकांश ग्रामीण इलाकों में जहां सड़कें कीचड़ और जलजमाव से भर गई हैं वहीं शहर और कस्बों में भी जलभराव देखने को मिल रहा है।

हरियावां ब्लॉक की ग्राम पंचायत मरई के मजरा बोझवा मेंतालाब बनी गांव की गली। अमृत विचार

घास व गंदगी से पटा पड़ा नाला। अमृत विचार

ग्राम प्रधान की दबंगई के चलते नहीं हो रही नाले की सफाई

हरियावां, हरदोई, अमृत विचार। विकास खंड हरियावां के ग्राम गुलरिया माजरा शाहपुर बिनौरा की ग्राम पंचायत शाहपुर बिनौरा का पानी तालाब से होकर नाले के रास्ते गांव से बाहर निकलता है, लेकिन यह नाला साफ-सफाई न होने से घास व गंदगी से पटा पड़ा है। तालाब पानी से भर गया है और अब गांव में घुस रहा है। और बारिश हुई तो यह पानी लोगों के घरों में घुसेगा। जिससे कई मकान गिर सकते हैं एवं बड़ी जन हानि की घटना घटित हो सकती है। ग्रामीणों ने बताया कि मामले की शिकायत विकास खंड अधिकारी को दी जा चुकी है, लेकिन ग्राम पंचायत सेक्रेटरी एवं ग्राम प्रधान के मिलीभगत होने के कारण अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे गांव के लोगों में भारी आक्रोश व्यक्त है।

सीओ ने ताजिया स्थल का किया निरीक्षण

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। सैय्यदवाडा मोहल्ले में पहुंचकर सीओ अनुज कुमार मिश्र ने ताजिया स्थल का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सीओ ने ताजिया गुजरने वाले रूट की भौगोलिक स्थिति देखी और प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंगलवार शाम सीओ अनुज मिश्रा प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा के साथ मोहल्ला सैय्यदवाडा पहुंचे। यहां पर उन्होंने ताजिया रखे जाने वाले स्थल इमामबाड़े का निरीक्षण किया और लोगों से बातचीत की। सुरक्षा की दृष्टि से उन्होंने ताजिया गुजरने वाले मार्गों का अवलोकन भी किया। इस मौके पर सीओ अनुज मिश्रा ने प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा को आवश्यक निर्देश दिए।

वहीं मोहर्रम एवं कांवड़ यात्रा को लेकर संडीला कोतवाली में सीओ शिल्पा कुमारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। कहा कि सभी लोग त्योहार शांतिपूर्वक मनाएं। अफवाह पर ध्यान न दें। यदि किसी प्रकार की कोई अफवाह फैलाते पकड़ा गया तो सख्त कार्रवाई होगी।

घर में सेंधमारी कर लाखों का सामान चोरी

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। मकान की पिछली दीवार में सेंध लगा कर अंदर घुसे चोर ताला तोड़ कर 10 हज़ार कैश और दो लाख रुपये का ज़ेवर चोरी कर ले गए। मंगलवार की सुबह इसका पता होते ही समूचे गांव में हड़कंप मच गया। एसएचओ पाली आलोक मणि त्रिपाठी का कहना है कि तहरीर आई है,जांच की जा रही है।

बताया गया है कि पाली थाने के बसेलिया गांव निवासी देवेन्द्र कुमार सिंह उर्फ कल्लू सिंह सोमवार की रात को घर वालों के साथ सोया हुआ था। उसी बीच वहां पहुंचे चोर उसकी पिछली दीवार में सेध काट कर अंदर दाखिल हो गए और कमरें में रखे बक्सों का ताला तोड़ कर उसमें से 10 हज़ार कैश और करीब दो लाख के ज़ेवर समेट कर वहां से फरार हो गए। मंगलवार की सुबह देवेन्द्र सिंह उर्फ कल्लू सिंह जागे तो और कमरे का सामान बिखरा पाया। उसने बताया कि चोर उसके घर चोरी कर ले गए। इसका पता होते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया। एसएचओ पाली श्री त्रिपाठी का कहना है कि तहरीर आई है, गहराई से जांच-पड़ताल की जा रही है।

चोरों द्वारा काटी गई सेंध।

प्रधान संघ के अध्यक्ष से 80 हजार की ठगी

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष के खाते से किसी ने फर्जी तरीके से यूपीआई पिन का इस्तेमाल कर अस्सी हजार रुपए निकाल लिए। पीड़ित ने घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ककरघटा निवासी प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष शरद कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को उनके पास एक फोन आया कि उनके गांव की एक युवती पर फाइनेंस कंपनी का कर्जा है। उन्होंने गांव में पता किया तो किसी पर कोई कर्जा नहीं है, वह निश्चिंत हो गए। रात में किसी ने उनका फोन हैक कर यूपीआई पिन का गलत इस्तेमाल करते हुए उनके खाते में पड़े अस्सी हजार रुपए निकाल लिए। मंगलवार सुबह बैंक के आए मैसेज पर उन्हें जानकारी हुई। उन्होंने कोतवाली सहित साइबर क्राइम में घटना की लिखित सूचना दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

नाले में पड़ा मिला नवजात का शव, जांच-पड़ताल शुरू

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। मेडिकल कालेज के सामने से निकले नाले में नवजात का शव दिखाई देने से वहां अफरा-तफरी मच गई। उसे देखने से लग रहा था कि कुछ ही देर पहले ही उसकी पैदाइश हुई होगी,साथ ही ऐसी भी अटकलें लगाई जा रहीं है कि नवजात को नाले में ज़िंदा फेंका गया। पुलिस ने शव बरामद कर लिया।

बताया गया है कि सोमवार की देर रात को कुछ लोगों ने मेडिकल कालेज के सामने से निकले नाले में नवजात का शव पड़ा हुआ देखा। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने इधर-उधर पूछताछ करते हुए शव को बरामद कर लिया। देखने से लग रहा था कि कुछ ही देर पहले नवजात की पैदाइश हुई होगी। नवजात की पहले ही मौत हुई या फिर उसे ज़िंदा फेंका गया ? इस सवाल पर लोगों का कहना है कि नवजात को ज़िंदा हालत में फेंका गया...,इसके अलावा और भी कई तरह की अटकलें लगाई जा रहीं है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है।

सार-संक्षेप

पिहानी में पौधरोपण करते वन विभाग के लोग। अमृत विचार

पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नगर अध्यक्ष दीपकमल राठौर ने अपने जन्मदिन पर शाहाबाद विधानसभा के सरकारी अस्पताल में डिलीवरी वार्ड में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए। इसके बाद पौधारोपण किया। एक पेड़ मां के नाम टेकोमा का पौधा लगाया। इस अवसर सरकारी अस्पताल के अधीक्षक प्रवीण दीक्षित, नीरज राजपूत,नगर महामंत्री राजीव कुमार सोनी, सचिन राठौर, सुधीर वर्मा, नगर कोषाध्यक्ष शिवम् राठौर, नगर कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार राठौर, रागी गुप्ता उपस्थित रहे। पिहानी संवाददाता के अनुसार मां भगवती इंटर कॉलेज पुरेला में वन रेंज पिहानी की ओर से वन महोत्सव पर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर वन रेंज अधिकारी नीलम मौर्य, विद्यालय संचालक मनोज शुक्ला, राम रूप शुक्ला, रत्नेश कुमार, चंदन कुमार, उमाशंकर, अवधेश मिश्रा सहित विद्यालय स्टाफ तथा वन विभाग के कई अधिकारी उपस्थित रहे।

व्यायाम प्रशिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

टोडरपुर हरदोई, अमृत विचार। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा निर्मित ग्रामीण स्टेडियम जिसमें में तैनात व्यायाम प्रशिक्षक पर खिलाड़ियों ने शिकायती पत्र के माध्यम से सक्षम अधिकारी ने जांच कराए जाने की मांग वा कार्यवाही किए जाने की मांग की है। मामला विकासखंड टोडरपुर क्षेत्र के कोठिला सरैया का जहां पर बने ग्रामीण स्टेडियम को लेकर कई खिलाड़ियों आनंद तिवारी, संजीव यादव, व हिमांशु तिवारी ने उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में व्यायाम प्रशिक्षक मनोज यादव पर आरोप लगाया है कि स्टेडियम में तैनात व्यायाम प्रशिक्षक व अन्य कर्मचारी आते ही नहीं हैं। यहां के तैनात कर्मचारी मनमानी तरीके से ड्यूटी कर रहे हैं जब खिलाड़ी यहां आते हैं तब कोई मिलता ही नहीं है इस कारण खिलाड़ियों को निराश होना पड़ता है।

बरसात शुरू होते ही टापू बन गया गरीबपुरवा

हरदोई, अमृत विचार। शहर से चंद कदम दूर गरीबपुरवा के ग्रामीण मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। ग्रामीणों का कहना था कि बारिश के बाद पानी का निकास न होने के कारण गांव टापू में तब्दील हो गया है। बच्चों के पानी में डूबने का हर समय बना रहता है। जलभराव के कारण ग्रामीण शौच तक जाने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के चारों ओर पानी भरा हुआ है। पीड़ितों ने जिला प्रशासन को प्रार्थना पत्र देकर जल निकासी की व्यवस्था कराए जाने की मांग की है।

आपातकाल देश के इतिहास में काला दिन

संवाददाता, माधौगंज, हरदोई

अमृत विचार। विकास खंड के सभागार में आपातकाल एवं लोकतंत्र की हत्या विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने आपातकाल के कटु अनुभवों को साझा किया। उन्होंने आपातकाल में लोकतंत्र की रक्षा करने वाले सेनानियों को सम्मानित कर, उनके त्याग व बलिदान को नमन किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि देश के इतिहास में यह एक काला दिन था। लोकतंत्र में जनता की आवाज को घोटने का काम आपातकाल में किया गया था। संविधान के नियमों को ताक पर रखकर जनता के अधिकारों का हनन किया गया था। जनता की आवाज को उठाने में हमारे लोकतंत्र सेनानियों ने अपनी जान की परवाह के बिना इसका विरोध किया। इनके त्याग की वजह से संविधान की रक्षा हो पाई। संगोष्ठी की अध्यक्षता भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विद्याराम वर्मा ने की। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह गुड्डू, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक अशोक सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश वर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

गोष्ठी को बोलतीं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती। अमृत विचार

सम्मान लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में सण्डीला के शायर को किया गया पुरस्कृत

ज़ुबैर सिद्दीक़ी को फ़ख़रे हिंदुस्तान सम्मान

संवाददाता, सण्डीला, हरदोई

अमृत विचार। कस्बा निवासी डॉ. ज़ुबैर सिद्दीक़ी को लखनऊ के गोमती नगर में आयोजित मुशायरा व कवि सम्मेलन में उर्दू साहित्य की संस्था फ़ख़रे हिंदुस्तान की ओर से फ़ख़रे हिंदुस्तान अवार्ड से सम्मानित किया गया। उनकी शायरी और अच्छी ग़ज़लों के लेखन के लिए उन्हें लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्र व स्मृति चिह्न प्रदान किया गया।

उर्दू संस्था बज़्मे सलाम संदीलवी के अध्यक्ष डॉ. ज़ुबैर सिद्दीक़ी प्रदेश जाने-माने शायरों में गिने जाते हैं। वह कई ऑल इण्डिया मुशायरों में भी अपनी ग़ज़लों के द्वरा अपनी अलग पहचान बनाई है ।इससे पहले भी उनको उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी व अन्य संस्थाओं द्वरा सम्मानित किया जा चुका है। वह सामाजिक सेवा के साथ-साथ साहित्य की सेवा,उर्दू भाषा की सेवा में लगे रहते हैं।उनकी एक उर्दू ग़ज़लों की पुस्तक हदीसे बुतां के लिए भी सम्मानित किया जा चुका है।उनको सम्मान मिलने पर सण्डीला की उर्दू साहित्य की संस्था अंजुमन तरक्क़ी उर्दू के संरक्षक फ़रीद उद्दीन अहमद,संयोजक ग़ुलाम हुसैन,अध्यक्ष शमीम, अहमद खां, उपाध्यक्ष नदीम चौधरी,सचिव मुईज़ साग़री ने बधाई दी व बज़्मे मुस्लिम के अध्यक्ष अब्दुल वली व दावर रज़ा, मो. हसनैन अन्य साहित्यकारों शायरों ने डॉक्टर ज़ुबैर सिद्दीक़ी को बधाई दी है।

फखरे हिदुस्तान अवार्ड से सम्मानित डा. ज़ुबैर सिद्दीकी। अमृत विचार

जिला पंचायत सदस्य ने मारे लेखाकार को थप्पड़, मुकदमा

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। जिला पंचायत सदस्य ने पंचायत कार्यालय में लेखाकार को थप्पड़ मार दिया। हमले से लेखाकार अपनी कुर्सी से नीचे गिर गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने तहरीर में बताया कि ज़िला पंचायत सदस्य खनन खाते में जमा की जा चुकी रकम को वापस करने का दबाव बना रहे थे। जिसे न मानने पर मारपीट की और नौकरी न करने देने की धमकी भी दी।

ज़िला पंचायत के लेखाकार योगेश कुमार सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि सोमवार की शाम को ऑफिस में सरकारी कामकाज निपटा रहे थे। उसी बीच ज़िला पंचायत सदस्य सर्वेन्द्र गुप्ता पहुंचे और खनन के जमा कराए गए रुपये मांगने लगे। लेखाकार ने बताया कि रकम पहले ही खनन खाते में जमा की जा चुकी है। इतना सुनते ही ज़िला पंचायत सदस्य ने लेखाकार के थप्पड़ जड़ दिया। जिससे वह अपनी कुर्सी से गिर पड़े। कोतवाली शहर पुलिस ने लेखाकार की तहरीर पर ज़िला पंचायत सदस्य सर्वेन्द्र गुप्ता के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले की जांच एसआई मार्कंडेय सिंह को सौंपी गई है।

बैंक अधिकारियों के साथ बैठक करते जनपद न्यायाधीश राजकुमार सिंह।

बैंक सुलह समझौते के आधार पर कराएं निस्तारण

हरदोई, अमृत विचार। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राज कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई को मुख्यालय से लेकर तहसील स्तर पर किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर जनपद न्यायाधीश ने जिले के समस्त बैंक अधिकारियों के साथ बैठक की । राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंको के ऋण संबंधी मामलों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किये जाने के संबंध में समस्त बैंक अधिकारियों को जिला जज ने निर्देश दिए । जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंको के ऋण संबंधी मामलों का अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण किया जा सके। बैठक में नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत अपर जिला जज हेमेन्द्र कुमार सिंह, अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक (बैंक ऑफ इण्डिया) अरविंद रंजन, आर्यावर्त बैंक से विपुल कुमार सिंह, स्टेट बैंक से हरिनाम सिंह, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से अमित कुमार त्रिपाठी, आईसीआईसीआई बैंक से भानू श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

परोक्षे कार्यहन्तारं प्रत्यक्षे प्रियवादिनम्।
वर्जयेत्तादृशं मित्रं विषकुम्भं पयोमुखम् ॥

पीठ पीछे काम बिगाड़ने वाले या सामने प्रिय बोलने वाले ऐसे मित्र को मुंह पर दूध रखे हुए विष के घड़े के समान त्याग देना चाहिए ।

संपादकीय

समागम में भगदड़

हाथरस में धार्मिक समागम के बाद मची भगदड़ में बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो गई। देश में धार्मिक आयोजनों के समय भगदड़ के कारण हुई त्रासदियों में एक घटना और जुड़ गई। हादसे की जो तस्वीरें आई हैं वे विचलित कर देने वाली हैं। जान गंवाने वालों में बच्चे-बुजुर्ग महिलाएं भी शामिल हैं। भगदड़ का मुख्य कारण बताया जा रहा है कि कथावाचक भोले बाबा का काफिला निकल रहा था। इस दौरान समागम में शामिल श्रद्धालु भी अपने घर को निकल रहे थे। बाबा के काफिले को निकालने के लिए भीड़ को एक हिस्से से को रोका गया। वहां मौजूद लोग गर्मी और उमस के कारण परेशान हो रहे थे। बाबा का काफिला निकल गया तो लोग भागने लगे। हादसे के बाद प्रदेश सरकार ने जांच के लिए कमेटी का गठन किया है। मुख्यमंत्री ने 24 घंटे में जांच रिपोर्ट मांगी है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की ओर से मुआवजे का ऐलान कर दिया गया है। देश में यह पहली घटना नहीं है जब भगदड़ मचने से इतनी बड़ी तादाद में लोगों की मौत हुई हो। इससे पहले कई ऐसी घटनाएं घटी है जब कुछ ही घंटों में सैकड़ों लोगों ने अपनी जान गंवा दी। हादसे से साफ है कि इस प्रकार के आयोजनों के दौरान लोगों की सुरक्षा पर सजगता कितनी कम है। भीड़ भरे स्थलों को संभालने के लिए बने नियमों का उल्लंघन होता है।

सवाल उठता है कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों में ही क्यों ज्यादा भगदड़ मचती है। दरअसल धार्मिक आयोजनों में बड़ी संख्या में लोग जमा होते हैं। लोगों की संख्या भी तय नहीं होती, जिस कारण भीड़-प्रबंधन बेहद मुश्किल हो जाता है। कार्यक्रम में राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा समेत कई राज्यों के हजारों लोग लोग शामिल थे। कई किलोमीटर तक वाहनों की लाइन लगी थी। जापान की टोक्यो यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर क्लाउडियो फेलिचियानी और ऑस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स यूनिवर्सिटी के डॉ. मिलाद हागानी के शोध के मुताबिक भगदड़ के दौरान ज्यादातर लोग दम घुटने से मरते हैं। जब भीड़ एक दूसरे के ऊपर चढ़ती है तो उसकी शक्ति बहुत अधिक होती है। इतनी ताकत से जब किसी का शरीर भिंचता है तो सांस लेना असंभव हो जाता है। गिरकर मरने से ज्यादा लोग खड़े-खड़े मरते हैं। जो लोग नीचे गिरकर मरते हैं, वे भी दरअसल, सांस घुटने से मरते हैं क्योंकि उनके ऊपर गिरे या भागते लोग उनका दम घोंट देते हैं। ऐसे में सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के लिए ऐसा डेटाबेस होना और उसका विश्लेषण करना जरूरी है ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

कभी कभार कांग्रेस का हिंदुत्व

कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

संविधान सभा में कांग्रेस कुल या उसके समर्थन के कई सदस्यों ने मजहब आधारित अधिकारों में रियायत का विरोध किया। किसी सदस्य को तो अल्पसंख्यक शब्द तक से परहेज़ था। सीपी और बरार के पीएस देशमुख ने 27 अगस्त 1947 को संविधान सभा में कहा कि भारतीय इतिहास में अल्पसंख्यक से ज्यादा राक्षसी कोई शब्द नहीं दिखा, जो देश की तरक्की में अड़ंगे अटकाएगा।

हिंदुत्व शब्द का उल्लेख सावरकर और उनके भी पहले कांग्रेस नेता लाला लाजपत राय ने किया था। हिंदुत्व के नाम पर वोट मांगना कुछ मुकदमों में सुप्रीम कोर्ट ने जायज भी ठहराया लेकिन कुछ फैसलों में हिंदुत्व और हिंदुइज़्म को अलग करार दिया। रामकृष्ण मिशन ने भी एक मुकदमे में मांग की थी कि वह हिंदू धर्म का अनुयायी नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने दलील नहीं मानी। कई आदिवासी समूह हिंदू घोषित किए जाने पर कहते हैं कि वे हिंदू धर्म के अनुयायी नहीं है। संविधान में हिंदू, इस्लाम, ईसाई, बौद्ध, पारसी, सिक्ख, जैन आदि धर्मों की परिभाषा नहीं दी गई है।

विनायक दामोदर सावरकर के उल्लेख के कारण हिंदुत्व पर बहुत बहस मुबाहिसा, विचार विमर्श और चिल्लपों का भी बाजार गर्म होता रहा है। उसके उलट गांधी की हिंदू धर्म की प्रयोगधर्मी, सेक्युलर और समावेशी समझ के साथ कांग्रेस एवं अन्य लोग आज़ादी की लड़ाई के दौर में मध्यमार्गी विचारधारा की तरह विकसित होते रहे। लोकमान्य तिलक की अगुवाई में भी संतुलन रहा। जवाहरलाल नेहरू के कारण कांग्रेस को वामपंथ की ओर झुकाने का सिलसिला शुरू हुआ। गांधी, नेहरू, पटेल और मौलाना आज़ाद के कारण आंबेडकर को संविधान का खाका बनाने की केंद्रीय भूमिका सौंपी गई। संविधान में धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी होने के बावजूद हिंदुत्व समर्थकों का आरोप रहा है कि हिंदू कोड बिल के जरिए हिंदुओं के निजी अधिकारों में दखल दिया गया है, जबकि मुसलमानों के निजी मजहबी कानून जस के तस बने हुए हैं।

संविधान सभा में कांग्रेस कुल या उसके समर्थन के कई सदस्यों ने मजहब आधारित अधिकारों में रियायत का विरोध किया। किसी सदस्य को तो अल्पसंख्यक शब्द तक से परहेज़ था। सीपी और बरार के पीएस देशमुख ने 27 अगस्त 1947 को संविधान सभा में कहा कि भारतीय इतिहास में अल्पसंख्यक से ज्यादा राक्षसी कोई शब्द नहीं दिखा, जो देश की तरक्की में अड़ंगे अटकाएगा। आरके सिधवा ने अल्पसंख्यक शब्द को इतिहास की पोथी से ही मिटा देने की मांग की। आशंका भी जाहिर की कि

> हिंदू धर्म में पाखंड देखकर विवेकानंद गरजे थे कि 33 करोड़ देवी देवताओं के बदले दलितों और अकिंचनों को उनकी जगह स्थापित कर दिया जाए। संविधान सभा में नेहरूवादी तथा हिंदू राष्ट्रवादी वैचारिकों के बीच लगातार विवाद होता रहा है। धार्मिक अल्पसंख्यकों को न तो विधायिका में आनुपातिक प्रतिनिधित्व मिला और न ही सरकारी नौकरियों और नियोजन में। अल्पसंख्यकों को दिए गए गारंटीशुदा अधिकार और समान नागरिक संहिता के संकेत मुसलमानों के खातों में रह गए। कांग्रेस आज़ादी की लड़ाई में राजनीतिक पार्टी से ज्यादा आंदोलन रही है।

अल्पसंख्यकों को तालीमी संस्थाएं स्थापित करने के अधिकार देने से राष्ट्रीय एकता खंडित होगी और सांप्रदायिक तथा राष्ट्र विरोधी दकियानूसियां पनपेंगी। 26 मई 1949 को अल्पसंख्यकों की रिपोर्ट पर बहस करते कांग्रेस सदस्यों से नाराज एंग्लो-इण्डियन फ्रैंक एन्थोनी ने कटाक्ष किया, 'बिना दुर्भावना के कह रहा हूं-बहुत से सदस्य फकत नियम भर से कांग्रेसी हैं, लेकिन दरअसल विचारों में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और हिंदू महासभा के सदस्य हैं। उनके भाषण अखबारों में पढ़ते हैं कि भारत की आज़ादी और संस्कृति का हिंदू राज और हिंदू संस्कृति के अलावा और मायने क्या हो सकता है?

3 दिसंबर तथा 6 दिसंबर, 1948 को सबसे उत्तेजक जिरह करते कांग्रेसी लोकनाथ मिश्र ने कहा 'अनुच्छेद 13 (अब 19) स्वतंत्रता का घोषणापत्र है, लेकिन अनुच्छेद 19 (अब 25) हिंदुओं को गुलाम बनाने का घोषणापत्र। यह बेहद अपमानजनक अनुच्छेद मसौदे का सबसे काला दाग है। धर्म प्रचार के कारण ही देश पाकिस्तान और भारत में बंट गया। हर व्यक्ति को धर्म प्रचार का मूल अधिकार देना ठीक नहीं है। क्या यह सचमुच हमारा विश्वास है कि जीवन से धर्म को बिल्कुल अलग रखा जा सकता है? हज़रत मोहम्मद या ईसा और उनके विचारों और कथनों से हमारा झगड़ा नहीं है, लेकिन धर्म का नारा लगाना खतरनाक है। धर्म प्रचार शब्द के नतीजतन हिंदू संस्कृति तथा हिंदुओं की जीवन तथा आचार पद्धति के पूरे विनाश का ही मार्ग प्रशस्त होना है। इस्लाम ने हिंदू विचारधारा के खिलाफ दुश्मनी का ऐलान कर रखा है। ईसाइयों ने हिंदुओं के सामाजिक जीवन में दबे पांव प्रवेश किया है। यह इस कारण कि हिंदुओं ने अपनी हिफाजत के लिए दीवारें नहीं खड़ी कीं। हिंदुओं के उदार ख्यालों का दुरुपयोग करते राजनीति ने हिंदू संस्कृति को ही कुचल दिया। धर्म की आड़ में गरीबी और अज्ञान धार्मिक उन्माद के छाते के नीचे पनाह ले रही हैं। दुनिया के किसी संविधान में धर्म प्रचार को मूल अधिकार नहीं कहा है। धार्मिक प्रचार से लोगों में दुश्मनी बढ़ेगी।"

28 अगस्त 1947 को अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर रिपोर्ट पेश करते सरदार पटेल ने कह दिया था कि मुस्लिम लीग के प्रतिनिधियों का संशोधन मुझे मालूम होता तो उनके किसी प्रकार के संरक्षण के लिए राजी नहीं होता। वे उन्हीं तरीकों को अपना रहे हैं जिन्हें उन्होंने पृथक निर्वाचक मंडल जारी करते वक्त अपनाया था। मुसलमानों के दो दल रहे हैं-एक राष्ट्रीय अर्थात कांग्रेसी मुसलमानों का दल और दूसरा मुस्लिम लीग का। उनमें इलाहाबाद में समझौता हो गया। हमने उस समझौते को नहीं माना। देश विभाजित हो गया। वही ढंग फिर अपनाया गया जो देश के विभाजन के लिए अपनाया गया था। तो मैं कहूंगा जो लोग इस तरह की बातें चाहते हैं उनके लिए पाकिस्तान में जगह है, यहां नहीं। कांग्रेसी गोविन्ददास ने राष्ट्रभाषा के सवाल पर जिरह करते कटाक्ष किया "उर्दू साहित्य में हिमालय का नहीं, उसकी जगह कोहकाफ़ का वर्णन मिलेगा। देश की कोयल नहीं, सिर्फ बुलबुल का वर्णन मिलेगा। भीम और अर्जुन की जगह रुस्तम का वर्णन मिलेगा। मैं कहना चाहता हूं कि हम पर सांप्रदायिकता की तोहमत लगाना बिल्कुल गलत है। मैं यह अवश्य कहूंगा कि हिंदी के समर्थक सांप्रदायिक नहीं। जो उर्दू का समर्थन करते हैं, वे सांप्रदायिक हैं।" तैश में आकर आरवी धुलेकर ने कह दिया कि कुछ मुसलमानों के अपवाद को छोड़कर ज्यादातर ने आज़ादी के आंदोलन में हिस्सा नहीं लिया था। उनमें से कई द्विराष्ट्रवाद के समर्थक भी थे। 'पिछले अड़तीस वर्षों में, जब से मैं कांग्रेस में था, इसे मानने अथवा इस मैत्री की नीति, अथवा इस हिंदुस्तानी के मामले का जो इतिहास रहा उसे कुछ याद करने की ज़रूरत है। मैं कहता हूं कि कुछ हजार मुसलमानों के अतिरिक्त, जो इस देश के सपूत हैं, और जो अब भी हमारे साथ हैं, अन्य सभी मुसलमान हमारे साथ नहीं रहे, वे इस देश को अपना देश नहीं समझते थे। इसी कारण वे पृथक होना चाहते थे। वे पृथक निर्वाचन क्षेत्र चाहते थे।

हिंदू धर्म में पाखंड देखकर विवेकानंद गरजे थे कि 33 करोड़ देवी देवताओं के बदले दलितों और अकिंचनों को उनकी जगह स्थापित कर दिया जाए। संविधान सभा में नेहरूवादी तथा हिंदू राष्ट्रवादी वैचारिकों के बीच लगातार विवाद होता रहा है। धार्मिक अल्पसंख्यकों को न तो विधायिका में आनुपातिक प्रतिनिधित्व मिला और न ही सरकारी नौकरियों और नियोजन में। अल्पसंख्यकों को दिए गए गारंटीशुदा अधिकार और समान नागरिक संहिता के संकेत मुसलमानों के खातों में रह गए। कांग्रेस आज़ादी की लड़ाई में राजनीतिक पार्टी से ज्यादा आंदोलन रही है। मदन मोहन मालवीय जैसे कद्दावर नेता कांग्रेस और हिंदू महासभा दोनों के अध्यक्ष लगभग एक समय ही रह पाए थे। नेहरूवादी दृष्टि का पूरा स्वीकार कांग्रेसियों ने अपने आचरण में नहीं किया। यही वजह है कांग्रेस आज अपने राजनीतिक आदर्शों को लेकर अतीत की अंतर्ध्वनियों को सुनती भर रहती है।

प्रसंगवश

हिंदू की राजनीतिक खींचातानी

प्राचीन आर्ष ग्रंथों में 'हिंदू' शब्द कहीं नहीं है। आर्य अनार्य शब्द आए हैं। गीता अध्याय2/2 में "अनार्यजुष्टमस्वर्ग्यम्" कहकर 'अश्रेष्ठ' के लिए अनार्य शब्द प्रयुक्त हुआ है। वैसे अपना प्राचीन दर्शन 'सर्वभूतहित रत' यानी सब प्राणियों के कल्याण की ही बात करता है। हिंदू शब्द 'सिंधु' से बना। कहीं इसे इंदु (चंद्रमा) और 'इण्डो आर्य' से उद्भूत भी बताया गया। जो भी हो, अब हिंदू भारत में एक बहुसंख्यक संप्रदाय है और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ 1925 में अपनी स्थापना के समय से ही इस वर्ग के हितों की बात करता रहा है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

सद्यः लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए कहा कि 'खुद को हिंदू कहने वाले हिंसा की बात करते हैं'। इसको लेकर तूफान खड़ा हुआ है कि राहुल पूरे हिंदू समाज को हिंसक बता रहे हैं। दरअसल राहुल की बात का भावार्थ न देखकर बिना तिल के ताड़ बनाया जा रहा है। राहुल का निशाना आरएसएस और भाजपा हैं, न कि संपूर्ण हिंदू समुदाय, चूंकि ये हिंदुत्व की लाठी भांजते हैं और अपने को इस समुदाय के हितों का ठेकेदार मानते हैं। हिंदू मुस्लिम मतों के ध्रुवीकरण से लाभ इन्हीं का होता रहा है। सोचने की बात है कि जो राहुल अपने को दत्तात्रेय गोत्री जनेऊधारी ब्राह्मण कहते हैं, वे पूरे हिंदू समुदाय को हिंसाप्रिय कैसे कह सकते हैं? वे विगत में शिव मंदिरों में जाते रहे हैं और लोकसभा में भी शिव जी का चित्र लेकर आए तथा यह कहकर दिखा रहे थे कि देखो! ये अभय दान की मुद्रा में हैं। उन्होंने अन्य संप्रदायों के भी महापुरुषों को सकारात्मक रूप से उद्धृत किया। ऐसे में राहुल के वाक्य में व्याकरण दोष निकालकर उन्हें हिंदू विरोधी ठहराना तथ्यों के विपरीत होगा। अब उन्हें 'पप्पू' 'या शहजादे' कहकर खिल्ली उड़ाने से काम नहीं चलेगा। बेहतर होगा कि सत्तापक्ष वास्तविकताओं को स्वीकार कर ले और मुल्कराज आनंद की कहानी "ए पेयर आफ मुस्टैचेस"(मूछों का जोड़ा) के खान आज़म खान की तरह व्यवहार न करे, जिसका अपनी मिथ्या अकड़ में परचून वाले सेठ रामानंद के मुकाबले पतन हो गया था।

ऊर्जा दक्षता के लिए छोटे-छोटे प्रयास जरूरी

हाल ही में इटली के अपुलिया में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में एक बार फिर ऊर्जा क्षेत्र को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। यह दुनिया में ऊर्जा क्षेत्र के बढ़ते महत्व को दर्शाता है। सम्मेलन में कहा गया है कि दुनिया के सात सर्वाधिक संपन्न देशों का समूह जी-7 जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करेगा और ऊर्जा के बदलते स्रोतों को अपनाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाएगा। सम्मेलन की समाप्ति पर समूह की तरफ से जारी मसौदा बयान में यह बात कही गई। मसौदे में कहा गया है कि हम जीवाश्म ईंधन पर धीरे-धीरे व्यवस्थित ढंग से निर्भरता कम करेंगे। 2050 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने के लिए इस दशक में हम मिलकर गंभीरता से प्रयास करेंगे। इस दस्तावेज में कहा गया है कि 2035 तक कोयला आधारित बिजली उत्पादन में कटौती की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी और इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

> असल में देश में ऊर्जा क्षेत्र में त्वरित सुधारों की दरकार है। सबसे पहले तो आयात पर निर्भरता कम करने के लिए घरेलू कोयले की गुणवत्ता में सुधार पर ध्यान देना होगा।

गौरतलब है कि बीते अप्रैल महीने में जी-7 देशों के वित्त मंत्री इस प्रस्ताव पर सहमत हुए थे। वहीं सम्मेलन में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में भारत का दृष्टिकोण चार सिद्धांतों उपलब्धता, पहुंच, सामर्थ्य और स्वीकार्यता पर आधारित है। हम 2070 तक नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करने की अपनी प्रतिबद्धता पूरी करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। मोदी ने वैश्विक नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें मिलकर आने वाले समय को हरित युग बनाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत कॉप के अंतर्गत ली गई सभी प्रतिबद्धताओं को समय से पहले पूरा करने वाला प्रथम देश है। उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र के महत्व को रेखांकित करते हुए यह भी कहा कि हमें मिलकर आने वाले समय को ग्रीन एरा बनाने का हर संभव प्रयास करना चाहिए।

आखिर क्यों बार-बार एनर्जी सेक्टर पर इतनी गंभीरता से बातचीत की जा रही है? क्यों वैश्विक मंचों पर इस मुद्दे को हर बार उठाया जा रहा है? असल में दुनिया ऊर्जा के क्षेत्र में संकटों का सामना कर रही है। सभी इस बात को समझ चुके हैं कि इस क्षेत्र पर अभी गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाला समय बहुत चुनौतीपूर्ण होगा। उभरते ऊर्जा संकट, घटते जीवाश्म ईंधन संसाधनों और उच्च तेल की कीमतों के साथ जलवायु परिवर्तन की चिंताओं ने बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय, वैकल्पिक, पर्यावरण अनुकूल और कार्बन तटस्थ ईंधन के विकास की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है। अधिकांश ऊर्जा संकट स्थानीय कमी, युद्ध और बाजार में हेरफेर के कारण हुए हैं। कुछ लोगों ने तर्क दिया है कि कर वृद्धि, ऊर्जा कंपनियों का राष्ट्रीयकरण और इस क्षेत्र के विनियमन जैसी सरकारी कार्रवाई ने इस संकट को बढ़ाया है।

जहां तक भारत की बात है, तो इसके ऊर्जा संकट से निपटने की राह में कई चुनौतियां हैं। पहली बात तो यह है कि सभी के पास सीमित ऊर्जा संसाधन हैं। भारत के पास कोयला, तेल और गैस जैसे सीमित ऊर्जा संसाधन ही मौजूद हैं और यह अपनी बढ़ती ऊर्जा मांगों की पूर्ति के लिए आयात पर निर्भर है।

देश के ऊर्जा क्षेत्र को अपने बुनियादी ढांचे में सुधार और अपनी ऊर्जा क्षमता का विस्तार करने के लिए वृहद निवेश की आवश्यकता है, लेकिन सरकार और निजी क्षेत्र ऊर्जा क्षेत्र में पर्याप्त निवेश नहीं कर पा रहे हैं। देश की निम्न प्रति व्यक्ति आय और उच्च गरीबी दर भी लोगों के लिए स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों का वहन कर सकना कठिन बनाती है। वहीं इस क्षेत्र में राजनीतिक और नियामक बाधाएं भी हैं। देश का ऊर्जा क्षेत्र अत्यधिक विनियमित या नियंत्रित है और इसमें सुधार की राह में उल्लेखनीय बाधाएं मौजूद हैं। इसमें एजेंसियों में समन्वय की कमी एक प्रमुख घटक है।

असल में देश में ऊर्जा क्षेत्र में त्वरित सुधारों की दरकार है। सबसे पहले तो आयात पर निर्भरता कम करने के लिए घरेलू कोयले की गुणवत्ता में सुधार पर ध्यान देना होगा। इसे कोयले के कैलोरी मान को बढ़ाने और राख की मात्रा को कम करने के लिए प्रौद्योगिकी में निवेश कर प्राप्त किया जा सकता है। वहीं नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहित करना होगा।

सोशल फोरम

सत्य कहां होता है

सत्य कहां होता है, सत्य क्या भीड़ में, नेता में या मीडिया में होता है या इनके बाहर होता है? वास्तविकता यह है सत्य इन तीनों के बाहर होता है, सत्य वह नहीं है जो झुंड बोल रहा है, सत्य वह भी नहीं है तो नेता बोल रहा है या मीडिया बोल रहा है, सत्य वह है जो इन तीनों के बाहर हमारी आंखों से, हमारे विवेक से ओझल है। जीवन में देखो सत्य नजर आएगा।

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

उपरोक्त तर्कों के आधार पर परंपरा में जाकर देखें, मसलन, राजा राममोहन राय के सती प्रथा के विरोध को देखें, जिस समय उन्होंने सती प्रथा का विरोध किया, बंगाल में अधिकांश लोग सती प्रथा समर्थक थे, अधिकांश मीडिया भी सती प्रथा समर्थकों के साथ था, अधिकांश शिक्षितलोग भी उनके ही साथ थे। लेकिन सत्य राजा राममोहन राय के पास था, उनकी नजरों से देखने पर अंग्रेजों को भी वह सत्य नजर आया वरना वे भी सती प्रथा को बंद करना नहीं चाहते थे।

कहने का आशय यह है सत्य वह नहीं होता जो भीड़ कह रही है। कल्पना करो आर्यभट्ट ने सबसे पहले जब यह कहा कि पृथ्वी घूमती है और सूर्य की परिक्रमा लगाती है तो उस समय लोग क्या मानते थे, उस समय सभी लोग यही मानते थे सूर्य परिक्रमा करता है, सभी ज्योतिषी यही मानते थे। लेकिन आर्यभट ने सत्य बोलना बंद नहीं किया, आज आर्यभट्ट सही हैं, सारी दुनिया इस बात को मानने को मजबूर है। जान लें आज भी जो ज्योतिष पढ़ाई जाती है उसमें आर्यभट्ट हाशिए पर हैं, वे न्यूनतम पढ़ाए जाते हैं लेकिन सत्य उनके ही पास था।

कहने का आशय यह कि हमें भीड़, नेता के कथन और मीडिया की राय से बाहर निकलकर सत्य जानने की कोशिश करनी चाहिए। सत्य आमतौर पर हमारी आंखों से ओझल होता है उसे परिश्रमपूर्वक हासिल करना होता है, उसके लिए कष्ट भी उठाना पड़ता है। बिना कष्ट उठाए सत्य नहीं दिखता। सत्य तो हमेशा कॉमनसेंस के बाहर होता है। कोरोना, डिजिटल इंडिया, वैक्सीनेशन आदि का सत्य वह नहीं है जो बताया जा रहा है सत्य वह है जो आने वाला है, अदृश्य है । भीड़ चेतना सत्य नहीं है।

-फेसबुक वॉल से

ऑनलाइन फूड डिलीवरी- तौबा मेरी तौबा

अक्सर लोग एक ही तरह का खाना खाते-खाते ऊब जाते हैं। ऐसे में कुछ स्वादिष्ट और अलग भोजन करना चाहते हैं। ऑनलाइन फूड डिलीवरी सर्विसेज आप के दरवाजे पर कई तरह के व्यंजन उपलब्ध करवाते हैं। स्थानीय से लेकर अंतर्राष्ट्रीय तक, आप जब चाहे, जहां चाहे, भोजन आप तक हाज़िर है, चाहे वह किसी भी देश का भोजन हो या फिर स्थानीय इलाके का जब चाहें स्वाद चख सकते हैं।

डॉ. धीरज सिंह
मुंबई

> आजकल ऑनलाइन फूड डिलीवरी का क्रेज बढ़ता जा रहा है लेकिन शायद ही किसी को इस बात का पता है कि ये फूड सामान्य से 60 प्रतिशत तक अधिक मंहगे होते है।

लॉकडाउन के दौरान ऑनलाइन फूड डिलीवरी का तेजी से विकास देखा गया, अच्छा ऑनलाइन डिलीवरी एप्प उन लोगों के लिए सबसे अच्छा विकल्प बन गया था जो उस दौरान अपने घरों से बाहर नही जा पा रहे थे। इसके अलावा कई लोगों ने उज्ज्वल भविष्य देखकर इस व्यवसाय में निवेश करना शुरू कर दिया। इस से ऑनलाइन फूड ऑर्डरिंग बाजार में जबरदस्त उछाल आया और देखते ही देखते इस क्षेत्र में कई स्टार्ट अप के लिए अवसर खुल गए। साथ ही गला काट स्पर्धा भी शुरू हो गई, इसका असर यह हुआ कि सर्विस के भाव में गिरवाट आ गई। जल्दी डिलीवरी देने के फेर में गलतियां शुरू हो गई। गलत आर्डर, गलत बिल के साथ और गैरजिम्मेदार होने लगे।

अभी हाल ही में मुंबई के मलाड इलाके में बेहद ही चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक डॉक्टर और उसकी पत्नी ने दावा किया है कि आइसक्रीम कोन के अंदर इंसान की एक कटी हुई उंगली मिली। महिला ने सोशल मिडिया पर इसकी तस्वीर शेयर की और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस तहकीकात में पता चला कि बात बिल्कुल सही है। इंसानी ऊंगली का टुकड़ा वह भी आइसक्रीम में?

मुंबई से ही संबंधित एक मजेदार वाक्या है, आजकल मुंबई में मूसलाधार बारिश शुरू हो चुकी है, एक डिलीवरी ब्वाय की मोटर साइकिल खराब हो गई तो वह घोड़े पर बैठकर घर-घर डिलीवरी पहुंचाने लगा था। बात तो तब खुली जब उसका विडियो सोशल मिडिया पर वायरल हो गया। यह व्यवसाय अब मनोरंजन भी प्रदान कर रहा है।

इसी साल मार्च माह की घटना है। बैंगलुरु की एक साफ्ट वेयर इंजीनियर लड़की ने ऑनलाइन फूड एप्प से खाने का आर्डर दिया। खाना लेकर एक युवा उचित समय पर आ भी गया। लड़की ने इंसानियत के नाते उससे पानी के लिए पूछा तो लड़का बाथरूम उपयोग का बहाना बना, घर में घुस गया और लड़की के साथ अश्लील हरकत करने लगा। लड़की ने जब शोर मचाया तो डिलीवरी ब्वाय वहां से भाग गया। अकेली रहने वाली लड़कियों के लिए ऐसे अंजान फूड ऑर्डरिंग ब्वायज भी खतरनाक हो सकते हैं। उन्हे सावधान रहना चाहिए।

कुछ माह पहले निरूपमा सिंह नाम की एक महिला ने ट्विट किया था कि उसने ऑनलाइन डिलीवरी एप्प से शाकाहारी भोजन का ऑर्डर दिया था और उसे मांसाहारी भोजन भेज दिया गया। उस के घर में कुल पांच लोग है और उनमे से चार पूर्ण शाकाहारी है। हमने शुद्ध शाकाहारी खाने का ऑर्डर दिया था और हमें मांसाहारी भोजन मिला। शुक्र है कि समय पर हम चेत गए वर्ना हमारा धर्म भ्रष्ट हो जाता।

इस वजह से जबलपुर में एक डिलीवरी ब्वाय का धर्म देखकर एक व्यक्ति ने ऑर्डर कबूल करने से ही मना कर दिया था,उसे शंका थी कि उसके खाने में भी कुछ गडबड़ी हो सकती है? उस वक्त काफी हो हल्ला भी बहुत हुआ था लेकिन कंपनी की तरफ से सफाई और "भोजन का कोई धर्म नही होता", जैसा बयान देने के बाद जाकर मामला ठंडा हुआ था।

एक और अजीबो-गरीब घटना दो साल पहले भी घटी है। हरियाना के पानीपत में एक व्यक्ति ने मछली के व्यंजन का ऑर्डर दिया। ऑर्डर ठीक समय पर बताए गए पते पर डिलीवर भी हो गया लेकिन जैसे ही उसे खोला गया, उसमे एक मरा हुआ जहरीला सांप मिला। यह तो गनीमत रही कि सांप जिंदा नही था। जब यह बात सोशल मिडिया पर वायरल हुई तो एक युजर ने लिखा था, लगता है, आजकल फूड डिलीवरी वाले सीधे सुन्दर वन से ऑर्डर पैक करते है।

गोवा का माइकल भूख से तड़प रहा था, उसने ऑनलाइन फूड ऑर्डर किया था लेकिन फूड आने में देर हो रही थी। इंतजार का एक एक पल घंटों की तरह लग रहा था, तभी उसके दरवाजे की घंटी बजी और वह उस दौड़ा, दरवाजा खोला तो उसे कोई दिखाई नहीं दिया, नीचे देखा तो दरवाजे के पास भी फूड पैकेट पड़ा था लेकिन जब उसने पैकेट खोला तो उसमे खाना ही नहीं था, एक पर्ची थी जिसमे लिखा था, "अगली बार ऑर्डर देंगे तो टिप जरूर देना!" माइकल ने खाने के पैसे चुकाये थे लेकिन टिप नही जोड़ा था तो उसे खाने का खाली डिब्बा मिला। डिलीवरी ब्वाय ने रास्ते में ही खाना चट कर लिया था। ऑनलाइन फूड ऑर्डरिंग में ऐसी बहुत सी कहानियां देखने सुनने को मिल जाएंगी। बीच में तो ऐसे बहुत से विडियो भी वायरल हो रहे थे जिसमें डिलिवरी ब्वाय ऑर्डर का खाना चट करते हुए नजर आ रहे हैं।

आजकल ऑनलाइन फूड डिलीवरी का क्रेज बढ़ता जा रहा है लेकिन शायद ही किसी को इस बात का पता है कि ये फूड सामान्य से 60 प्रतिशत तक अधिक मंहगे होते है। महंगाई के साथ इसी सब अजीबो-गरीब डरावनी घटनाओं की वजह से आज लोगों ने ऑनलाइन फूड ऑर्डर देने से परहेज करना शुरू कर दिया है।

ग्रामीण बैंकों के विलय की उठी मांग

देश की दो बड़ी अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ और आल इंडिया बैंक एंपलाइज एसोसिशन ने वित्त मंत्री से सभी 43 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको को उनके प्रायोजक बैंक में विलय करने का अनुरोध किया है। बैंको की संपूर्ण प्रगति और एकरूपता के लिए ऐसा किया जरूरी बताया गया है। यह मांग यूनियंस द्वारा पहले भी उठाई जाती रही है और ग्रामीण बैंक के अधिकारियों ने इसको लेकर आंदोलन भी किए थे।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

उल्लेखनीय है कि ग्रामीण बैंक की शाखाएं सुदूर ग्रामीण अंचल में फैली हुई हैं, जिनकी संख्या पूरे देश में 22000 के करीब है। देश भर के 702 जिलो में कुल 30 करोड़ जमा खाते और करीब 3 करोड़ लोन खाते हैं।

ऐसा माना जा रहा है कि अगर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का अपने स्पांसर बैंक में विलय होता है तो ग्रामीण बैंकों में विद्यमान स्टाफ की कमी की प्रबल समस्या का समाधान होगा। आपसी प्रतिस्पर्धा पर विराम लगेगा और ग्रामीण बैंक के अधिकारी और कर्मचारी बैंकिग की नई और मुख्य धारा में जुड़ेंगे जो ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीन विकास के लिए बेहद जरूरी भी है। साथ ही साथ लो कास्ट डिपाजिट मोबलाइज करना और ऋण के अच्छे प्रस्ताव मिलना भी आसान होगा।

यह उल्लेख करना जरूरी है कि पंजाब एंड सिंध बैंक को छोड़ कर सभी ग्रामीण बैंक किसी ने किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से मूल रूप से जुड़े हुए हैं और देश भर में ग्रामीण बैंको की 92 प्रतिशत शाखाएं ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्र में काम कर रही हैं और स्टाफ की बेहद कमी के दौर से गुजर रही हैं। प्रायोजक बैंक में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का विलय बैंकिग उत्पादों को त्वरित रूप से ग्राहकों तक पहुंचाने और ग्रामीण जनता की सभी बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा कर सकेगा। देखना होगा कि क्या वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन यूनियन के प्रस्ताव को स्वीकार कर ग्रामीण बैंकों के उनके (प्रायोजक) स्पासर बैंक में विलय को तैयार होंगी।

एक नजर

कोर्ट के आदेश पर आठ माह बाद पांच लोगों पर मुकदमा

मल्लावां, हरदोई। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आठ माह बाद गला दबाकर हत्या करने के मामले में पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। मल्लावां कोतवाली के देवीपुरवा तेरवाकुल्ली निवासी रूपराम पुत्र रामभरोसे किसान ने न्यायलय में दी तहरीर में बताया कि 26 अक्टूबर 2023 को उसके 22 वर्षीय पुत्र गोविन्द की गला दबाकर रामरतन, पवनेश, ओमजी, वंदना, अखिलेश निवासीगण देवीपुरवा मजरा तेरवकुल्ली ने गला दबाकर हत्या कर दी थी। पीड़ित की कोतवाली में सुनवाई न होने पर न्यायालय का सहारा लिया, जिसके आदेश पर पुलिस ने पांचो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया।

भाजपा युवा मोर्चा ने फूंका राहुल का पुतला

हरदोई। भाजपाइयों ने मंगलवार को जिंदपीर चौराहे पर राहुल गांधी का पुतला फूंक कर विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि राहुल गांधी का बयान बेहद निंदनीय है। हिंदू समाज घोर निंदा करता है। भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष आकाश सिंह के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता व पदाधिकारी ने सड़क पर राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को लेकर दिए गए विवादित बयान को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। भाजपा प्रदर्शन को लेकर दमकल विभाग से लेकर शहर कोतवाली पुलिस रेलवे गंज चौकी पुलिस अलर्ट रही।

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रोजगार मेला 12 को

तिलाई, अमेठी। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय अमेठी एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तिलोई के संयुक्त तत्वाधान में 12 जुलाई को पूर्वान्ह 10.30 बजे जनपद के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तिलोई में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा।

ग्रामीण क्षेत्रों की मुख्य सड़कें गड्ढों में हुईं तब्दील

टोडरपुर हरदोई, अमृत विचार। विकास खंड टोडरपुर क्षेत्र के कई मार्ग जर्जर हालत में हैं। सिकंदरपुर बाजार से खेरिया मार्ग लगभग दो किलोमीटर कई वर्षों से खड़ंजा जर्जर हालत में है, मार्ग पर स्थित पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो चुकी है। इसके अलावा टोडरपुर से सलेमपुर राय तक लगभग तीन किलोमीटर तक गड्ढों की भरमार है। दो-दो फिट के गहरे गड्ढों के चलते दोपहिया व चौपहिया वाहनों को ही नहीं राहगीरों को पैदल चलने में भी दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत कोठिला से सुरजीपुर गांव तक लगभग तीन किलोमीटर जर्जर है। कोठिला से कोडरा सरैया जाने वाला रोड गड्ढों में तब्दील हो चुका है।

पोस्टमार्टम हाउस की एसी तक हो गई चोरी

संवाददाता, हरदोई

फॉलोअप

अमृत विचार। साल 2019 में मार्डन पोस्टमार्टम हाउस की शुरुआत हुई थी। गर्मियों में डेड बाडी को सुरक्षित रखने के लिए वहां पोस्टमार्टम रूम के अंदर आमने-सामने दो एसी लगी हुईं थी। साथ ही और भी तमाम सुविधाएं मुहैय्या कराई गई थी। पहले तो सारा कुछ सरकारी नियमों के दायरे में होता रहा। लेकिन उसके बाद वहां पहुंचे फार्मासिस्ट ने अपने नियम लागू कर दिए। उसके बाद कुछ ही दिन गुज़रे कि वहां पोस्टमार्टम रूम की दोनों एसी गायब हो गई। एक एसी वहां से उखाड़ कर डाक्टर के रूम में लगा दी गई, लेकिन दूसरी का कुछ पता नहीं है। इसी के चलते भीषण गर्मी में डेड बाडी पोस्टमार्टम हाउस में सड़ने लगती हैं।

बताया गया है कि साल 2019 में जब मार्डन पोस्टमार्टम हाउस बन कर तैयार हुआ था, तो लोग उसे देखने के लिए जाते थे। अंदर काफी सुख-सुविधाए दी गई थी। जहां डेड बाडी का पोस्टमार्टम किया जाता है, उस रूम में आमने-सामने दो एसी लगी हुईं थी। काम भी सरकारी नियमों के तहत हो रहा था, लेकिन फार्मासिस्ट पकंज सचान के वहां पहुंचते ही बहुत कुछ उलट-फेर हो गया। सारे सरकारी नियम एक किनारे रख दिए गए और फिर शुरु हुआ 'वन मैन शो' उसी शो के बाद से पोस्टमार्टम रूम में लगी एसी की ऐसी-तैसी हो गई, कुछ ही दिनों बाद एक एसी वहां से उखाड़ कर वहां के डाक्टर रूम में लग गई, लेकिन दूसरी का कुछ पता नहीं चल रहा है। ऐसी गर्मी में डेड बाडी के पोस्टमार्टम करने में वहां के कर्मियों को तमाम तरह की दिक्कतो से जूझना पड़ रहा है। दूसरी एसी के बारे में किसी को कुछ नहीं पता है।

फार्मासिस्ट के सरकारी आवास में लग गया एसी

पोस्टमार्टम हाउस में लगी एसी के बारे में पता चला है कि एक एसी तो डाक्टर रूम में लगा ली गई और दूसरी फार्मासिस्ट पंकज सचान ने सीएमओ ऑफिस के कैम्पेस में अपने सरकारी आवास में लगा रखी है। फार्मासिस्ट पंकज सचान का पोस्टमार्टम हाउस में इतना दबदबा थाकि कुछ कहना तो दूर कोई उसे टोक तक नहीं सकता था। माना अगर किसी ने गलती से ऐसा कर भी दिया तो उसे बाहर का रास्ता दिखाने की धमकी दी जाती थी। सीएओ तक से वह अभद्रता कर चुका है।

दो बसों में टक्कर, दो की मौत व दर्जनों सवारियां घायल

लखनऊ-पलिया हाईवे पर दलेल नगर के पास मंगलवार की शाम हुआ हादसा, मौके पर मची चीख-पुकार

संवाददाता, कछौना, हरदोई

अमृत विचार। लखनऊ-पलिया हाई-वे पर दलेल नगर गांव के पास हरदोई डिपो की रोडवेज और निजी बस में आमने-सामने टक्कर हो गई, जिससे निजी बस के पलटने से दो की मौत हो गई और दर्जनों सवारियां ज़ख्मी हो गई। मंगलवार की शाम हुए हादसे का पता होते ही वहां भीड़ दौड़ पड़ी। काफी देर तक पलटी बस को सीधा किया जाता रहा। उसी दौरान का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें सिर्फ चीखने-चिल्लाने की आवाज़ सुनाई पड़ रही है।

बताया गया कि मंगलवार की शाम लखनऊ-पलिया हाई-वे पर दलेल नगर के पास हरदोई डिपो की रोडवेज और निजी बस में आमने-सामने टक्कर होने से निजी बस पलट गई। जिससे उस पर सवार दर्जनों लोग उसके नीचे दब गए। इसका पता होते ही काफी भीड़ वहां पहुंच गई। साथ ही पुलिस भी पहुंची। भीड़ ने बमुश्किल बस के नीचे दबे हुए लोगों को बाहर निकाला, जिन्हें सीएचसी कछौना पहुंचाया गया। साथ ही कुछ को निजी हास्पिटल भेजे गए। सीएससी पर पहुंचाए गए श्रीकृष्ण पुत्र रूपलाल निवासी पतसेनी व शैलेंद्र पुत्र रामलखन निवासी बघौली की मौत हो गई, जबकि अशोक कुमार त्रिपाठी पुत्र देवी नारायण निवासी महरी बघौली, छोटेलाल पुत्र सरदार चांद बेहटा हरदोई वह मोहम्मद सुल्तान पुत्र सलाम निवासी इस्लाम नगर कछौना और कासिमपुर थाने के गांव हवेली निवासी सुधीर गुप्ता पुत्र सत्यनारायण गुप्ता बुरी तरह से ज़ख्मी बताए गए है। जिसमें छोटेलाल की हालत बिगड़ती देख उसे मेडिकल कालेज केलिए रेफर कर दिया गया है। हादसे में ज़ख्मी हुए तमाम लोगों का निजी हास्पिटल में इलाज चल रहा है। पुलिस हादसे की गहराई से जांच कर रही है।

हादसे में क्षतिग्रस्त निजी बस।

रोते-बिलखते मृतकों के परिजन। अमृत विचार

ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। सांडी स्थानीय थाना क्षेत्र के कटरा बिल्हौर हाईवे पर शटरिंग लदी ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार अधेड़ की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र के दुर्गागंज गांव निवासी 55 वर्षीय ओमकार पुत्र लालता बाइक पर सवार होकर निजी कार्य के लिए सांडी कस्बे मे आ रहे थे तभी थाना क्षेत्र के कटरा बिल्हौर हाईवे पर नेकपुर हातिमपुर गांव के पास शटरिंग लदी ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

मानसून में बढ़ रही लोगों को कान की समस्या

हरदोई। मानसून ने दस्तक दे दी है। जिला समेत आसपास के इलाकों में झमाझम बारिश ने लोगों को गर्मी से निजात दिलाई है। हालांकि बारिश रुकने से लोग उमस से जरूर परेशान हो रहे हैं। एक और जहां बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है वहीं बारिश में संक्रमण के फैलने का खतरा काफी बढ़ जाता है। मेडिकल कॉलेज में बारिश के चलते संक्रमित हुए मरीजों की संख्या बढ़ रही है। बारिश में सांप बिच्छू के काटने का खतरा भी काफी अधिक रहता है। जिला प्रशासन द्वारा लगातार लोगों को घास फूस में न जाने व सावधानी बरतने की अपील कर रहा है। बारिश में सबसे ज्यादा खतरा कान के मरीजों को रहता है। बारिश में सबसे ज्यादा समस्याएं कान में लोगों को उत्पन्न होती हैं। मेडिकल कॉलेज में इन दिनों कान के मरीज की की संख्या काफ़ी बढ़ गई है।

ममेरी बहन की धोखाधड़ी से लगा सदमा महिला ने विषाक्त खाकर की आत्महत्या

संवाददाता, हरदोई

निराशा

▸▸ खेत बेचकर लखनऊ में प्लाट खरीदने को दिए थे पैसे, बहन ने हड़प लिए रुपये

अमृत विचार। ममेरी बहन के झांसे में आई महिला ने खेत बेंच कर लखनऊ में प्लाट खरीदा, उसके बाद उसी ममेरी बहन ने प्लाट के कागज और करीब तीन लाख रुपये दबा लिए। मांगने पर न तो कागज़ दिए और न ही रुपये वापस किए। उसी के सदमे मे महिला ने मंगलवार को जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया। उसका कहना है कि तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कछौना कोतवाली के ज्ञानपुर निवासी रामकुमार मज़दूरी करता है। खेती उसकी 35 वर्षीय पल्लवी शुक्ला के नाम था। पल्लवी की ममेरी बहन लखनऊ में रहती है। उसी ने पल्लवी को खेत बेंच कर लखनऊ मे प्लाट खरीदने का झांसा दिया। पल्लवी ने खेत बेंच कर सारा रुपया अपनी ममेरी बहन को दे दिया। उसने पल्लवी को बताया कि उसका लखनऊ प्लाट खरीद लिया गया। घर वालो का कहना है कि पल्लवी ने उससे प्लाट के कागज़ और रुपये मांगे तो वह इधर-उधर की बातें करने लगी। कई मांगने के बाद भी पल्लवी को कुछ नहीं मिला। उसे पूरा पता हो गया कि उसकी बहन ने ही उसके साथ ठगी की, इसी के चलते वह डिप्रेशन में रहने लगी। उसी केचलते सोमवार की शाम पल्लवी ने घर में रखी कोई ज़हरीली चीज़ खा ली, हालत बिगड़ती देख उसे कछौना सीएचसी ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया। पल्लवी को उसके घर वाले मेडिकल कालेज ला रहे थे, उसी बीच रास्तें में हालत और बिगड़ गई, जिसके चलते उसे 100 बेड हास्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। पल्लवी के एक बेटा सत्यम है। पिता रमाकांत निवासी ने फिलहाल अभी किसी तरह का आरोप नहीं लगाया। कहा कि अपनों ने ही पुत्री के साथ अच्छा नहीं किया। पुलिस का कहना है कि तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में कुछ कहा जा सकता है।

सड़क निर्माण में हो रही देरी

संवाददाता, कछौना, हरदोई,

अमृत विचार। प्रधानमंत्री सड़क ग्राम योजना के तहत लखनऊ पलिया मार्ग हाईवे से ज्ञानपुर चौराहा से गौहानी संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। जिसकी शिकायत सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत कुमार सिंह निवासी कामीपुर ने उच्च अधिकारियों से की है। इस मार्ग से दर्जनों गांवों के राहगीरों का प्रतिदिन आवागमन रहता है।

बताते चले विकास खंड कछौना की लखनऊ पलिया मार्ग के ज्ञानपुर चौराहा से गौहानी संपर्क मार्ग आवागमन हेतु मुख्य मार्ग है। इस मार्ग से ग्राम सभा कामीपुर, ज्ञानपुर, धंधार, मंडिलहिया, आरखतलिया, जब्बर खेड़ा, अवसेरी खेड़ा, गौहानी, नौवाखेड़ा, बरुआहार, संपहैया, मुसलमानाबाद व संडीला से मल्लावा मार्ग को जोड़ती है। इस मार्ग से सैकड़ों लोगों नौनिहालों का प्रतिदिन आवागमन रहता है। इस मार्ग की जर्जर हालात के विषय में सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत कुमार सिंह, दुर्गेश सिंह, ग्राम प्रधान मदन सिंह, ग्राम प्रधान कप्तान, अधिवक्ता संत कुमार यादव आदि जागरूक लोगों ने शासन प्रशासन से गुहार लगाई। जनप्रतिनिधि क्षेत्रीय विधायक रामपाल वर्मा व सांसद अशोक रावत के प्रयास से यह मार्ग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चयनित कर लिया गया। धनराशि भी स्वीकृत हो गई। कार्य शुरू हो गया हैं। कार्य की शुरुआत 24 जुलाई 2022 से शुरू हो गया। कार्य युद्ध स्तर पर शुरू हो गया। सड़क की गुणवत्ता, मेंटेनेंस, पुलिया निर्माण, समतल कार्य, आबादी क्षेत्र में नाली निर्माण, आबादी क्षेत्र में आरसीसी समतल करके दो इंच की लगभग सीमेंट डालने का कार्य, उसके बाद डामर डालने आदि का कार्य नई तकनीक एफडीआर के तहत गुणवत्तापरक सड़क बननी होती है। यह नई तकनीक से गुणवत्तापरक सड़क बनती है। इस टेक्नोलॉजी में अलग से खनिजों का उपयोग नहीं होता है।

सार-संक्षेप

बदहाल स्वास्थ्य उपकेंद्र। अमृत विचार

स्वास्थ्य उपकेंद्र की धज्जियां उड़ा रहे अराजकतत्व

टोडरपुर, हरदोई, अमृत विचार। सरकार ने लाखों की लागत से स्वास्थ्य प्रथम उपचार के लिए हर ग्राम पंचायत के हर गांव में मिनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य तेजी के साथ शुरू कराया था, लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण मिनी स्वास्थ्य उपकेंद्र पर अराजकतत्वों ने शराब पीने का अड्डा बना लिया है। यह मामला विकास खंड टोंडरपुर के ग्राम पंचायत इलिमपुर सिंगोहा का है जहां पर मिनी सामुदायिक स्वस्थ्य उपकेंद्र की दयनीय दुर्दशा है जहां पर बीमार लोगों के लिए प्रथम उपचार होना चाहिए वहां पर अराजकतत्व शराब पीकर चारों तरफ गंदगी फैला दी है व कुछ दबंगों ने परिसर के पीछे, बठिया लगाकर कब्जा कर लिया है उपकेंद्र पर तैनात कर्मचारी ने बताया कि बाउंड्री बाल न होने के कारण रोड के किनारे बने हैंड पंप को देखकर निकल रहे अराजकतत्व बैठकर यहां शराब पी लेते हैं और गंदगी फैला कर चले जाते हैं कई बार मना करने के बावजूद यह लोग बावजूद यह लोग गंदगी फैलाते रहते हैं। कब्जा करने वाले भी तमाम हिदायतों के बावजूद अपना कब्जा छोड़ने की बजाय बढ़ाते चले जा रहे हैं। मिनी स्वास्थ्य केंद्र की इमारत नई बनवाई गई, लेकिन हैंडोवर होने से पहले ही लोगों ने पीछे लोहे का खिड़की को तोड़ दिया।

किशोर के साथ कुकर्म, पुलिस ने नहीं की सुनवाई

हरदोई, अमृत विचार। किशोर गांव के बाहर बकरी चला रहा था, उसी गांव के दो युवक वहीं भैंस चला रहे थे। दोनों युवक किशोर को बाग़ में पकड़ ले गए और उसे बारी-बारी से अपनी हवस का शिकार बनाया। किशोर की मां पुलिस से शिकायत करने पहुंची, लेकिन उसने कोई सुनवाई नहीं की। 25 जून को पचदेवरा थाने के एक गांव का 13 वर्षीय किशोर गांव के बाहर बकरी चला रहा था, वहीं भैंस चला रहे गांव निवासी करन व महेश उसे बाग़ के अंदर पकड़ ले गए और दोनों ने बारी-बारी से उसे अपनी हवस का शिकार बनाया, किशोर के चीखने पर युवको ने किसी से कुछ बताने पर उसे जान से मार डालने की धमकी देते हुए वहां से भाग गए। जैसे-तैसे किशोर घर पहुंचा और वहां अपनी मां से सारी बात बताई, जिस पर वह थाने पहुंची। किशोर की मां का आरोप है कि पुलिस ने उसकी शिकायत पर कोई सुनवाई नहीं की। मंगलवार को किशोर का 100 बेड हास्पिटल में मेडिकल कराया गया। उसकी मां का कहना है कि वह इंसाफ के लिए कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाएगी।

युवक के बैग की तलाशी लेती पुलिस। अमृत विचार

दो तस्कर गिरफ्तार, भारी मात्रा में गांजा बरामद

हरदोई, अमृत विचार। शहर के मिल कॉलोनी में काफी दिनों से अवैध कार्य का सिलसिला बदस्तूर जारी था। शहर के मिल कॉलोनी में अवैध गांजे की बिक्री की जानकारी रेलवेगंज चौकी पुलिस को कई दिनों से मिल रही थी। मिल कॉलोनी पहले भी अराजकतत्वों का एक सुरक्षित अड्डा बना हुआ था। रेलवेगंज चौकी पुलिस क्षेत्र के साथ-साथ मिल कॉलोनी पर विशेष निगाह बनाए हुए थी। पुलिस द्वारा लगातार अपने मुखबिरों को अराजकतत्वों पर निगाह बनाए रखनें को कहा गया था। इसी क्रम में रेलवेगंज चौकी पुलिस को सोमवार की शाम एक बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस पूछताछ में दोनों युवकों ने बताया कि वह कन्नौज के रहने वाले हैं दोनों युवक रिश्ते में सगे भाई हैं और यहां गांजे की डिलीवरी देने के लिए आए थे। पकड़े गए दोनों युवकों में एक युवक का नाम गुफरान जबकि दूसरे का नाम जीशान है। दोनों ही युवक कन्नौज जनपद के रहने वाले हैं। कन्नौज से इन्हें मिल कॉलोनी में गांजा देकर एक युवक ने भेजा था। काफी लंबे समय से वे इस कार्य में संलिप्त थे।

शोहदे बीएनएस की धारा 74 में गए जेल, भीड़ पर भी केस

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। भीड़ ने अश्लील हरकत करते पकड़े गए शोहदो को पकड़ कर पहले तो पिटाई की, फिर उसके बाद उनकी आधी मूछें और आधे सिर के बाल मूंड दिए। पुलिस ने दोनों शोहदो को बीएनएस की धारा 74 और लैंगिक अपराधों में बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 7/8 के तहत जेल भेज दिया। वहीं शोहदों के साथ मारपीट करते हुए उनकी मूंछे और बाल मूंडने वाली भीड़ के खिलाफ बीएनएस की धारा 115/353 के तहत केस दर्ज किया है।

बतातें चले कि सोमवार को पाली कस्बे में मंदिर के पास फर्रुखाबाद के याकूतगंज कमालगंज निवासी अयान और साहिल किशोरी के साथ रामलीला गेट के पास अश्लील हरकतें करते पकड़े गए थे। दोनों को पकड़ने वाली भीड़ ने पहले तो बंद कर उनकी पिटाई की और उसके बाद उनकी आधी मूछें और सिर के आधे बाल मुंडवा दिए। उसी बीच मौजूद भीड़ पुलिस को देख भाग गई। पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर अयान और साहिल के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हे जेल भेज दिया। वहीं अज्ञात लोगों के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया है।

क्लब के स्थापना समारोह का हुआ आयोजन

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। इनर व्हील क्लब डीओडी ने अपनी इंस्टालेशन सेरेमनी का आयोजन किया। इनर व्हील में इस समारोह के माध्यम से अपनी सेवाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः प्रकट किया। समारोह के दौरान क्लब के संस्थापकों ने उनके योगदान और इंस्टॉलेशन सर्विस के पीछे की प्रेरणा को साझा किया।

क्लब की मुख्य अतिथि इनर व्हील क्लब की चेयरमैन नीलू ठाकरे ने अपनी प्रतिक्रिया साझा की और डीओडी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने डीओडी द्वारा किए गए विभिन्न क्षेत्रों के कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर उन्होंने सुप्रिया सेठ को कॉलर व पिन पहना कर 2024-25 के अध्यक्ष पद का कार्य भार सौंपा। यह भी बताया गया कि इनर व्हील डीओडी ने रेलवे गंज में वाटर कूलर लगवाया, एक लड़की को स्कूल की साल भर की फीस, एक लड़की की शादी का समान तथा एक महिला के स्वास्थ्य से संबंधित सभी पौष्टिक तत्व देने का कार्य किया। इस समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने इनर व्हील के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्हें इनर व्हील डीओडी का सम्मानित सदस्य भी घोषित किया गया।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष के पद पर राखी द्विवेदी, सचिव के पद पर पारुल तिवारी, कोषाध्यक्ष के पद पर सोनिया मिश्रा, आइएसओ के पद पर पूजा जैन तथा क्लब एडिटर का पद नेहा नारायण को सौंपा गया। इस समारोह में चार्टर प्रेसिडेंट चित्रा बाजपेई, सीजीआर अनुराधा मिश्रा, सोहनी द्विवेदी, चेतना शुक्ला, रेनू शुक्ला, नीलम सिंह, निरमा देवी, डॉ चित्रा मिश्रा, संगीता श्रीवास्तव तथा शक्ति वाहिनी के सभी सदस्य उपस्थित रहे। समारोह का संचालन चार्टर सेक्रेटरी नेहा नारायण ने किया।

नवनियुक्त अध्यक्ष को सम्मानित करतीं इनर व्हील क्लब की सदस्य महिलाएं।

कामयाबी अंतर्ध्वनि जन कल्याण समिति की ओर से आयोजित प्रतियोगिता का आया परिणाम

प्रतियोगिता में शुभी रहीं प्रथम, खुशी द्वितीय

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। अंतर्ध्वनि जन कल्याण समिति के तत्वावधान में 1 जून से आयोजित की जा रहीं ऑनलाइन प्रतियोगिताओं के सातवें सीज़न में आयोजित लेट्स अप्लाई मेहंदी (मेहंदी) व लेट्स एक्ट (अभिनय) प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित कर दिए गए। इन ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य प्रतियोगिताओं के साथ साथ प्रतिभागियों को कार्यशाला सा अनुभव देना है।

लेट्स अप्लाई मेहंदी (मेहंदी) प्रतियोगिता के परिणामों के विषय में जानकारी देते हुए आयोजक कुलदीप द्विवेदी ने बताया कि फाइनल में ब्राइडल मेहंदी की गुणवत्ता के आधार पर जिले की शुभी गुप्ता प्रथम, खुशी जायसवाल द्वितीय व दिल्ली की आस्था गुप्ता तृतीय स्थान पर रहीं। रूबी गौर को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। निर्णय दूरदर्शन मेकअप आर्टिस्ट दानिश मसूद व इनरव्हील क्लब वृंदावन की सीनियर मेम्बर मंजू पारिक ने तथा संयोजन पारुल तिवारी, इला द्विवेदी का रहा। लेट्स एक्ट प्रतियोगिता के फाइनल में प्रतिभागियों ने निर्णायकों द्वारा दी हुई स्क्रिप्ट पर अभिनय करके ख़ुद को साबित किया। दिल्ली की कृशा सहगल प्रथम, हरदोई की सान्वी वर्मा द्वितीय व इशानी बाजपेई तृतीय रहीं। सीतापुर की हर्षिता वर्मा को सांत्वना पुरस्कार से संतोष करना पड़ा। निर्णय मुम्बई की स्क्रिप्ट राइटर अवंतिका सक्सेना व आवेग त्यागी ने तथा संयोजन नीलम राज, अभिषेक द्विवेदी व सौम्या गुप्ता ने किया। इस अवसर पर अविनाश मिश्रा, लीला पाठक, अनुराधा मिश्रा, दीपक कपूर, अखिलेश

शुभी गुप्ता।

कृशा सहगल।

चालक को बनाया बंधक वाहन और पैसे लूट ले गए

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। बदमाशों ने दूध ले कर जा रहे पिकअप को रोक कर उसके ड्राइवर को रस्सी से बांध कर पहले बंधक बनाया और फिर उसके पास से पांच हज़ार रुपये कैश और पिकअप लूट कर फरार हो गए। मामला सण्डीला कोतवाली का बताया गया है। एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने बताया कि पिकअप बरामद हो गई है। खुलासे के लिए टीम गठित की गई है। उन्हे फिलहाल मामला संदिग्ध लग रहा है।

बताया गया है कि उन्नाव ज़िले के ग्राम पेशारी थाना आसीवन निवासी प्रशांत वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर मे बताया की सोमवार की देर रात वह अपने पिकअप से ग्राम सनई से दूध लेकर एमसीसी सण्डीला प्लांट जा रहा था। उसी बीच रास्ते मे तीन-चार अज्ञात लोगो ने रुकवाया और उसे नीचे उतार दिया। फिर उन्ही लोगों ने उसके हाथ पैर रस्सी से बांध कर उसके पास में रखे पांच हज़ार रूपये कैश और उसका पिकअप लूट कर भाग निकले। इस तरह हुई वारदात का पता होते ही लोगों में सनसनी फैल गई। इस बारे में एएसपी पूर्वी नृपेंद्र कुमार ने बताया की पिकअप बरामद कर लिया गया है। उन्हे मामला संदिग्ध लग रहा है। एएसपी पूर्वी श्री कुमार का कहना है कि इसके खुलासे के लिए टीम गठित कर दी गई है, जल्द ही खुलासा किया जाएगआ।

एक नजर

मोहर्रम व कांवड़ यात्रा में नहीं शुरू होगी नई परंपरा

हरगांव/सीतापुर, अमृत विचार। थाना परिसर में मोहर्रम व श्रावण मास के पर्व को देखते हुए मंगलवार को शांति कमेटी की बैठक क्षेत्राधिकारी सदर सतीशचंद्र शुक्ल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सीओ सदर ने कहा मोहर्रम के जुलूस व श्रावण मास में निकलने वाली कांवर यात्रा में कोई नई परंपरा नहीं डाली जायगी। सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण वातावरण में ही मनाए जाएंगे। इस अवसर पर नगर पंचायत हरगांव चेयरमैन गफ्फार खां, सभासद जगन्नाथ प्रसाद, शोएब खां, दिनेश मिश्र पप्पू, शमीम खां, मोईन, शमीम, श्रवण जायसवाल, त्रिभवन वर्मा, सुनील तिवारी सहित क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

भाकियू के कार्यकर्ताओं का जारी रहा धरना

महमूदाबाद, सीतापुर। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) द्वारा तहसील में धरना प्रदर्शन जारी है। देर रात बारिश के बीच भी किसानों का धरना जारी रहा। मौके पर किसानों ने बताया कि लगभग सारी मांगें पूरी हो गई हैं। राजस्व विभाग की मांगें पूरी नहीं हो पाई हैं।

लेनदेन के विवाद में युवक को पीटा

लहरपुर/सीतापुर, अमृत विचार। लेनदेन के विवाद में दबंगों ने एक युवक को पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नौव्वापुर रमना फॉर्म निवासी सरोज (30) पुत्र रामस्वरूप ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि बीते सोमवार देर शाम वह नबीनगर बाजार से घर वापस जा रहा था। तभी रमना फॉर्म मोड़ के पास वद्दे उर्फ सलीम व सुफियान ने मामूली लेनदेन को लेकर गाली गलौज कर उसे पीटा व बाएं हाथ पर चाकू मार दिया।

बयान से आक्रोशित हिन्दू सेना ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

नेता प्रतिपक्ष के बयान पर भड़का गुस्सा, विरोध में की गयी नारेबाजी

फूटा गुस्सा

- हिन्दू शेर सेना और भाजपा युवा मोर्चा ने लालबाग चौराहे पर किया प्रदर्शन, सार्वजिनक रूप से माफी मांगने की मांग

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा हिन्दुओं पर दिए गए बयान के विरोध में राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने शहर के लालबाग चौराहे पर प्रदर्शन किया और पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए राहुल गांधी से बयान पर माफी मांगने की मांग की। उन्होंने माफी न मांगने पर आंदोलन उग्र करने की चेतावनी भी दी है।

मंगलवार को बारिश के बीच राष्ट्रीय हिन्दू शेर सेना के सैकड़ों कार्यकर्ता जिला कार्यालय पर एकत्रित हुए और राहुल गांधी के विरोध में नारेबाजी करते हुए लालबाग चौराहे पर पहुंचे। लालबाग पर राहुल गांधी का पुतला फूंका गया। पुतला दहन के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू ने कहा कि गांधी परिवार सदैव हिंदू विरोधी मानसिकता से ग्रसित रहा है। उन्होंने कहा कि जिस धर्म का सदैव से सिद्धांत रहा है वसुधैव कुटुंबकम ऐसे धर्म को हिंसात्मक कहना देश के खिलाफ सोची-समझी साजिश लगती है। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार सदैव से एक विशेष समुदाय का समर्थक रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यदि राहुल गांधी ने सदन में और सार्वजनिक रूप से हिंदू समुदाय से माफी नहीं मांगी गई तो यह आंदोलन उग्र किया जाएगा। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप हिंदू, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अटल चौक पर प्रदर्शन करते हिन्दू शेर सेना के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भी दहन किया पुतला

सीतापुर, अमृत विचार। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान से आक्रोशित भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने लालबाग अटल चौक पर प्रदर्शन कर राहुल गांधी का पुतला फूंका। इस दौरान युवा मोर्चा के नेताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

राहुल गांधी के बयान पर देशभर में हंगामा हो गया। भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सचिन मिश्रा के नेतृत्व में पदाधिकारी अटल चौक पर पहुंचे। यहां पर राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला फूंका। युवा मोर्चा के नेताओं ने कहा कि वह राहुल गांधी के इस बयान की निंदा करते हैं। उन्हें संसद में माफी मांगनी चाहिए। वहीं देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। यह करोड़ों लोगों का अपमान है। इस मौके पर रामप्रताप सिंह, अंकुल तिवारी, मुकेश मिश्रा, रामसिंह, विवेक विश्वकर्मा, रिषभ त्रिवेदी, अंशु मिश्रा, राजा श्रीवास्तव, अमन विक्रम सिंह समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शहर के मुख्य चौराहे पर राहुल गांधी का पुतला फूंककर नारेबाजी करते भाजयुमो के कार्यकर्ता।

एसडीएम ने गोबरिया पुल का किया निरीक्षण

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। डीएम के निर्देश के पश्चात उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांशा गौतम ने एक जुलाई की देर रात निर्माणाधीन गोबरिया पुल का आकस्मिक निरीक्षण कर गुणवत्ता को परखा। कार्यदायी संस्था को कड़े निर्देश दिये कि समयसीमा के अन्दर पुल का गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करें। लापरवाही व मानकों की कमी पाये जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। दूसरी ओर, बाढ़ नियंत्रण व बचाव के लिए तहसील लहरपुर प्रशासन द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है।

मंगलवार को नायब तहसीलदार अशोक यादव ने राजस्व निरीक्षक व लेखपालों के साथ ग्राम रतौली डीह, बिचला, बरेठी, मीतपुर आदि गांवों व बाढ़ चौकी, बाढ़ राहत शिविर का निरीक्षण कर स्थानीय लोगों, ग्राम प्रधानों, नाविकों से समन्वय स्थापित किया।

उन्होंने स्थानीय लोगों को आश्वस्त किया कि बाढ़ के दौरान प्रशासन आपके साथ है। सभी समस्याओं को आपसी समन्वय से नियंत्रित किया जायेगा।

निर्माणाधीन गोबरिया पुल का निरीक्षण करतीं लहरपुर एसडीएम आकांक्षा गौतम।

पुलिस चौकी के पास स्थित दुकान से लाखों की चोरी

संवाददाता, खैराबाद/सीतापुर

अमृत विचार। मछरेहटा चौकी से चंद कदमों की दूरी पर सोमवार रात चोरों ने सराफ की दुकान का शटर तोड़कर लाखों नकदी समेतत लाखों के जेवर पार कर दिये। चोरों ने सीसीटीवी को क्षतिग्रस्त कर वारदात को अंजाम दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित के बयान दर्ज कर दुकान के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

मछरेहटा चौराहे पर भार्गव ज्वैलर्स के नाम से सुनील कुमार भार्गव की दुकान स्थित है। दुकान स्वामी ने बताया कि मंगलवार सुबह दुकान के पास जायसवाल होटल के मालिक से जानकारी मिली कि सोमवार की रात में उनकी दुकान का शटर तोड़कर चोरों ने चोरी की है। यह जानकारी मिलने पर वे जब दुकान पर पहुंचे तो देखा कि चोरों ने दुकान से लाखों का माल पार कर दिया था। दुकान स्वामी ने बताया कि के चोरों ने शटर तोड़कर सबसे पहले सीसीटीवी के तारों को तोड़ दिया और डीवीआर उठा ले गए। वहीं दुकान से करीब डेढ़ किलो चांदी, 15-20 बीस ग्राम सोना व पांच हजार रुपये के आसपास नकदी पर हाथ साफ कर दिया। दुकान स्वामी के अनुदार चोरों ने करीब 3 लाख रुपये से अधिक कीमत के जेवरात पर हाथ साफ किया है।

किसान निधि के लिए फार्मर रजिस्ट्री जरूरी

सीतापुर, अमृत विचार। पीएम किसान सम्मान निधि की आगामी किस्त के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य कर दी गयी है। डीएम अभिषेक आनन्द के निर्देश पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कर्मचारियों को इस संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के लिए जनपदों में कार्यरत राजस्व विभाग के लेखपाल कृषि विभाग के तकनीकी सहायक-सी, खण्ड तकनीकी प्रबन्धक (बीटीएम) एवं सहायक तकनीकी प्रबन्धक (एटीएम), पंचायत व विकास विभाग के क्षेत्रीय कार्मिकों द्वारा सम्पादित कराया जायेगा। माह दिसम्बर 2024 में पीएम-किसान योजना के अन्तर्गत मिलने वाली आगामी किश्त हेतु फार्मर रजिस्ट्री का होना अनिवार्य होगा।

खुद खायें फाइलेरिया की दवा, दूसरों को करें प्रेरित

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बिसवां ब्लॉक के कटिया गांव स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में फाइलेरिया जागरूकता को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक प्रोजेक्ट कंसर्न इंटरनेशल (पीसीआई) संस्था के तत्वावधान आयोजित हुई। बैठक में आगामी 10 अगस्त से शुरू हो रहे सर्वजन दवा सेवन अभियान (आईडीए राउंड) के बारे में चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए कृषि विज्ञान केंद्र की डॉ. रीमा ने ग्राम प्रधानों एवं किसानों से अपील की कि वह अपने गांव में इस अभियान की शुरुआत स्वयं दवा खाकर करें। इसके बाद अपने परिवारीजन, आस-पास के लोगों व गांव के अन्य बाशिंदों को दवा खाने के लिए प्रेरित करें। क्योंकि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है और इससे बचने का एकमात्र उपाय समय पर फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन करना है जिससे कि समय रहते फाइलेरिया के परजीवी पर नियंत्रण पाया जा सके। इस मौके पर पीसीआई की जिला समन्वयक अंशू मिश्रा ने कहा कि आगामी 10 से 28 अगस्त के मध्य सर्वजन दवा सेवन अभियान (आईडीए) चलाया जाएगा । इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम घर-घर जाकर लोगों को अपने सामने फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाएगी। उन्होंने बताया कि दवा खाली पेट नहीं खानी है। दवा खाने के बाद किसी-किसी को जी मिचलाना, चक्कर या उल्टी आना, सिर दर्द, खुजली की शिकायत हो सकती है, ऐसे में घबराने की जरूरत नहीं है। यह एक सामान्य प्रक्रिया है। ऐसा शरीर में फाइलेरिया के परजीवी होने से हो सकता है, जो दवा खाने के बाद मरते हैं। ऐसी प्रतिक्रिया कुछ देर में स्वतः ठीक हो जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि आप सभी लोग स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के सामने फाइलेरिया से बचाव की दवा खाएं। उन्होंने बताया कि फाइलेरियारोधी दवा का सेवन एक वर्ष के बच्चों, गर्भवती और अति गंभीर बीमार को छोड़कर सभी को करना है।

प्रधानों व किसानों के साथ बैठक करते पीसीआई संस्था के पदाधिकारी।

युवक ने शारदा नहर में छलांग लगाकर दी जान

संवाददाता, भदफर, सीतापुर

अमृत विचार। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शाहपुर निवासी एक युवक ने थाना खीरी क्षेत्र में स्थित पुल से अज्ञात कारणों की वजह से नहर में छलांग लगाकर जान दे दी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शाहपुर निवासी छोटू (22) पुत्र सामून लखीमपुर में ई-रिक्शा से अपनी मां के साथ बीमार भतीजी की दवा लेने जा रहा था। इसी बीच जनपद खीरी के शारदा नहर रवहीं पुल पर ऑटो रिक्शा को रुकवाकर उसने अचानक नहर में छलांग लगा दी। मौके पर साथ में मौजूद मां और भतीजी ने शोर मचाया तो भीड़ जमा हो गई और युवक को डूबता देख ग्रामीणों ने खीरी पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और युवक को अमृतागंज के पास बाहर निकालकर अस्पताल इलाज के लिए भेजा लेकिन रास्ते में ही युवक की मौत हो गयी।

नहर में युवक की तलाश करता गोताखोर।

सार-संक्षेप

अपनी शिकायत के निस्तारण से संतुष्ट हो फरियादी: डीएम

कार्यालय में फरियादियों की समस्याएं सुनते डीएम अभिषेक आनंद।

सीतापुर, अमृत विचार। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने चैंबर में जनसुनवाई के दौरान लोगों की परेशानियों को जाना और संबंधित अधिकारियों से बात कर समस्याओं के उचित निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जो भी जनसुनवाई के दौरान समस्याएं आ रही हैं, उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराएं एवं यह भी कहा कि लाभार्थी को निस्तारण से संतुष्टि भी मिलनी चाहिए। जिलाधिकारी के जनसुनवाई के दौरान अन्य विभागों एवं योजनाओं से से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं।

पीएचसी परिसर में जलभराव से परेशानी

कमलापुर पीएचसी परिसर में भरा पानी। अमृत विचार

कमलापुर सीतापुर, अमृत विचार। लखनऊ-सीतापुर रोड स्थित कमलापुर कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में गंदगी फैली है। यहां सफाई कर्मचारी ही गन्दगी के ढेर लगाते हैं। ग्राम पंचायत का बॉक्स रखा होने के बाबजूद उसमें गन्दगी नहीं डाली जाती। सीतापुर रोड से गेट के अंदर घुसते ही बायीं तरफ सामुदायिक शौचालय के निकट गन्दगी व पानी भरा है। इतना ही नहीं दाहिने ओर स्थित आवासों के पीछे भी गन्दगी बिखरी पड़ी है। हल्की बरसात होने पर अस्पताल में चारों तरफ पानी भर गया है। हैंडपंप के आसपास भी काफी गंदगी है। मरीजों व तीमारदारों ने स्थानीय प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

गांजर के स्वास्थ्य उपकेन्द्रों को इलाज की जरूरत

बदहाल पड़ा उप स्वास्थ्य केंद्र। अमृत विचार

थानगांव, सीतापुर, अमृत विचार। विकास क्षेत्र रेउसा के गावों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लाखों रुपए खर्च कर स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन बनवाये गये थे, जोकि आज लोगों के लिए महज शोपीस बनकर रह गये हैं। स्वास्थ्य केंद्रों को खुद इलाज की जरूरत है। बिल्डिंग बने दशक गुजर गए हैं, लेकिन इलाज के लिए आज भी इलाके के लोगों को रेउसा या जिला मुख्यालय का रुख करना पड़ रहा है। क्षेत्र के दर्जनों ग्राम पंचायतों में उप स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण भले ही करा दिया गया हो, पर डॉक्टरों के अभाव में कई साल से उन पर लगे ताले खुल नहीं पाए हैं। यही कारण है कि क्षेत्र के राजपुर, सुजातपुर थानगांव आदि गांवों में बने उप स्वास्थ्य केन्द्र अभी तक चालू नहीं हो पाए हैं। जिससे ग्रामीण परेशान हैं। यही नहीं मेंटीनेंस के अभाव में इन सेंटरों में झाड़ियां भी उग आई हैं। बताया गया कि कुछ ग्रामीण इनमें अपने पशु भी बांधते हैं। मौसम में बदलाव के साथ क्षेत्र में वायरल बुखार एवं अन्य रोगों का संक्रमण तेजी से फैल रहा है, लेकिन विभागीय स्टाफ की लापरवाही अथवा कमी के चलते स्वास्थ्य उपकेंद्र महज दिखावा भर रह गया है। ग्रामीण आंचल के निवासियों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसे में लोग मजबूरन प्राइवेट अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

करंट की चपेट में आने से वृद्ध की गयी जान

संवाददाता, खैराबाद, सीतापुर

अमृत विचार। ज्वैलरी की दुकान पर काम करने वाले एक वृद्ध की सुलभ शौचालय में करंट लगने से मौत हो गई। काफी देर तक वापस न आने पर दुकान मालिक उसे देखने आये तो उसकी मौत की जानकारी हुई। ऐसे में बिजली विभाग को सूचना दी गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

खैराबाद थानाक्षेत्र के कहमारा गांव निवासी राम प्रसाद (65) हनुमान मंदिर नई बाजार स्थित रामू ज्वेलर्स की दुकान पर काफी समय से काम करता था। दुकान मालिक रामू ने कहा कि खाना खा लो। तब राम प्रसाद ने कहा कि शौच करके आता हूं। वहीं जूनियर हाईस्कूल मियां सहाय के निकट बने सुलभ शौचालय में वह गया। काफी देर तक वापस नहीं आया तब दुकान के मालिक उसको देखने आए तो पता चला कि रामू की करंट लगने से मौत हो गई है। इसकी सूचना बिजली विभाग को दी गई। बिजली विभाग ने लाइट काट दी। सूचना पाकर मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता, नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता, सफाई इंस्पेक्टर मनोज राणा व पुलिस पहुंची। जेई अमित यादव ने बताया कि मीटर से जो तार अंदर गए हैं, उन्हीं के कारण करंट उतरने से वृद्ध की मौत हुई है।

अवैध अस्पतालों और पैथालॉजी सेंटरों की हो जांच

लहरपुर सीतापुर, अमृत विचार। तहसील क्षेत्र के ग्राम नेवादा निवासी विधिक सलाहकार व समाजसेवी नुसरत अली ने मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर नगर व क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों एवं पैथोलॉजी सेंटरों की जांच कराकर उनके खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। नुसरत अली ने आईजीआरएस के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में आरोप लगाया है कि वे इससे पहले भी शिकायती प्रार्थना पत्र दे चुके हैं जिसमें अभी तक किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई।

नुसरत अली।

उपकेंद्र पर लगा दूसरा ट्रांसफार्मर

संवाददाता, पिसावां, सीतापुर

अमृत विचार। क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र बरगांवा से 5 एमबीए के एक ट्रांसफार्मर के सहारे विद्युत आपूर्ति की जा रही थी। इसके चलते इलाके में विद्युत उपभोक्ताओं के लिए लो वोल्टेज ट्रिपिंग व ओवरलोडिंग की समस्या बनी हुई थी। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बमुश्किल 5 से 6 घंटे ही विद्युत आपूर्ति मिल रही थी। ग्रामीणों ने कई बार उपखंड में समस्या से निजात दिलाए जाने के लिए गुजारिश की लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा था। उपभोक्ताओं ने विधायक शशांक त्रिवेदी से मिलकर गुहार लगाई। महोली विधायक शशांक त्रिवेदी ने ऊर्जा मंत्री से वार्ता कर तत्काल यहां पर 5 एमवीए का एक और ट्रांसफार्मर लगवाकर क्षेत्रीय जनता की महत्वाकांक्षी मांग को पूरा कर दिया है।

अवर अभियंता लक्ष्मी नारायण ने बताया कि बरगांवा विद्युत उपकेंद्र पर दो ट्रांसफार्मर लग जाने से विद्युत उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति होती रहेगी। अभी तक बरगांवा विद्युत उपकेंद्र से पकरिया, हिम्मतनगर और सरियापुर फीडर संचालित हो रहे थे, लेकिन अब क्षमता वृद्धि होने के बाद यहां पर शंकरपुर और बरगावां फीडर बढ़ जाएंगे।

उपकेंद्र पर लगाया गया ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

कार्यक्रम थानगांव के उच्च माध्यमिक विद्यालय में रोपे गए पौधे, लोगों से की गयी एक पौधा लगाने की अपील

घटते वन क्षेत्र को बढ़ाने के लिए ज्यादा से ज्यादा लगाने होंगे पौधे

संवाददाता, थानगांव, सीतापुर

अमृत विचार। उच्च माध्यमिक विद्यालय में पौधरोपण किया गया। अतिथियों ने बताया कि पर्यावरण संतुलन के लिए पौधे लगाना बहुत जरूरी है। भारतीय समाज में आदिकाल से ही पर्यावरण संरक्षण को महत्व दिया गया है। बदलते दौर के साथ लोगों का प्रकृति से रिश्ता टूटने लगा है।

उन्होंने कहा कि बढ़ती आबादी की जरूरतों को पूरा करने के लिए वृक्षों को काटा जा रहा है। घटते वन क्षेत्र को बढ़ाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने होंगे। प्रति व्यक्ति यह संकल्प होना चाहिए कि अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका अच्छी तरह से पोषण करने का प्रण लें। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विकास शुक्ला व प्रधानाध्यापक अमरजीत वर्मा व डिप्टी रेंजर आदित्य सिंह चौहान, वन दरोगा हिमांशु वर्मा व स्कूल के बच्चे एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

उच्च माध्यमिक विद्यालय में पौधा लगाते अतिथि। अमृत विचार

जल संचयन के साथ ही पौधरोपण करने पर दें जोर

तम्बौर सीतापुर, अमृत विचार। वन महोत्सव के तहत बेहटा पकौड़ी स्थित बीआरसी परिसर में मंगलवार को वन क्षेत्राधिकारी ब्रजेश पांडेय ने खंड शिक्षा अधिकारी प्रियांशी सक्सेना के साथ पौधरोपण किया। अधिकारियों की ओर से पेड़ पौधों का संरक्षण व पौधारोपण करने का संदेश दिया गया। रेंजर बृजेश पांडेय ने कहा कि कम से कम एक पौधा लगा कर उसे सुरक्षित रखने का प्रयास करे।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से दिन पर दिन पर्यावरण दूषित होता जा रहा है। इसके बचाव और संरक्षण के लिए लोगों को अधिक से अधिक पौधरोपण करना होगा। प्रकृति ने वायुमंडल की एक खास संरचना की है। प्रकृति के साथ खिलवाड़ से धरती का संतुलन बिगड़ सकता है। हर व्यक्ति को शीतल बयार व छाया चाहिए लेकिन यह उसे तभी मिल सकती है, जब वह अपने जीवन में कम से कम एक पौधा रोप कर उसे सुरक्षित रखने का प्रयास करें। बीआरसी परिसर में 20 पौधे विभिन्न प्रजातियों से आम, नीम, पीपल, पाकड, बरगद वाटल, कदंब व अमरूद के पौधे रोपे गए। इस मौके पर मो. जियाउल हक, डिप्टी रेंजर सुनील कुमार, हरीश श्रीवास्तव, वन दरोगा अरविंद गिरी, राजकुमार, ओमप्रकाश, इंद्रावली, रामखेलावन, पुतान आदि मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

तम्बौर, सीतापुर, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के लोधनपुरवा गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके पक्ष ने दहेजहत्या का आरोप लगाकर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

तम्बौर थाना क्षेत्र के बाजपेईपुरवा के निवासी रामपाल ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि लोधनपुरवा निवासी रामचन्द्र पुत्र हरद्वारी के साथ 6 वर्ष पूर्व उसने अपनी बेटी संगीता की शादी की थी। शादी के 6 वर्ष बाद ससुरालजनी भैंस, मोबाइल, बक्सा अलमारी की मांग को लेकर आए दिन बेटी को प्रताड़ित करते थे। मंगलवार सुबह बेटी की हत्या कर दी।

बरसात के दौरान गिरी दोमंजिला जर्जर दुकान, टला बड़ा हादसा

वर्षों पुरानी बताई जा रही कपड़ा व्यापारी की दुकान, लाखों के कपड़े मलबे में दबे

बारिश का असर

- सुबह हादसा होने से बड़ी दुर्घटना होने से बची
- दुकान एक हिस्सा लटकने से हादसे की बनी है आशंका

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। मानसून की दो दिनों से हो रही रुक-रुक कर बारिश से शहर के मुख्य बाजार के बीच स्थित वर्षों पुरानी जर्जर दो मंजिला दुकान भरभराकर ढह गई। दुकान का एक हिस्सा लटकने से हादसे की आशंका बनी हुई है। हादसे के दौरान गनीमत रही कि दुकान बंद होने से किसी प्रकार की जनहानि नही हुई है। दुकान के मलबे ने दबकर लाखों रुपयों की कीमत कपड़े के बंडल का सामान बर्बाद हो गया। स्थानीय लोगो ने मंगलवार सुबह दुकान का मलबा देकर मामले की जानकारी दुकान स्वामी को दी।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के आर्यनगर निवासी संजू लाल और रवि कुमार की लालबाग मुख्य बाजार नमक मंडी में कपड़े की वर्षों पुरानी दुकान स्थित थी। बताया जाता है कि लंबे समय से मंडी में जर्जर दुकानों में व्यापारी अपना व्यापार कर रहे थे। मंगलवार की सुबह हुई झमाझम बरसात के दौरान जर्जर दो मंजिला दुकान अचानक भरभराकर गिर गई। दुकान के मलबे में दबने से लाखो रुपयों की कीमत के कपड़े बर्बाद हो गए। हादसे के दौरान किसी प्रकार की जनहानि नही हुई है। मुख्य बाजार नमक मंडी की संकरी गलियों में गिरी अचानक दुकान अगर बाजार के समय गिरती तो भयावाह हादसा हो सकता था।

बारिश के चलते गिरी दो मंजिला दुकान का जमीन पर पड़ा मलबा।

जर्जर दुकान का एक हिस्सा लटका

आस-पास की जर्जर दुकानों में चल रहा व्यापार

नमक मंडी इलाके में जहां वर्षों पुरानी जर्जर दुकान में व्यापार हो रहा था। वहां कई बिल्डिंग वर्षों पुरानी बताई जा रही है। जो कभी भी हादसे का सबब बन सकती है। जिम्मेदारों ने हादसे के बाद भी सबक नही लिया है। हादसे के बाद पड़ोसी दुकानदारों ने मंगलवार को दुकान खोलने की हिम्मत नही जुटा पाये है। बताया जाता है कि दुकान में व्यापार कर रहे संजू लाला और रवि द्वारा भवन स्वामी के बीच कई वर्षों से वाद न्यायालय में पेंडिंग होने से बिल्डिंग का पुरसाहाल लेने वाला कोई नही है।

पढाई के साथ बच्चों को दी जा रही योग की शिक्षा

सीतापुर, अमृत विचार। महमूदाबाद ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय बघाईन में प्रधानाध्यापक तथा शिक्षकों ने शिक्षा का स्तर सुधारा इसके साथ ही बच्चों को सेहतमंद रहने के लिए योग की शिक्षा दी भी दी जा रही है। बच्चों को योगाभ्यास कराती शिक्षिका। अमृत विचार

बाढ़ प्रभावित 26 परिवारों को मिला आवासीय पट्टा

पट्टा वितरित करने के दौरान मौजूद सेउता विधायक ज्ञान तिवारी व एसडीएम।

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। सेवता विधायक व महमूदाबाद एसडीएम ने मंगलवार को ग्राम अखरी में बाढ़ प्रभावित 26 परिवारों को ग्राम रायसेनपुर में 120 वर्गमीटर का आवासीय पट्टा वितरित किया। इस मौके पर खण्डविकास अधिकारी रामपुर मथुरा, थानाध्यक्ष व अन्य लोग मौजूद रहे।

इसके बाद विधायक व उपजिलाधिकारी ने बाढ़ क्षेत्र के अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। ग्राम अखरी परगना कोड़री दक्षिणी तहसील महमूदाबाद में वर्ष 2023-24 में बाढ़ प्रभावित परिवारों की जांच कराकर पात्र परिवारों को आवासीय भूमि आवंटन हेतु चिह्नित किया गया।

ग्राम अखरी के पास के गांवों में उपयुक्त भूमि की जांच करायी गयी। जांचोपरान्त ग्राम रायसेनपुर की गाटा संख्या 677 मि. क्षेत्रफल 6.530हे. उपयुक्त भूमि चिह्नित की गयी।

किशोर पर कथावाचिका से दुष्कर्म का आरोप

संवाददाता, महमूदाबाद, सीतापुर

अमृत विचार। एक कथावाचिका ने किशोर के पर दुष्कर्म करने व घटना को अंजाम देते हुए वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

प्रार्थना पत्र के अनुसार रामपुर मथुरा क्षेत्र निवासी किशोर पर एक कथावाचिका ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। तहरीर के मुताबिक पीड़िता व आरोपी दोनों ही नाबालिग हैं। पिता ने पुलिस को बताया कि बीते 9 अप्रैल को किशोरी नवरात्र के अवसर पर रामपुर मथुरा क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में कथा करने गई थी। इसी दौरान वह आरोपी के घर पर विश्राम के लिए रुकी थी। वहीं पर पीड़िता की मुलाकात किशोर से हुई। आरोप है कि इसी मुलाकात के बीच में कथा करने के नाम पर आरोपी द्वारा पीड़िता का मोबाइल नंबर ले लिया गया था। बताया जा रहा है कि अगली कथा 24 अप्रैल को एक गांव में होनी थी। पिता ने आरोप लगाया है कि उसकी बेटी उसी दिन बस स्टॉप पहुंची। तभी वहां पहले से मौजूद आरोपी उसकी पुत्री को किराए के कमरे पर ले गया। किशोर ने जबरन संबंध बनाने की कोशिश की। पीड़िता ने ऐतराज जताया तो किशोर ने तमंचा निकालकर जबरन शारीरिक संबंध बनाये। किशोर ने वीडियो भी बनाया। प्रार्थना पत्र में उल्लेख है कि घटना के समय आरोपी के साथ उसका एक साथी भी मौजूद था। जब परिवार को किशोरी से संबंधित अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर देखने को मिला तब परिवार कार्रवाई के लिए पुलिस के पास पहुंचा।

> प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। जांच चल रही है तथा उचित कार्रवाई की जाएगी।
> –सुरेश यादव, इंस्पेक्टर क्राइम

रुक-रुककर हुई बारिश से सुहाना हुआ मौसम

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। सोमवार की दोपहर से शुरू हुई मानसून की पहली बरसात मंगलवार को भी रुक-रुक कर जारी रही। मंगलवार की तड़के सुबह से शुरू हुई बारिश दोपहर 12 बजे तक लगातार जारी रही। बारिश से भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली है तो वहीं हल्की धूप ने उमस का अहसास कराया। मौसम विभाग के जानकारों की माने तो आगामी 24 घंटे में अधिक बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने की सम्भावना है।

सुबह से शुरू हुई बरसात में लोग सड़कों पर भीगते हुए नजर आये और मौसम का लुत्फ उठाया। बरसात से नगर पालिका प्रशासन द्वारा नाला सफाई अभियान के दावे हवाहवाई साबित हुए है। शहर के विभिन्न मोहल्लों से लेकर ग्रामीणों अंचलों में सफाई के अभाव में नालियों का पानी उफनाने के बाद सड़कों पर जलभराव के रूप में सामने आया है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि कॉलोनियों के पानी निकासी के लिए कोई व्यापक इंतजाम न होने से प्रत्येक वर्ष बारिश में लोगों को जलभराव की समस्या से जूझना पड़ता है। नगर पालिका के जिम्मेदार अफसर नाला सफाई अभियान की हकीकत बताने से भी कतराते हुए नजर आये।

बारिश के बीच स्कूटी से जाती युवती। अमृत विचार

पर्यावरण संतुलन को पौधरोपण जरूरी

संवाददाता, हरगांव, सीतापुर

अमृत विचार। कस्बे को सुंदर, स्वच्छ व हरा-भरा बनाने का संकल्प चीनी मिल अवध शुगर एण्ड एनर्जी लिमिटेड के प्रबंधतंत्र ने लिया है। हमारा हरगांव-सुन्दर हरगांव के लक्ष्य को लेकर चीनी मिल ने चहारदीवारी के आस पास इण्टरलाकिंग लगवाने का कार्य शुरू किया है। ओवरब्रिज से मुख्य चौराहे तक डिवाइडर पर पौधे रोपे हैं तथा मिल की चहारदीवारी के किनारे मंगलवार को मिल अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने वृहद स्तर पर पौधरोपण किया। इस अवसर पर मिल के अधिशासी अध्यक्ष एके दीक्षित ने पौधा रोपते हुए कहा कि कस्बे के अंदर 15 अगस्त तक 20 हजार पौधे रोपने का उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि इस बार गर्मी ने सारे रिकार्ड तोड़ दिए, इससे बचने का केवल एक ही उपाय है अधिक से अधिक पौधों को लगाना। पौधों का रोपण कर जल स्तर में भी सुधार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि महोली तिराहे से पिपरा ओवरब्रिज तक पौधे रोपकर जनसहभागिता से वह स्वच्छ, सुंदर एवं हरा-भरा हरगांव बनाएंगे तथा व्यापार मंडल हरगांव के सहयोग से प्रत्येक व्यापारी को पांच-पांच पौधे रोपने के लिए देंगे।

मिल की चहारदीवारी के किनारे पौधरोपण करते मिल के अधिकारी व गणमान्य लोग।

पौधरोपण के लिए लोगों का जागरूक होना जरूरी

संवाददाता, झरेखापुर, सीतापुर

अमृत विचार। पहली जुलाई से वन महोत्सव की शुरुआत हो गई। सात जुलाई तक चलने वाले इस वन महोत्सव में इस बार एक पेड़ मां के नाम स्लोगन से प्रचार-प्रसार शुरू किया गया है। लोगों को पौधरोपण के लिए जागरूक किया जा रहा है। महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को वन विभाग के सीतापुर रेंज के शाहपुर दलावल गांव के करीब नहर की पटरी पर वन दरोगा राजकुमार, ग्राम प्रधान अनुरुद्ध यादव व भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह ने पौधरोपण किया। इसमें उन्होंने पीपल का पौधा लगाया। पौधरोपण के लिए वन विभाग की ओर से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

पौधरोपण करते वन दरोगा, प्रधान।

सड़क मरम्मत की मांग को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। विकासखंड रेउसा की ग्राम पंचायत हरिहरपुर नेवादा में त्यागी महराज कुटी से करीब एक किमी डामर रोड कुशमौहरा गांव स्थित हनुमान मंदिर तक गड्ढों में तब्दील हो गयी है। बदहाल सड़क का पिछले 5 सालों से कोई पुरसाहाल लेने वाला नहीं है। ग्रामीणों ने बाढ़ से पहले मार्ग की मरम्मत कराने की मांग के समर्थन में प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क ढेनुवा, पकरियापुरवा, जाकड़ा, कुशमौहरा, सिरसा, सेमरा समेत दर्जनों गांवों को जोड़ती है। ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ में नाव चलती है। बाढ़ से पहले दुरुस्त नहीं किया गया तो बाढ़ में लाखों की आबादी और सैकड़ों गांवों का जिला मुख्यालय से सम्पर्क कट सकता है। इसके साथ बाढ़ के समय बाढ़ सामाग्री वितरण में भी सड़क न होने से बड़ी समस्या आ सकती है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायत की गई लेकिन किसी भी जिम्मेदार व्यक्ति द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। उपजिलाधिकारी बिसवां मनीष कुमार ने बताया कि जिम्मेदारों को पत्राचार कर अवगत कराकर बहुत जल्द सड़क मरम्मत का कार्य शुरू कराया जाएगा।

ग्रामीणों ने सड़क पर नारेबाजी कर बयां किया जर्जर सड़क का हाल।

वर्ग पहेली-119

बाएं से दाएं

1.1. किसी कार्य को मन लगाकर करने की क्रिया 2. मन की एकाग्रता 3. (दो या अधिक) हृदयों की एकता।

4.1. कपड़ा रंगने का काम 2. कपड़ा रंगना।

7.1. साफ़ करना 2. बरतन या कपड़ों को साफ़ करने के लिए पानी में डुबोकर तेज़ी से हिलाना-डुलाना 3. ख़ाली करना 4. किसी बात की जानकारी के लिए की गई छानबीन 5. सब कुछ ले लेना, सफ़ाया करना।

ऊपर से नीचे

1.1. आशय, तात्पर्य, मतलब 2. प्रयोजन, मकसद, उद्देश्य 3. संकल्प, इरादा, इच्छा।

2.1. सौंफ से बनी हुई एक प्रकार की शराब 2. एक प्रकार की बीड़ी जिसकी सुरती में सौंफ का अर्क पड़ा हो।

3. ऊंचाई, उच्चता।

5. दूसरी जाति।

6. सूत आदि का काता जाना।



वर्ग पहेली -118 का हल

सुडोकू -32

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			4		5		9	6
			8		1		5	
3		6		2		4		
5			1			9		8
	9						2	
7		2			4			3
		4		1		6		5
	7		5		3			
2	1		6		7			

सुडोकू -31 का हल

2	6	1	8	9	4	5	7	3
8	7	4	2	3	5	6	1	9
9	3	5	6	1	7	2	4	8
6	4	8	5	7	1	9	3	2
1	2	7	3	6	9	8	5	4
3	5	9	4	8	2	1	6	7
5	9	6	7	4	8	3	2	1
4	8	2	1	5	3	7	9	6
7	1	3	9	2	6	4	8	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 जुलाई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 07.10 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 04.47 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

मेष – आज आप कहीं घूमने जाने का प्लान कर सकते हैं। व्यवसाय में धन लाभ के अवसर मिलेंगे लेकिन चुनौतियां भी रहेंगी। सहकर्मियों के प्रति मन में असंतोष उमड़ सकता है। अनावश्यक बातों को बार-बार दोहराने से बचना चाहिए। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा।

वृष – आज आप समय का सदुपयोग करेंगे। आपको अपनी कार्यशैली में बदलाव करना पड़ सकता है। व्यापार के नए प्रस्ताव मिल सकते हैं। छात्रों का मन पढ़ाई में लगेगा। आपके दिमाग में नए विचार आयेंगे। वैवाहिक जीवन आनन्ददायक रहेगा।

मिथुन – आज अपनी दिनचर्या को संयमित रखें। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहना होगा। घर और कारोबार में तालमेल में कमी हो सकती है। विदेश में रह रहे किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। बुरी आदतों की तरफ आपका झुकाव हो सकता है।

कर्क – आज आपकी सोच काफी सकारात्मक रहेगी। कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। लंबे समय से अटका हुआ कोई छोटा कार्य किसी मित्र के सहयोग से पूर्ण हो सकता है। खर्चों पर नियंत्रण पाने की आवश्यकता है। कारोबार में आय बढ़ने के योग बन रहे हैं।

सिंह – आज कारोबार की योजनाओं को भविष्य में टालने के बजाय शीघ्रातिशीघ्र क्रियान्वित करने का प्रयास करें। अपनी योग्यता को सिद्ध करने में सफल होंगे। परिवार का वातावरण शान्तिमय रहेगा। करियर को लेकर आप काफी प्रसन्न रहेंगे।

कन्या – आज कार्यक्षेत्र में अधिकारी वर्ग के लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। युवा छात्रों को अपने करियर को लेकर कुछ परेशानी हो सकती है। लेकिन आपका मूड हल्का हो सकता है। अपनी उपलब्धियों के विषय में विचार करें व उसके अनुसार योजना बनाएं।

तुला – आज अति उत्साह में आपका काम बिगड़ सकता है। व्यवसायिक गतिविधियां समय पर पूर्ण नहीं होंगी। सरकारी अधिकारियों के कारण परेशानी उठानी पड़ सकती है। रिश्तेदारों के साथ अपने संबंध खराब न करें। खानपान में काफी संयम रखने की आवश्यकता है।

वृश्चिक – आज आप लोगों की मदद करने में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। बीमा या किसी पॉलिसी आदि से लाभ हो सकता है। जीवनसाथी की सेहत को लेकर समस्या दूर होगी। किसी दूर स्थान की यात्रा हो सकती है। नई जॉब की शुरुआत होने के योग बन रहे हैं।

धनु – आज यदि किसी कारणवश जीवनसाथी के साथ मनमुटाव है तो आज शाम को वो झगड़ा सुलझा सकते हैं। अपनी समस्याओं के लिए दूसरों को जिम्मेदार न ठहरायें। शेयर और स्टॉक मार्केट से आपको धन लाभ हो सकता है। परिवार जनों का भरपूर साथ मिलेगा।

मकर – आज आप भरपूर मात्रा में जल का सेवन करें। मित्रों से मतभिन्नता हो सकती है। रियल एस्टेट से जुड़े व्यापार में हानि हो सकती है। दस्त और कमजोरी लगने जैसी समस्या का शिकार हो सकते हैं। आपको झूठ और चुगलखोरी वाले व्यवहार से बचना चाहिए।

कुंभ – आज किसी भी कार्य को करने से पहले उसकी रूपरेखा अवश्य बना लें। अधीनस्थ कर्मचारी आपके व्यवहार के कारण नाराज हो सकते हैं। घर का माहौल अच्छा रहेगा। सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से करें। व्यक्तिगत जरूरतों में किसी खर्च के कारण कटौती करनी पड़ सकती है।

मीन – आज नए प्रकल्पों में आप रुचि ले सकते हैं। विदेश में रह रहे मित्रों से फोन पर चर्चा हो सकती है। बौद्धिक चर्चाओं में व्यस्त रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। काम का दबाव कम होने से आपका दिन अच्छे से बीतेगा। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- लश्कर – सुबह : 08.42
- सनम तेरी कसम – रात : 08.21

&pictures
- जीनियस – सुबह : 08.18
- जुदाई – रात : 07.30

SONY PIX
- बैटमैन बिगिन्स – सुबह : 10.45
- स्पाइडर मैन – शाम : 06.16

ZEE CINEMA
- तमिलारसन – सुबह : 08.49
- इंस्पेक्टर बजरंगी – शाम : 05.43

colors CINEPLEX
- प्रोफेसर – सुबह : 11.54
- एयरलिफ्ट – रात : 08.28

आज की सुपरहिट फिल्म

बीफोरयू मूवी पर रात : 08.21 बजे

जोक्स ऑफ द डे

मां- कल आधी रात को कमरे में आकरबोली- बेटा तुझे पता है कि पेट्रोल सस्ता हो गया है?

बेटा- हां मां फिर?

मां- चुपचाप फोन बंद करके सो जा नहीं तो तेरे इसी फोन पर पैट्रोल डाल के आग लगा दूंगी।

लड़की-क्या करते हो?

लड़का-नारी सम्मान सेवा पर काम करता हूं

लड़की- वाह सोशल वर्कर हो?

लड़का -नहीं, फेसबुक पर लड़कियों की फोटो लाइक करता हूं।

सत्संग के बाद चीख और चीत्कार, बिछीं लाशें

50 हजार से ज्यादा अनुयायियों की थी भीड़, निकलने की जल्दी में मची भगदड़

हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों से पोस्टमार्टम हाउस के बाहर बातचीत करते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

- चश्मीदीदों के मुताबिक, लोग एक-दूसरे को देख नहीं रहे थे, महिलाएं और बच्चे गिरते चले गए
- एटा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराए गए घायल, शवों का कराया जा रहा पोस्टमार्टम

संवाददाता, हाथरस

अमृत विचार: हाथरस जिले के गांव रतिभानपुर में मंगलवार को साकार हरि बाबा का एक दिवसीय सत्संग चल रहा था। वहां पर बच्चों के साथ महिलाएं और पुरुष बाबा का प्रवचन सुन रहे थे। लगभग पौने 2 बजे सत्संग खत्म हुआ, बाबा के अनुयायी बाहर सड़क की ओर जाने लगे।

बताया जा रहा है कि लगभग 50 हजार की संख्या में अनुयायियों को सेवादारों ने जहां थे, वहीं रोक लिया। सेवादारों ने साकार हरि बाबा के काफिले को वहां से निकाला। उतनी देर तक वहां अनुयायी गर्मी और उमस में खड़े रहे। बाबा के काफिले के जाने के बाद जैसे ही सेवादारों ने अनुयायियों को जाने के लिए कहा, वहां भगदड़ की स्थिति बन गई। गर्मी, उमस और भीड़ में दम घुटने से अनुयायी वहीं पर बेहोश होकर गिर गए। हादसे में अब तक 120 लोगों की मौत होने की बात कही जा रही है। मरने और घायल होने वालों में महिलाओं की संख्या ज्यादा है, साथ ही बच्चों के भी हताहत होने की जानकारी मिल रही है। हादसे के बाद घायलों को सिकंदराराऊ सीएचसी और एटा की ओर एम्बुलेंस से उपचार के लिए भेजा गया। रतिभानपुर में हुए हादसे के बाद स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। इमरजेंसी से लेकर पोस्टमार्टम हाउस में स्टाफ को तैनात रहने के निर्देश दिए गए हैं। जिले के अलग-अलग स्थानों से एम्बुलेंस को घटना स्थल के लिए भेजा गया है।

इस सत्संग में शामिल होने गए चश्मदीदों ने बताया कि मौके पर कैसा मंजर था। एक युवती ने बताया कि सत्संग में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी। सत्संग समाप्त हुआ और उसके बाद लोग वहां से जाने लगे। इसी दौरान निकलने की जल्दी में भगदड़ मच गई। लोग एक-दूसरे को देख ही नहीं रहे थे। महिलाएं और बच्चे गिरते चले गए। भीड़ उनके ऊपर से दौड़ रही थी। कोई बचाने वाला नहीं था। चारों ओर चीख पुकार मची हुई थी।

तीन किलोमीटर तक फैली थी वाहनों की संख्या

दरअसल, हर महीने की शुरुआत के पहले मंगलवार को भोले बाबा का सत्संग होता है। इस सत्संग में राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा सहित कई राज्यों के लोग आए थे। भीड़ का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वाहनों की संख्या तीन किलोमीटर तक फैली हुई थी।

पुलिस में था दरोगा, नौकरी छोड़कर बना भोले बाबा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार: जिन भोले बाबा के सत्संग के समापन पर हाथरस जिले में भगदड़ के बाद यह हादसा हुआ है, वे कासगंज जिले के पटियाली क्षेत्र तहसील क्षेत्र के गांव बहादुर नगर के रहने वाले हैं। पहले भी उनके सत्संग के बाद हादसे होते रहे हैं और जानें जाती रही हैं, लेकिन अनुयायियों में उनके प्रति अटूट आस्था बनी रही है। इस बार उनके सत्संग में मची भगदड़ से हुई तमाम मौतों के बाद अब तमाम परिवार टूट चुके हैं। पीड़ित परिवारों में

मातम छाया हुआ है।

भोले बाबा पूर्व में पुलिस विभाग में सेवा दे चुके हैं, लेकिन उन्होंने स्वयं को भोले बाबा के नाम से संबोधित करने के लिए सत्संग का सहारा लिया और सत्संग करने लगे। धीरे-धीरे उन्हें लोग भगवान की तरह पूजने लगे। कासगंज जिले के गांव पटियाली तहसील क्षेत्र के गांव बहादुर नगर के रहने वाले भोले बाबा के सत्संग देश भर में होते हैं और वहां भीड़ उमड़ती है। यही कारण रहता है कि भीड़ के दौरान हादसों की आशंका भी बनी रहती है। हुआ भी यही। हाथरस में बड़ा हादसा हो गया। अब तमाम अनुयायी घायल होकर दर्द से कराह रहे हैं।

गत वर्ष गई थी 11 जानें

पिछले साल भोले बाबा का सत्संग पटियाली के बहादुर नगर में चल रहा था। यहां सत्संग से लौट रहे अनुयायी जब बदायूं मैनपुरी हाईवे पर पहुंचे तो ऑटो अनियंत्रित होकर बोलेरो कार से टकरा गया, जिसमें 11 अनुयायियों की मौत हुई थी। तब माहौल गमगीन बना रहा, लेकिन धीमे-धीमे अनुयायियों में फिर से आस्था जाग उठी।

बाबा के वालंटियर संभालते हैं व्यवस्था

भोले बाबा के सत्संग में बड़ी संख्या में अनुयायी उमड़ते हैं। यहां पुलिस तो व्यवस्था संभालती ही है, भोले बाबा के वालंटियर स्वयं भी व्यवस्था में जुटे रहते हैं। इस बार पुलिस के साथ-साथ वालंटियर की व्यवस्था भी फेल हो गई और यह बड़ा हादसा हो गया।

पहले भी हो चुके हैं कार्यक्रम

भोले बाबा का सत्संग शहर में बारह पत्थर मैदान पर कई बार हो चुका है। समीपवर्ती गांव मोहनपुरा में भी एक बार भोले बाबा का सत्संग हुआ था। भोले बाबा के सत्संग में लाखों की संख्या में अनुयायी उमड़ते हैं। स्टेशन से बस स्टैंड से लेकर सार्वजनिक स्थलों और कार्यक्रम स्थल पर भी बाबा के वालंटियर रहते हैं।

बड़ा सवाल

हादसे का जिम्मेदार कौन, किस पर होगी कार्रवाई

संवाददाता, हाथरस

अमृत विचार: हाथरस जिले में भोले बाबा के सत्संग के समापन के दौरान मची भगदड़ से हुई मौतों का जिम्मेदार आखिर कौन है? यह एक बड़ा सवाल बन गया है। लापरवाही के मामले में किसके विरुद्ध मामला दर्ज होगा? हाथरस जिले में इस बड़े हादसे के बाद लोग एक-दूसरे से यही सवाल पूछ रहे हैं। लोग तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि इस तरह के आयोजनों से पहले आयोजकों को बेहतर व्यवस्थाएं करनी चाहिए। शायद व्यवस्था में कमी रहने के कारण यह हादसा हो गया।

भोले बाबा के सत्संग में पहले भी हादसे होते रहे हैं, लेकिन कभी भी किसी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। किसी की जवाबदेही कभी भी तय नहीं की गई। इस बार जब एक बड़ा हादसा हुआ है तो कार्रवाई के संकेत तो दिखाई दे रहे हैं, लेकिन अभी किसी पर भी कार्रवाई होती नहीं दिख रही, न ही किसी का नाम सामने आ रहा है। वैसे तो लोगों का मानना है कि इस तरह के आयोजन के लिए आयोजक जिम्मेदार होने चाहिए और उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। हत्या के मामले के एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जानी चाहिए। हालांकि, सरकार की तरफ से आयोजकों के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने के निर्देश दे दिए गए हैं, लेकिन प्रशासन की ढिलाई पर अभी कोई जवाब-तलब नहीं हुआ है।

हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों से बातचीत करते जिले के प्रशासनिक अधिकारी। ● अमृत विचार

प्रशासन से हुई चूकः आयोजन समिति

सत्संग आयोजन समिति से जुड़े महेश चंद्र ने कहा कि हमने जिला प्रशासन से अनुमति लेकर कार्यक्रम कराया था। कार्यक्रम में एक लाख से अधिक लोग मौजूद थे। जब कार्यकम खत्म हुआ तब भगदड़ मच गई। यह हादसा प्रशासन की कमजोरी की वजह से हुआ है। हाथरस में यह कार्यक्रम 13 साल बाद हुआ है। हमारे पास 3 घंटे की अनुमति थी। 1.30 बजे कार्यक्रम खत्म होने के बाद घटना हुई है। प्रशासन को अनगिनत श्रद्धालुओं के कार्यक्रम में आने की जानकारी दी गई थी। मौके पर एंबुलेंस नहीं थी। कार्यक्रम खत्म हुआ तो लोग एक साथ भागने लगे और भगदड़ मच गई। बरसात के मौसम में कीचड़ की वजह से लोग एक-दूसरे पर गिरने लगे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों से हादसे बारे में जानकारी लेते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

सत्संग में लगी थी ड्यूटी, शवों को देख कांस्टेबल को हुआ हृदयाघात

कार्यालय संवाददाता, एटा

- एटा के अवागढ़ थाने में क्यूआरटी ड्यूटी पर थी तैनाती

अमृत विचार: भोले बाबा के सत्संग में व्यवस्था संभालने के लिए ड्यूटी पर तैनात पुलिस आरक्षी की भी मौत हो गई। आरक्षी की मौत भगदड़ से नहीं, बल्कि हृदयाघात से हुई है। बताया जा रहा है कि सत्संग स्थल पर उन्होंने तमाम शवों को पड़ा देखा तो हार्टअटैक आ गया और वह अपनी जान गंवा बैठे। आरक्षी की मौत से उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

अलीगढ़ जिले के थाना बन्ना देवी क्षेत्र के सिद्धार्थनगर निवासी रवि कुमार मृतक आश्रित में 2014 में आरक्षी पद पर भर्ती हुए थे। पुलिस लाइन एटा में भर्ती हुई और तैनाती अवागढ़ थाने में क्यूआरटी ड्यूटी पर थी। उन्हें भोले बाबा के सत्संग में व्यवस्था देखने के लिए लगाया गया था। वह मौके पर मौजूद थे। भगदड़ का माहौल था तो उन्होंने काफी प्रयास किया, लेकिन जब शवों को पड़ा देखा तो सुध-बुध खो बैठे और जमीन पर गिर पड़े। उन्हें आनन फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने बताया कि हृदयाघात से आरक्षी की मौत हुई है।

घर से हंसते गाते निकले थे सत्संग के लिए। परिजनों को क्या पता था कि वह दोबारा मिलेंगे भी तो ऐसे हाल में.... भगदड़ में अपनों को खोने के बाद अस्पताल परिसर में विलाप करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

बेटी खो बैठे मां-बाप, कासगंज के तीन अन्य अनुयायियों की भी मौत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- गांव बहोट, प्यारमपुर, सलेमपुर नगला खन्जी में पसरा मातम

अमृत विचारः हाथरस में हुए हादसे में कासगंज जिले के चार सत्संगियों ने भी जान गंवाई है। शव एटा भेजे गए हैं, जहां पोस्टमार्टम गृह पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

गांव बहोट निवासी प्रियंका अपने पिता रामसेवक और मां गुड्डो देवी के साथसत्संग सुनने गई थी। वह भी भगदड़ में फंस गई और भीड़ के पैरों तले दबकर जान चली गई। काफी देर तक मां-बाप अपनी बेटी को ढूंढ़ते रहे। उसके बाद बेटी का शव पड़ा मिला। फिर तो माता-पिता का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

प्रियंका

हादसे में पटियाली के गांव प्यारमपुर निवासी सोमवाती पत्नी सत्य प्रकाश, रेवती पत्नी छोटे एवं गांव सलेमपुर निवासी मीनू देवी पत्नी मदन गोपाल की भी मौत हो गई। वही प्यामपुर निवासी गोविंद सागर की पत्नी ज्ञान देवी एवं निखिल पुत्र गोविंद सागर घायल हुए हैं। देर रात सोरों क्षेत्र के गांव नगला खन्जी निवासी 38 वर्षीय सीमा की उपचार के दौरान मौत हो गई है। गांव खरपरा गांव से भी दर्जनों लोग भोले बाबा का सत्संग सुनने के लिए सिकंदराराऊ गए हुए थे। ये सभी लोग सुरक्षित हैं।

खरपरा से भी गए थे दर्जनों लोग

कासगंज जिले के गांव खरपरा गांव से भी दर्जनों लोग भोले बाबा का सत्संग सुनने के लिए सिकंदराराऊ गए हुए थे। हालांकि, ये सभी लोग सुरक्षित हैं, लेकिन जिले के चार लोगों की मौत के बाद ये लोग गम में डूबे हैं।

पड़ोसी जिलों में भी फूल गई स्वास्थ्य विभाग की सांस

- व्यवस्थाओं के नाम पर सिर्फ दिखाई दी औपचारिकता
- पोस्टमार्टम हाउस के बाहर घंटों पड़े रहे शव

संवाददाता, हाथरस

अमृत विचार: हाथरस के सिकंदराराऊ में हुए हादसे के बाद पड़ोसी जिलों एटा और अलीगढ़ जिले के स्वास्थ्य विभाग की भी सांस फूल गई। यहां संसाधन जवाब दे गए। घायलों के लिए स्ट्रेचर नहीं थे तो मृतकों के शव पोस्टमार्टम गृह के बाहर पड़े रहे। लोग अपने सगे-संबंधियों के शव को पहचानने में जुटे रहे। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग का अलर्ट भी कोई राहत नहीं दे पाया।

जैसे ही हादसे की खबर शासन को मिली तो शासन ने पड़ोसी जिला एटा और अलीगढ़ के स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट जारी किया। स्वास्थ्य विभाग भी सतर्क हो गया और व्यवस्थाएं चाक-चौबंद की जाने लगी। स्ट्रेचर की व्यवस्था बनाई जा रही थी, लेकिन जब घायल पहुंचने लगे तो स्ट्रेचरों कम पड़ गई। इतना ही नहीं, पोस्टमार्टम गृह में शवों के रखने का भी इंतजाम नहीं था। शवों को पोस्टमार्टम गृह के बाहर ही रखा गया। शव तितर-बितर पड़े थे। लोग स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं को कोस रहे थे, लेकिन विभाग बेबस था।

हाथरस के सिकंदराराऊ अस्पताल परिसर में शव की पहचान करते परिजन।

दिखाई दी अमानवीयता

शवों को बेकद्री से फेंक दिया गया था, जिससे अमानवीयता भी दिखाई दे रही थी। हालांकि, जब लोगों में आक्रोश दिखाई दिया तो पोस्टमार्टम गृहों में शवों के रखने का इंतजाम किया गया। घंटों बाद शवों को पोस्टमार्टम गृह में रखा गया।

घायलों को उपचार देना प्राथमिकताः एडीजी

आगरा जोन की एडीजी अनुपमा कुलश्रेष्ठ ने कहा कि घायलों को उपचार देना पहली प्राथमिकता है। यह बहुत दर्दनाक हादसा है। इसको लेकर हम सबकी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। सरकार स्वयं निगरानी कर रही है। कंट्रोल रूम सक्रिय है और हेल्पलाइन नंबर जारी कर दिए गए हैं। सभी एंबुलेंस लाइन अप कर दी गई है। मामले में जांच की जा रही है। अधिकांश मौत महिलाओं की हुई है। देर रात तक स्पष्ट हो सकेगा कुल कितनी मौतें हुई हैं। वैसे तो अब तक लंबे लगभग 90 मौत हो चुकी हैं।

अस्पताल में भर्ती भगदड़ में घायल हुई महिला से जानकारी लेते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	79,441.45	24,123.85
नुकसान	34.74	18.10
प्रतिशत में	0.04	0.07

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, बुधवार, 3 जुलाई 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 925 फ्लैग 1035 डीएमओ 825 बोल्ड 1100, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 920 फ्लैग 1070 बोल्ड 1120 डीएमओ 840।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2075, राज श्री 1410, फ़ॉर्चून कि. 1775, रविन्द्रा 1990, फॉर्चुन ली. 1625, जय जवान 1525, सचिन 1535, सूरज 1550, अवसर 1655, राग गोल्ड 1615, गृहणी 1510, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1590, चक्र टिन 1890, ब्लू 1630, आशीर्वाद मस्टर्ड 1925, स्वास्तिक 2045, **किराना (प्रतिकु.)**-हल्दी निजामाबाद 19500, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000-25500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10150, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4700, खजाना 4700, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10900, मूंग धोवा काला क्राउन 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 6950-7400 मलका दाल 7575-7900, मलका छाँटी 7450, दाल उड़द बिलासपुर 10200-10900, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15400, अरहर पटका मोटा 16100, अरहर कोरा मोटा 16400, अरहर पटका छोटा 16000-16200, अरहर कोरी छोटी 17200, **चीनी**-डालमियां 4060, पीलीभीत 4040, नवाबगंज 4030, बहेड़ी (नई) 4040 रुपये।

मलिहाबादी दशहरी का दीवाना हुआ जर्मनी

इंडो-जर्मन सरकार के सहयोग से ग्लोबल गैप दूर करके पहले निर्यात के लिए पसंद आया आम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आज जर्मन के राजदूत व अपर कृषि सचिव टीम के साथ मलिहाबाद का करेंगे भ्रमण
- निर्यात करने वाले 10 बागवानों को प्रोत्साहित करके उनसे और निर्यात की करेंगे मांग

अमृत विचार : इंडो-जर्मन सरकार के सहयोग से यूरोपीय देशों में लखनऊ के मलिहाबादी दशहरी आम के निर्यात की राह आसान हो गई है।

एग्री कल्चर मार्केटिंग डेवलपमेंट (एएमडी) प्रोडेक्ट के तहत ग्लोबल गैप दूर करके पहली बार 14 जून को जर्मनी गया आम वहां के लोगों को खूब भाया है और बराबर निर्यात के लिए बुधवार को जर्मन के राजदूत डॉ. फिलिप एकरमैन, अपर कृषि सचिव फैज अहमद किदवई (कृषि मंत्रालय) टीम के साथ मलिहाबाद आएंगे। जो एग्री कल्चर मार्केटिंग डेवलपमेंट और कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय के अधिकारियों के साथ बागों का भ्रमण करके आमों की विशेषता जानेंगे। साथ ही आम निर्यात करने वाले 10 बागवानों को प्रोत्साहित करके उनसे और निर्यात की मांग करेंगे।

जर्मनी ने दिया था ग्लोब गैप का प्रशिक्षण: यूरोपीय देशों में कृषि उत्पाद के कठिन निर्यात के मानकों के कारण फल और सब्जियों का निर्यात नहीं होता है। इसे ग्लोबल गैप कहते हैं, जिसे दूर करने के लिए जनवरी में जर्मनी के विशेषज्ञों ने लखनऊ समेत 14 जिलों के 25 एफपीओ को फल और सब्जी के लिए ग्लोबल गैप का विश्व स्तरीय प्रशिक्षण दिया था। प्रशिक्षण में उत्पाद की गुणवत्ता, आयात-निर्यात की जानकारी, लाइसेंस व कीटनाशक दवाओं के मानक व इस्तेमाल करना, बाजार की पहचान, पैकिंग आदि तौर-तरीके सिखाकर ग्लोबल गैप का प्रमाण पत्र दिया था। इसमें आम यूरोप के मानकों में खरा उतरा है। इसी तरह एएमडी सब्जियों का निर्यात कराएगा।

इन एफपीओ को मिला था प्रशिक्षण

लखनऊ से निराला हर्बल बायो इनर्जी, सेक्रथ अर्थ बायो इनर्जी, नवज्योति किसान, इरादा बायो किसान फार्मर, मित्र जीवन बायो इनर्जी, जेवीकेएस बायो इनर्जी, टफारी फार्मर, रिस्ता फार्मर, पे अमृत आर्गेनिक, नवयुग फार्मर, अलीगढ़ से कोमलिका फार्मर, ओजोन फार्म, बलिया से दिदयम बायो इनर्जी, फतेहपुर से प्रगतिशील कृषक, ललितपुर से विकास पथ एग्रो, कासगंज से मेडिएरोमा एग्रो, उन्नाव औरास फार्मर, बाराबंकी से रामआसरे एग्रो, गाजीपुर से शिवांस कृषि, मेरठ से नीर आदर्श आर्गेनिक फार्मर, एटा से एग्री फार्म फ्रेश फार्मर, झांसी से उल्दन एग्रीकल्चर, रामपुर से रामपुर कृषक फार्मर, कानपुर देहात से एसआरएमजी प्रोड्यूसर व कृषक विकास प्रोड्यूसर कंपनी।

> लखनऊ के मैंगो पैक हाउस से पहली बार 1300 किलो मलिहाबादी दशहरी आम जर्मनी निर्यात किया है। इसका स्वाद वहां के लोगों को खूब पंसद आया है। अब किसी भी यूरोपीय देश में आम भेज सकते हैं।
>
> **-संजय कुमार, सहायक निदेशक, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय।**

भारत खनिज ब्लॉक के लिए अफ्रीका लैटिन अमेरिका के साथ कर रहा बातचीत

नई दिल्ली, एजेंसी

- खान मंत्रालय की संयुक्त सचिव ने दी जानकारी

खान मंत्रालय की संयुक्त सचिव वीना कुमारी डरमल ने मंगलवार को कहा कि भारत महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक को सरकार-से-सरकार आधार पर हासिल करने के लिए अफ्रीका के साथ-साथ लैटिन अमेरिका के देशों के साथ बातचीत कर रहा है। लिथियम जैसे महत्वपूर्ण खनिज आज की तेजी से बढ़ती स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में आवश्यक घटक हैं, जिनमें पवन टर्बाइन, बिजली तंत्र तथा इलेक्ट्रिक वाहन शामिल हैं।

स्वच्छ ऊर्जा में तेजी से हो रहे बदलाव के साथ इन खनिजों की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। भारत ऊर्जा भंडारण गठबंधन (आईईएसए) द्वारा आयोजित भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह (आईईएसडब्ल्यू) 2024 में डरमल ने कहा-हम सरकार से सरकार (जी2जी) के आधार पर या प्राथमिकता के आधार पर ब्लॉक प्राप्त करने के लिए अफ्रीका के साथ-साथ लैटिन अमेरिका के कई अन्य संसाधन संपन्न देशों के साथ चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खान मंत्रालय भारत में महत्वपूर्ण खनिजों की खोज को अधिक से अधिक महत्व दे रहा है। संयुक्त सचिव ने कहा कि घरेलू मोर्चे पर सरकार ने छत्तीसगढ़ में एक लिथियम ब्लॉक की सफलतापूर्वक नीलामी की है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि छत्तीसगढ़ सरकार जल्द ही लिथियम ब्लॉक से अन्वेषण तथा उत्पादन शुरू करने के लिए कदम उठाएगी।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	90,300
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73,750
गिन्नी (प्रति नग)	55,000-55,200
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,550
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,400
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	89,000
चांदी तैयार	89,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	72,400
सोना जेवरात गिन्नी	71,400
चांदी पक्की	885 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,600
चांदी आभूषण	89,400।

गैर-शुल्क बाधाओं के बारे में जानकारी जुटाने के लिए पोर्टल बना रही सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य मंत्रालय निर्यातकों के सामने आने वाली गैर-शुल्क बाधाओं (एनटीबी) को दर्ज करने और उनके समाधान के लिए संबंधित देशों के साथ बातचीत करने के लिए एक मंच तैयार कर रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह बात कही।

फिलहाल खास तौर पर छोटी वस्तुओं के लिए इन व्यापार बाधाओं से संबंधित सूचना मौजूद नहीं है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा-हम एक पोर्टल बना रहे हैं ताकि सभी गैर-शुल्क बाधाओं को प्राथमिकता दे सकें। इस पोर्टल पर कारोबारी अपनी शिकायतें दर्ज करा सकेंगे और मंत्रालय उस पर आगे की कार्रवाई करेगा। जिन मामलों में गैर-शुल्क बाधा बड़ी मात्रा में उत्पादों के व्यापार पर असर डाल रही है, उनके निवारण और कार्रवाई के लिए उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने एक रिपोर्ट में कहा है कि अमेरिका, चीन एवं जापान जैसे देशों में घरेलू निर्यातकों को गैर-शुल्क बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

नौ एनबीएफसी ने आरबीआई को पंजीकरण प्रमाणपत्र लौटाया

मुंबई। आरबीआई ने मंगलवार को कहा कि उज्जीवन फाइनेंशियल सर्विसेज समेत नौ गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) ने केंद्रीय बैंक को अपना पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) लौटा दिया है। इनमें से पांच एनबीएफसी ने गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थान काराबार से बाहर होने की वजह से अपना पंजीकरण प्रमाणपत्र लौटा दिया है। इनके नाम विगफिन होल्डिंग्स, स्ट्रिप कमोडियल, एलियम फाइनेंस, इटरनाइट फिनवेस्ट और फिनो फाइनेंस हैं। इनके अलावा एलेग्रो होल्डिंग्स, टेम्पल ट्रीज इम्पेक्स एंड इन्वेस्टमेंट और हेम फाइनेंशियल सर्विसेज ने प्रमाणपत्रों को लौटाया है।

सेबी ने हिंडनबर्ग को भेजा कारण बताओ नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- अमेरिकी कंपनी ने इसे बेतुका तथा डराने का प्रयास बताया

भारतीय पूंजी बाजार नियामक सेबी ने अमेरिकी 'शॉर्ट-सेलर' एवं निवेश शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च को अडाणी समूह के शेयरों पर दांव लगाने में कथित उल्लंघन को लेकर किए दावों को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। हिंडनबर्ग ने अडाणी समूह पर शेयरों के भाव में हेराफेरी और वित्तीय गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए एक रिपोर्ट जारी की थी।

अमेरिकी कंपनी ने बताया कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने उसे कारण बताओ नोटिस भेजा है। उसने इस नोटिस को बेतुका और पूर्व-निर्धारित उद्देश्य की पूर्ति के लिए गढ़ा गया बताया। उसने कहा कि यह भारत में सबसे शक्तिशाली लोगों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी को उजागर करने वालों को चुप कराने तथा डराने का प्रयास है। अमेरिकी कंपनी ने कहा कि कारण बताओ नोटिस से कुछ प्रश्नों का समाधान हो गया है, क्या हिंडनबर्ग ने अडाणी को नुकसान पहुंचाने के लिए दर्जनों कंपनियों के साथ काम किया, जिससे करोड़ों डॉलर कमाए? नहीं ...हमारे पास एक निवेशक साझेदार था और लागतों के बाद हम शायद ही अदाणी शॉर्ट पर ब्रेक-ईवन से ऊपर आ पाएं।

कोटक ने लाभ दिलाने के लिए विदेशी कोष बनाया: हिंडनबर्ग

अमेरिकी निवेश और शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने दावा किया है कि उद्योगपति उदय कोटक द्वारा गठित बैंक और 'ब्रोकरेज' कंपनी ने विदेशी कोष बनाया और उसका रखरखाव किया तथा इस कोष का उपयोग 'अज्ञात निवेशक' ने अडाणी समूह के शेयरों में गिरावट से लाभ उठाने के लिए किया। हिंडनबर्ग ने जनवरी, 2023 में अदाणी समूह पर शेयरों के भाव में हेराफेरी और वित्तीय गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए एक रिपोर्ट जारी की थी।

राष्ट्रीय

संसद की ओर मार्च करने का प्रयास कर रहे छात्र हिरासत में

नीट-यूजी विवाद: केंद्रीय शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करो और एनटीए को खत्म करो जैसे लगा रहे थे नारे

नई दिल्ली, एजेंसी

कई प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं के विरोध में संसद की ओर मार्च करने का प्रयास कर रहे 12 से अधिक छात्रों को मंगलवार को हिरासत में लिया गया।

इंडिया अगेंस्ट एनटीए के बैनर तले विभिन्न संगठनों से जुड़े छात्र यहां पटेल चौक मेट्रो स्टेशन पर एकत्र हुए और एनटीए विरोधी नारे लगाने लगे। केंद्रीय शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करो और एनटीए को खत्म करो जैसे नारे लिखे पोस्टर और बैनर लेकर छात्रों ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा में पेपर लीक और भ्रष्टाचार के कथित मामलों के खिलाफ प्रदर्शन किया। दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारी छात्रों को उस समय हिरासत में ले लिया, जब वे अपनी मांगों को लेकर संसद की ओर मार्च करने की कोशिश कर रहे थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, प्रेस क्लब में संवाददाता सम्मेलन करने के बाद छात्र पटेल चौक मेट्रो स्टेशन पर एकत्र हुए, जहां से उन्होंने संसद की ओर मार्च करना शुरू किया। ऐसा करने की कोशिश कर रहे 12 से अधिक छात्रों को हिरासत में लिया गया है।

नई दिल्ली में परीक्षाओं में अनियमितताओं के विरोध में संसद की ओर मार्च करतीं छात्राएं। ● एजेंसी

छात्र संगठनों ने नीट विवाद को लेकर केंद्र की आलोचना की

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के छात्र संगठनों ने मंगलवार को नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं को लेकर भाजपा नीत केंद्र सरकार की आलोचना की और मेडिकल प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए सभी 24 लाख उम्मीदवारों के लिए दोबारा परीक्षा आयोजित किये जाने की अपनी मांग दोहरायी। यहां प्रेस क्लब में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में छात्र संगठनों के राष्ट्रीय नेताओं ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित परीक्षा में विसंगतियों के खिलाफ एक साझा प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए और निष्पक्ष परीक्षा आयोजित कराने में विफल रहने के कारण परीक्षा एजेंसी को समाप्त करने की मांग पर जोर दिया। संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में वाम समर्थित ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा), स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन (एआईएसएफ) सहित समाजवादी छात्र सभा और कांग्रेस की छात्र शाखा भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) सहित छात्र संगठनों के राष्ट्रीय नेता मौजूद थे। उन्होंने आरोप लगाया कि एनटीए की "निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से परीक्षा आयोजित करने में असमर्थता" के कारण लाखों छात्रों का भविष्य खतरे में है और उन्होंने मांग की कि सभी उम्मीदवारों के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक की नयी तारीखें तुरंत जारी की जाएं।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित परीक्षाओं राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी), नीट-पीजी (स्नातकोत्तर) और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी नेट) में अनियमितता को लेकर इंडिया अगेंस्ट एनटीए के बैनर तले विभिन्न छात्र संगठन यहां जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं।

नीट विवाद : न्यायालय आठ को याचिकाओं पर करेगा सुनवाई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी से जुड़ी याचिकाओं पर आठ जुलाई को सुनवाई करेगा। इनमें पांच मई को हुई परीक्षा में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली तथा इसे नए सिरे से कराए जाने का अनुरोध करने वाली याचिकाएं भी शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर आठ जुलाई के लिए अपलोड की गयी वाद सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ 26 याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। देश भर के संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) परीक्षा आयोजित की जाती है।

बिहार सरकार ने आरक्षण पर कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

नई दिल्ली,एजेंसी

बिहार सरकार ने आरक्षण कानून में संशोधन को खारिज करने संबंधी पटना उच्च न्यायालय के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है। संशोधित कानून के तहत नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने का प्रावधान किया था।

उच्च न्यायालय ने 20 जून के अपने फैसले में कहा था कि पिछले साल नवंबर में राज्य विधानमंडल द्वारा सर्वसम्मति से पारित किए गए संशोधन संविधान के प्रतिकूल हैं और यह समानता के (मूल) अधिकार का हनन करता है। राज्य की याचिका अधिवक्ता मनीष कुमार के माध्यम से उच्चतम न्यायालय में दायर की गई है। उच्च न्यायालय की एक पीठ ने बिहार में सरकारी नौकरियों में रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए) (संशोधन) अधिनियम, 2023 और बिहार (शैक्षणिक संस्थानों में दाखिले में) आरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2023 को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं को मंजूर कर लिया था। उच्च न्यायालय ने 87 पन्नों के विस्तृत आदेश में स्पष्ट किया कि उसे कोई भी ऐसी परिस्थिति नजर नहीं आती जो राज्य को इंदिरा साहनी मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा का उल्लंघन करने में सक्षम बनाती हो।

एक नजर

धनखड़ और खरगे के बीच हुआ वाकयुद्ध

नई दिल्ली। राज्यसभा में मंगलवार को जगदीप धनखड़ और मल्लिकार्जुन खरगे के बीच उस समय कुछ देर के लिए वाकयुद्ध छिड़ गया जब सभापति ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि वरिष्ठ सदस्य जयराम रमेश को विपक्ष के नेता का स्थान ग्रहण कर लेना चाहिए। धनखड़ ने सदन की कार्यवाही के दौरान बार-बार टोका-टोकी करने का प्रयास कर रहे कांग्रेस सांसद जयराम रमेश को अनुशासित करने के प्रयास के तहत यह बात कही थी।

हथियार व गोला बारूद का जखीरा बरामद

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी साझा की। अधिकारियों ने कहा कि कुपवाड़ा पुलिस के विशिष्ट सूचना के आधार पर नंगारी जंगल, दर्दपोरा क्रालपोरा इलाके में सुरक्षा बलों द्वारा एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया था। इस दौरान सुरक्षा बलों ने बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामान बरामद किए हैं। अधिकारियों ने कहा, तलाशी अभियान के दौरान आठ एके मैगजीन, 445 कारतूस, तीन मैगजीन के साथ एक पिस्तौल, 13 पिस्तौल कारतूस और एक हथगोला बरामद किया गया।

हम नए आपराधिक कानूनों पर नहीं करेंगे टिप्पणी : चंद्रचूड़

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधान न्यायाधीश बोले-इन कानूनों से उत्पन्न मुद्दे उच्चतम न्यायालय में हैं लंबित

तीन नए आपराधिक कानूनों को लेकर जारी बहस के बीच भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने मंगलवार को इन पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि इन कानूनों से उत्पन्न मुद्दे उच्चतम न्यायालय में लंबित हैं।

तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) एक जुलाई से पूरे देश में लागू हो गए और इन कानूनों ने क्रमशः भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लिया। हाल ही में नए कानूनों पर रोक लगाने की मांग करते हुए शीर्ष अदालत में एक जनहित याचिका दायर की गई थी। इसमें इन कानूनों में कुछ प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। दिल्ली में निचली अदालत की नई इमारतों के लिए कड़कड़डूमा, शास्त्री पार्क और रोहिणी में शिलान्यास समारोह के बाद मीडिया से बातचीत में प्रधान न्यायाधीश ने कहा-ये मुद्दे उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन हैं, हो सकता है कि अन्य उच्च न्यायालयों में भी लंबित हों। इसलिए मुझे ऐसी

किसी चीज पर नहीं बोलना चाहिए, जिसके अदालत के समक्ष आने की संभावना हो। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि अदालतें केवल संविधान का पालन करती हैं और वादकारियों के अलावा किसी और की सेवा नहीं करती हैं। उन्होंने कहा, हमारी अदालतें केवल संप्रभु सत्ता का केंद्र नहीं हैं, बल्कि आवश्यक सार्वजनिक सेवा प्रदाता भी हैं।

जलवायु परिवर्तन को नजरंदाज नहीं किया जा सकता: सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ ने दिल्ली में हाल में पड़ी भीषण गर्मी के बाद भारी बारिश की ओर इशारा करते हुए मंगलवार को कहा कि जलवायु परिवर्तन को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए हरित जीवन शैली अपनाने की आवश्यकता है।

कोर्ट ने कविता को षडयंत्रकारियों में से एक करार दिया

नई दिल्ली, एजेंसी

आबकारी घोटाला

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित शराब घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार एवं धनशोधन के दो मामलों में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के. कविता को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया वह दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 तैयार करने और इसके क्रियान्वयन की आपराधिक साजिश के मुख्य षडयंत्रकारियों में से एक हैं।

उच्च न्यायालय ने जांच एजेंसियों द्वारा एकत्रित सामग्री का अवलोकन करते हुए कहा कि कविता प्रथम दृष्टया विभिन्न प्रक्रियाओं में रिश्वत के भुगतान और अपराध की आय से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं और धनशोधन के अपराध में शामिल थीं। अदालत ने कहा कि अभी नियमित जमानत देने का कोई मामला नहीं बनता क्योंकि जांच महत्वपूर्ण चरण में है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने महिला होने के आधार पर राहत के लिए कविता की याचिका खारिज कर दी और कहा कि एक सुशिक्षित और एक पूर्व सांसद के रूप में उनकी तुलना एक कमजोर महिला से नहीं की जा सकती और अदालत उनके खिलाफ गंभीर आरोपों को नजरअंदाज नहीं कर सकती है।

नए आपराधिक कानूनों को वापस लेने का दिल्ली बार काउंसिल का अनुरोध

नई दिल्ली। दिल्ली बार काउंसिल ने एक जुलाई से लागू तीन नए आपराधिक कानूनों को वापस लेने का अनुरोध मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से किया। दिल्ली बार काउंसिल के उपाध्यक्ष संजीव नसियार ने कहा कि नए कानून लागू होने के समय पूर्ववर्ती सरकार का कार्यकाल समाप्त हो चुका था। नसियार ने देते हुए कहा, संवैधानिक औचित्य के रूप में इन कानूनों को नई निर्वाचित संस्थाओं की मंजूरी और अनुमोदन के बिना बदली हुई परिस्थितियों में लोगों पर नहीं थोपा जा सकता।इसमें कोई संदेह नहीं है कि ये संशोधन संवैधानिक सिद्धांतों और उच्चतम न्यायालय के फैसले की पूरी तरह से अवहेलना करते हैं। उन्होंने कहा, पुलिस हिरासत की अवधि को 15 दिनों से बढ़ाकर 60/90 दिन करने को कम से कम कहने के लिए तो दमनकारी है।

बाढ़ से 6.71 लाख लोग प्रभावित, 13 मछुआरों को वायुसेना ने बचाया

गुवाहाटी, एजेंसी

असम में बाढ़ का कहर

असम में बाढ़ की स्थिति मंगलवार को भी गंभीर बनी रही और इस साल बाढ़ की दूसरी लहर में 20 जिलों में 6.71 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। भारतीय वायुसेना (आईएएफ) ने गंभीर रूप से प्रभावित डिब्रूगढ़ जिले से 13 फंसे हुए मछुआरों को बचाया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

एक आधिकारिक बुलेटिन में कहा गया है कि ब्रह्मपुत्र सहित कम से कम 13 प्रमुख नदियां विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं तथा कई जिलों में भारी से बहुत भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के अनुरोध पर डिब्रूगढ़ के हटिया अली से बाढ़ के पानी में फंसे मछुआरों को बचाया गया। अधिकारी ने कहा-एएसडीएमए ने भारतीय वायुसेना से फंसे हुए 13 मछुआरों को हवाई मार्ग से बाहर निकालने का अनुरोध किया। इसका सारा खर्च एएसडीएमए द्वारा वहन किया जाएगा। भारतीय वायुसेना ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बचाव अभियान से संबंधित तस्वीरें साझा करते हुए लिखा: "वायुसेना ने असम के डिब्रूगढ़ के उत्तर में बाढ़ग्रस्त ब्रह्मपुत्र के एक छोटे से द्वीप से 13 लोगों को बचाया।

असम के मोरीगांव जिले में भारी बारिश के बाद बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में यात्रा करने के लिए नाव का उपयोग करते ग्रामीण। ● एजेंसी

दो जुलाई 2024 को सूर्योदय के बाद, एएफएस मोहनबाड़ी से एक एमआई-17 IV हेलीकॉप्टर ने चुनौतीपूर्ण मौसम की स्थिति में उड़ान भरी और दलदली भूमि से बचाव अभियान चलाया। इसमें कहा गया है कि पायलट और फ्लाइट गनर के समन्वित प्रयासों से 13 बचे लोगों को शीघ्र और सुरक्षित विमान में चढ़ाना सुनिश्चित हुआ।

वायुसेना ने कहा कि बचाव के बाद मछुआरों को आपातकालीन प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया। इससे पहले रविवार को, भारतीय वायुसेना ने धेमाजी जिले के जोनाई से राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के आठ कर्मियों और एक राजस्व अधिकारी को बचाया था। ये लोग राहत अभियान के दौरान चार इलाके में फंस गए थे। बाढ़ की मौजूदा लहर में डिब्रूगढ़ जिला बुरी तरह प्रभावित हुआ है और ऊपरी असम का यह प्रमुख शहर लगातार छह दिन से जलमग्न है।

दक्षिण पंथियों को हराने के लिए 190 उम्मीदवारों ने वापस लिए नाम

पेरिस, एजेंसी

फ्रांसीसी उदारवादी राजनीतिक गठबंधन एन्सेम्बल व न्यू पॉपुलर फ्रंट के वामपंथी चुनावी गठबंधन के कम से कम 190 उम्मीदवार दक्षिणपंथी नेशनल रैली (आरएन) को हराने में मदद करने के लिए संसदीय चुनाव के दूसरे दौर से हट गए हैं।

फ्रांस के अखबार ले मोंडे ने मंगलवार को रिपोर्ट में यह जानकारी दी। तीन सौ से अधिक फ्रांसीसी चुनावी जिलों में मतदान के पहले दिन के नतीजों से पता चला कि दाएं, बाएं और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के राजनीतिक गठबंधन के तीन मुख्य ब्लॉक के उम्मीदवार दूसरे दौर में आगे बढ़ गए थे। कथित तौर पर मैक्रों के विचार के लिए उनके गठबंधन और वामपंथी ब्लॉक के उम्मीदवारों की आवश्यकता थी जो आकस्मिक चुनाव के पहले दौर के बाद अपने जिले में तीसरे स्थान पर आए थे। ताकि दक्षिणपंथी उम्मीदवारों को रोकने के लिए दूसरे दौर से हट जाएं, क्योंकि जो उम्मीदवार दूसरे स्थान पर था। दूसरे दौर के चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची मगंलवार शाम 6:00 बजे तक जमा करा दिए।

फ्रांस में चुनाव

- दूसरे दौर के चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची जमा की
- आरएन को जीत से रोकने के लिए इमैनुएल मैक्रों ने बनाया प्लान

मानसून के मौसम में डेंगू के डंक से सावधान

देश के कई राज्यों में मानसून ने दस्तक दे दी है। इस मौसम में कई सारी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। डेंगू इन्हीं बीमारियों में से एक है जो मानसून में सबसे ज्यादा लोगों को प्रभावित करता है। यहां तक की डेंगू बुखार कभी-कभी जानलेवा भी साबित हो जाता है। बारिश के मौसम में घर के आसपास और पड़ोस में बारिश के कारण हुए जलभराव से डेंगू मच्छर पनप सकता है। यह मच्छर साफ पानी में पैदा होता है, यदि आपके घर में खुले स्थानों पर पानी भरा है तो डेंगू का मच्छर पैदा हो जाएगा, इसलिए अपने आसपास जमा पानी को खाली करते रहें। कुछ बातों को ध्यान में रख आप इससे अपना बचाव कर सकते हैं।

डेंगू के लक्षण

आमतौर पर डेंगू बुखार के लक्षणों में एक साधारण बुखार होता है और किशोरों एवं बच्चों में इसकी आसानी से पहचान नहीं की जा सकती। डेंगू में 104 फारेनहाइट डिग्री का बुखार होता है, जिसके साथ इनमें से कम से कम दो लक्षण होते हैं : सिर दर्द, मांसपेशियों व हड्डियों और जोड़ों में दर्द, जी मिचलाना, उल्टी लगना, आंखों के पीछे दर्द, ग्रंथियों में सूजन, त्वचा पर लाल चकत्ते होना इत्यादि। इसमें तीन प्रकार के बुखार होते हैं, जिनसे व्यक्ति को खतरा होता है, जो इस प्रकार हैं – हल्का डेंगू बुखार, डेंगू रक्तस्रावी बुखार और डेंगू शॉक सिंड्रोम। तीनों में डेंगू शॉक सिंड्रोम सबसे खतरनाक होता है। यहां तक कि यह मौत का कारण भी बन सकता है।

यह भी हैं कारगर उपाय

- **मच्छर रोधी क्रीम :** डाइथाइलटोलुआमाइड (डीईईटी) के कम से कम 10 प्रतिशत कंसंट्रेशन वाला रेपेलेंट प्रभावी रहता है। लंबे समय तक जोखिम हो तो फिर उच्च कंसंट्रेशन वाले रेपलेंट की आवश्यकता होती है।
- **व्यक्तिगत स्वच्छता :** जब आप किसी वायरस से संक्रमित होते हैं, तो आप अन्य बीमारियों के प्रति अतिरिक्त संवेदनशील हो जाते हैं। डेटॉल लिक्विड हैंडवॉश का प्रयोग करें, जो कीटाणुओं को दूर रखने का काम करता है।
- **ठहरे हुए पानी को कीटाणुरहित करें :** एडीज मच्छर साफ और स्थिर पानी में पनपता है। पानी के बर्तन या टंकी को हर समय ढककर रखें और यदि आवश्यक हो तो एक उचित कीटाणुनाशक का उपयोग करें।

डेंगू का उपचार

डेंगू बुखार का कोई विशिष्ट उपचार नहीं है, क्योंकि डेंगू एक वायरस है। यथासमय देखभाल से मदद मिल सकती है, जो कि इस बात पर निर्भर करता है कि बीमारी कितनी गंभीर है। डेंगू बुखार होने आप चिकित्सा परामर्श लेकर स्वस्थ हो सकते हैं। हमारे शरीर के अधिकांश तरल पदार्थों का उल्टी और तेज बुखार के दौरान ह्रास हो जाता है। तरल पदार्थों के सेवन से आसानी से डिहाइड्रेट नहीं होगा।

डेंगू के कारण

डेंगू चार वायरसों के कारण होता है, जो इस प्रकार हैं – डीईएनवी-1, डीईएनवी-2, डीईएनवी-3 और डीईएनवी-4। जब यह पहले से संक्रमित व्यक्ति को काटता है तो वायरस मच्छर के शरीर में प्रवेश कर जाता है। और बीमारी तब फैलती है जब वह मच्छर किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है, और वायरस व्यक्ति के रक्तप्रवाह के जरिये फैलता है। एक बार जब कोई व्यक्ति डेंगू बुखार से उबर जाता है, तो वह विशिष्ट वायरस से प्रतिरक्षित होता है, लेकिन अन्य तीन प्रकार के वायरस से नहीं। यदि आप दूसरी, तीसरी या चौथी बार संक्रमित होते हैं तो गंभीर डेंगू बुखार, जिसे डेंगू रक्तस्रावी बुखार के रूप में भी जाना जाता है, के विकसित होने की संभावना बढ़ जाती है।

एक नजर

इमरान खान की पत्नी को अग्रिम जमानत दी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक भ्रष्टाचार रोधी अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को भ्रष्टाचार मामले में मंगलवार को अग्रिम जमानत दे दी। खान और बुशरा बीबी सहित अन्य आरोपियों पर अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में देश के खजाने को लगभग 50 अरब रुपये का नुकसान पहुंचाने का आरोप है।

पाकिस्तान में दो अभियानों में नौ आतंकवादी मारे गए

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने देश के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में दो अभियानों में नौ आतंकवादियों को मार गिराया है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर केपी के खैबर और लक्की मारवात जिलों में अभियान चलाया।

मंगोलिया की संसद ने नया स्पीकर चुना

उलान बटोर। मंगोलिया की संसद, जिसे स्टेट ग्रेट खुराल भी कहा जाता है, ने पिछले शुक्रवार को हुए नियमित संसदीय चुनावों के बाद मंगलवार को दशजेग्वे अमरबायसगलान को अपना नया अध्यक्ष चुना। अमरबयासगलन (43) ने 2022 से मुख्य कैबिनेट सचिव और 2016 से सत्तारूढ़ मंगोलियाई पीपुल्स पार्टी (एमपीपी) के महासचिव के रूप में अपनी सेवा दी है।

मिसाइल हमले में पांच यूक्रेनी लड़ाकू विमान हुए नष्ट

मॉस्को। रूसी सशस्त्र बलों ने सोमवार को यूक्रेन के पोल्टावा क्षेत्र में एक हवाई क्षेत्र पर मिसाइल हमला किया, जिसमें पांच यूक्रेनी एसयू-27 लड़ाकू विमान नष्ट हो गए। रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यहां यह जानकारी दी। मंत्रालय ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया चैनल के माध्यम से बताया कि इस्कैंडर-एम ऑपरेशनल-टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम के हमले ने मायरहोरोड हवाई क्षेत्र में विमान पार्किंग क्षेत्र को निशाना बनाया तथा यूक्रेनी सशस्त्र बलों से संबंधित पांच एसयू-27 लड़ाकू विमानों को नष्ट कर दिया।

ट्रंप पर अदालत का फैसला शासन को कमजोर करने वाला : बाइडेन

आपराधिक मुकदमे से छूट के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को एक खतरनाक मिसाल बताया

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप को आपराधिक मुकदमे से आंशिक छूट देने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले को एक खतरनाक मिसाल बताया है। ट्रंप द्वारा सोमवार को अदालत के फैसले को लोकतंत्र के लिए बड़ी जीत बताने के बाद बाइडेन ने कहा कि फैसले ने कानून के शासन को कमजोर कर दिया है और यह अमेरिकियों के लिए एक भयानक अन्याय है।

अदालत ने इससे पहले दिन में पाया कि राष्ट्रपति को आधिकारिक कृत्यों के लिए छूट प्राप्त रहती है, लेकिन अनौपचारिक कृत्यों के लिए उन्हें छूट नहीं मिलती और मामले को वापस ट्रायल जज के पास भेज दिया। बीबीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इस फैसले से 2020 के चुनाव परिणाम को पलटने की कथित कोशिश के लिए ट्रंप के खिलाफ उन



आपराधिक मामले में देरी होगी, जिसमें बाइडेन को जीत मिली थी। ट्रायल जज को अब यह निर्धारित करना होगा कि राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप ने कौन से आपराधिक कार्य किए थे, जिसमें कई महीने लग सकते हैं।

रिपोर्ट में बताया गया है कि नवंबर के राष्ट्रपति चुनाव से पहले कोई भी मुकदमा शुरू होने की संभावना नहीं है। राष्ट्रपति बाइडेन ने सोमवार देर रात एक टेलीविजन बयान में कहा इस राष्ट्र की स्थापना इस सिद्धांत पर हुई थी कि अमेरिका में कोई राजा नहीं है। हम में से प्रत्येक कानून के समक्ष समान है। कोई भी, कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। अमेरिका का राष्ट्रपति भी नहीं। आज के (अदालत के) फैसले का लगभग निश्चित रूप से मतलब है कि राष्ट्रपति क्या कर सकता है, इसकी वस्तुतः कोई सीमा नहीं है।

भारत के साथ हम आर्थिक और सुरक्षा सहयोग को कर रहे हैं मजबूत

वाशिंगटन/नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिकी विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा है कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध पहले से और अधिक मजबूत हुए हैं। भारत चाहे ईरान और रूस के साथ संबंधों को आगे बढ़ा रहा है, लेकिन अमेरिका कई प्रमुख क्षेत्रों में विशेष रूप से आर्थिक संबंधों और सुरक्षा सहयोग में उसके (भारत) साथ अपने संबंधों को मजबूत कर रहा है। पटेल से जब पूछा गया कि ईरोन और रूस के साथ भारत के संबंधों के मद्देनजर अमेरिका भारत के साथ अपने गहरे होते संबंधों से कैसे निपटेगा, तो उन्होंने कहा भारत एक ऐसा देश है जिसके साथ हम कई प्रमुख क्षेत्रों में अपने संबंधों को गहरा कर रहे हैं, खासकर जब यह हमारे आर्थिक संबंधों और सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने से संबंधित है। अमेरिकी राष्ट्रपति को कुछ हफ्ते पहले जी7 पर प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात का अवसर मिला था। पटेल ने पिछले साल जून में मोदी की वाशिंगटन की राजकीय यात्रा के बारे कहा आप इस तथ्य से अनजान नहीं हैं कि हमने पिछली गर्मियों में मोदी की राजकीय यात्रा के लिए भारत की मेजबानी की थी।

सही समय पर फिलिस्तीन को मान्यता देगा सिंगापुर

सिंगापुर। सिंगापुर सैद्धांतिक रूप से फिलिस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता देने के लिए तैयार है और यह कदम उचित समय पर उठाया जाएगा। विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन ने मंगलवार को संसद में यह बात कही। बालाकृष्णन ने इस बात पर जोर दिया कि देश ने स्थायी शांति प्राप्त करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावों के अनुरूप, वार्ता के माध्यम से द्वि-राष्ट्र समाधान की वकालत की है।

डॉ. बालाकृष्णन ने कहा विशेष रूप से, एक प्रभावी फिलिस्तीनी सरकार की आवश्यकता है जो इजराइल के अस्तित्व के अधिकार को स्वीकार करे और आतंकवाद को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करे। दैनिक समाचारपत्र द स्ट्रेट्स टाइम्स ने मंत्री के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा दोनों पक्षों के वैध अधिकार हैं और दोनों देशों के लोगों को सुरक्षित सीमाओं के भीतर शांति और सम्मान के साथ रहने का अधिकार है। सिंगापुर द्वारा 10 मई को संयुक्त राष्ट्र के एक प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया गंया था, जिसमें संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन को सदस्य देश के रूप में शामिल करने का समर्थन किया गया है।

विश्वास मत का सामना करेगी प्रचंड सरकार

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल के सबसे बड़े दलों में शामिल नेपाली कांग्रेस और सीपीएन-यूएमएल के बीच नई गठबंधन सरकार बनाने के लिए सहमति बनने के बीच प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड ने पद से इस्तीफा नहीं देने का फैसला किया है। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी केंद्र) के सचिव गणेश शाह ने बताया कि पार्टी पदाधिकारियों की मंगलवार को प्रधानमंत्री कार्यालय में हुई बैठक में प्रचंड ने कहा कि वह पद से इस्तीफा देने के बजाय संसद में विश्वास मत का सामना करना पसंद करेंगे। गणेश शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री प्रचंड (69) ने अपने डेढ़ साल के कार्यकाल के दौरान संसद में तीन बार विश्वास मत हासिल किया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है, जब नेपाल के दो सबसे बड़े दलों - नेपाली कांग्रेस और सीपीएन-यूएमएल ने प्रधानमंत्री प्रचंड को सत्ता से बेदखल करने के लिए एक नई राष्ट्रीय सर्वसम्मति सरकार बनाने के वास्ते आधी रात को एक समझौता किया। नेपाल के प्रतिनिधि सदन में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के पास 89 सीट जबकि सीपीएन-यूएमएल के पास 78 सीट हैं।

खतरे में सरकार

- नेपाली कांग्रेस व सीपीएन-यूएमएल के बीच गठबंधन, नई सरकार बनाने का प्रयास

नई गठबंधन सरकार के लिए किए हस्ताक्षर

नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने नई गठबंधन सरकार बनाने के लिए सोमवार मध्यरात्रि को समझौते पर हस्ताक्षर किए। देउबा (78) और ओली (72) संसद के शेष कार्यकाल के लिए बारी-बारी से प्रधानमंत्री पद साझा करने पर सहमत हुए हैं।

केन्या में विरोध प्रदर्शन, 39 की मौत

नैरोबी, एजेंसी

पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या में विवादास्पद कर वृद्धि विधेयक के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों में करीब 39 लोग मारे गए हैं और 361 अन्य घायल हुए हैं। केन्या नेशनल कमीशन ऑन ह्यूमन राइट्स (केएनसीएचआर) ने सोमवार को मृतकों के बारे में जानकारी दी।

इससे पहले केएनसीएचआर ने शनिवार को बताया था कि केन्या में चल रहे हिंसक विरोध प्रदर्शनों के दौरान करीब 30 लोग मारे गये थे। मानवाधिकार समूह ने केन्याई सुरक्षा बलों पर प्रदर्शनकारियों की भीड़ पर सीधे गोलियां चलाने का भी आरोप लगाया है। आयोग ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा हमारे रिकॉर्ड से पता चलता है कि देश भर में विरोध प्रदर्शनों में 39 लोग मारे गए हैं और 361 अन्य घायल हुए हैं। विरोध प्रदर्शनों के दौरान देश में 32 लोगों के लापता होने का मामला सामने आया है और 627 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जून के मध्य से केन्या में विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ है। जब सरकार ने ब्रेड, चीनी परिवहन, मोबाइल व विदेशी मुद्रा लेनदेन पर 16 प्रतिशत वैट लगाने के साथ कारों व तेल पर उत्पाद शुल्क लगाने वाला विधेयक पेश किया था।

नए टैक्स के खिलाफ जनता में गुस्सा

केन्या में सरकार द्वारा नए टैक्स लगाने से जनता काफी गुस्से में है और बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को भीड़ संसद में प्रवेश कर गई और वहां आगजनी की। इसके बाद सांसदों को संसद भवन से सुरक्षित निकाला गया। प्रदर्शनकारी नए टैक्स का विरोध कर रहे हैं जिससे डायपर जैसी वस्तुओं की कीमत बढ़ जाएगी।

अमेरिका यूक्रेन को हथियारों के लिए देगा 2.3 अरब डॉलर

वाशिंगटन। रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका जल्द ही यूक्रेन के लिए 2.3 अरब अमेरिकी डॉलर की अतिरिक्त सुरक्षा सहायता की घोषणा करेगा, जिसमें टैंक रोधी हथियार, इंटरसेप्टर और पैट्रियट और अन्य वायु रक्षा प्रणालियों के लिए युद्ध सामग्री शामिल होगी। यूक्रेन के रक्षा मंत्री रूस्तम उमेरोव ने अमेरिका रक्षा मुख्यालय पेंटागन में ऑस्टिन से मुलाकात की थी जिसके बाद यह घोषणा हुई है। यह डोनेत्स्क क्षेत्र में रूसी सेना से लड़ने में मदद के लिए कीव की अपील पर मजबूत प्रतिक्रिया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार को कहा था कि रूस ने पिछले हफ्ते में ही यूक्रेन में 800 से अधिक शक्तिशाली ग्लाइड बम गिराए हैं। उन्होंने रूस के अंदर सैन्य ठिकानों पर हमला करने के लिए पश्चिमी हथियारों के इस्तेमाल पर प्रतिबंधों में ढील का आग्रह किया।

भारतीय स्त्री रोग विशेषज्ञ धोखाधड़ी मामले में दोषी

शिकागो, एजेंसी

भारतीय अमेरिकी प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ मोना घोष ने बीमाकर्ताओं को उन सेवाओं व प्रक्रियाओं के लिए प्रतिपूर्ति दावे प्रस्तुत करने की बात स्वीकार की जो प्रदान नहीं की गई थीं या चिकित्सकीय रूप से आवश्यक नहीं थीं। उन्हें शिकागो के चिकित्सक को संघीय स्वास्थ्य देखभाल धोखाधड़ी के आरोपों में दोषी ठहराया गया है।

मेडिकेड एवं निजी बीमाकर्ताओं को गैर-मौजूद सेवाओं के बिल देने के लिए 20 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। अटॉर्नी कार्यालय के अनुसार, मोना घोष प्रोग्रेसिव वूमेन हेल्थकेयर की मालिक और संचालिका थीं। अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय ने कहा घोष ने धोखाधड़ी से कार्यालय और टेलीमेडिसिन यात्राओं की जटिलता को बढ़ा-चढ़ाकर बताया तथा बिलिंग कोड का उपयोग करके दावे प्रस्तुत किए। वहीं इलिनोइस के एक अन्य चिकित्सक को भी 27 जून को दो मामलों में दोषी ठहराया, प्रत्येक मामले में 10 साल की सजा की उम्मीद है।

भारतीय मूल के गुरु पर यौन उत्पीड़न का मुकदमा

लंदन। भारतीय मूल के गुरु राजेंद्र कालिया के खिलाफ इस सप्ताह लंदन के उच्च न्यायालय में यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कई महिलाओं ने लाखों पाउंड के हर्जाने के लिए मुकदमा दर्ज कराया है। महिलाओं का दावा है कि वे उसकी शिष्याएं थी जबकि कालिया का दावा है कि वह इंग्लैंड की एक धार्मिक सोसाइटी का मुख्य पुजारी है। कालिया (68) पहले से चल रहे एक मुकदमे में प्रतिवादी हैं जिसमें उस पर अपने उपदेशों और शिक्षाओं के साथ-साथ चमत्कार का कथित प्रदर्शन कर अनुयायियों के कार्यों को अनुचित रूप से प्रभावित करने का आरोप लगाया गया है।

अमरनाथ के लिए 6,500 तीर्थयात्रियों का नया जत्था रवाना

जम्मू। दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए 6,500 से अधिक तीर्थयात्रियों का नया जत्था मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच जम्मू से रवाना हुआ। सोमवार को 23,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर में बाबा बर्फानी के दर्शन किए।

चलती बस से कूदने पर 10 तीर्थयात्री घायल : जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में अमरनाथ यात्रा से लौट रहे कम से कम 10 तीर्थयात्री चलती बस से कूदने पर घायल हो गए। यह घटना उस वक्त हुई, जब चालक ने यात्रियों को बताया कि बस के ब्रेक फेल हो गए हैं। सैन्यकर्मियों और पुलिस कर्मियों ने बस को रोक लिया, जिससे जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर संभावित दुर्घटना टल गई। अधिकारियों ने बताया कि बस में 40 तीर्थयात्री सवार थे।

बॉलीवुड हलचल

एटली की आगामी फिल्म में एक साथ होंगे कमल हसन, सलमान

मुंबई। सुपरहिट निर्देशक एटली अपनी अगली फिल्म में सलमान खान और कमल हसन को एक साथ कास्ट करने के लिये तैयार हैं। उनकी आखिरी ब्लॉकबस्टर जवान फिल्म 2023 में रिलीज हुई थी, जिसमें एसआरके, दीपिका पादुकोण और नयनतारा अभिनय करते नजर आए थे। एटली पूरी तरह से तैयार है अपनी अगले फिल्म की शुरुआत करने के लिए जिसका नाम अभी तक अज्ञात है। उन्होंने पहले सलमान खान और रजनीकांत को एक साथ कास्ट करने का सोचा था लेकिन अब सूत्रों ने बताया कि एटली कमल हसन और सलमान खान को एक साथ मेगा प्रोजेक्ट में ला सकते हैं। सूत्रों ने मीडिया को बताया कि दोनों मेगास्टार कथित तौर पर आगामी एक्शन थ्रिलर के लिये चर्चा कर रहे हैं और उन्हें इसकी कहानी पसंद आयी है। एटली की अगली फिल्म की कुछ प्रक्रिया जुलाई के अंत तक पूरी की जानी है, जिसके बाद वह आगे कार्रवाई शुरू करेंगे।

शाहरुख खान को 'करियर अचीवमेंट अवॉर्ड' से किया जाएगा सम्मानित

मुंबई। अभिनेता शाहरुख खान को लोकार्नो फिल्म महोत्सव के 77वें संस्करण में करियर अचीवमेंट सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। खान पार्डो अला कैरियर असकोना-लोकार्नो टूरिज्म से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय होंगे। इससे पहले, इतालवी फिल्म निर्माता फ्रांसेस्को रोसी, अमेरिकी गायक-अभिनेता हैरी बेलाफोनेट और मलेशियाई निर्देशक साई मिंग-लियांग इस पुरस्कार से सम्मानित किए जा चुके हैं। खान (58) को 10 अगस्त को स्विट्जरलैंड के लोकार्नो स्थित पियाजा ग्रांडे में यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। सात अगस्त से शुरू होने वाले इस महोत्सव में संजय लीला भंसाली निर्देशित 2002 की फिल्म देवदास भी दिखाई जाएगी। खान 11 अगस्त को फोरम स्पेज़ियो सिनेमा में आम जनता के लिए खुली बातचीत में भी शामिल होंगे। लोकार्नो फिल्म महोत्सव के कलात्मक निदेशक जियोना ए नाज़ारो ने कहा कि इस समारोह में शाहरुख का स्वागत करना एक सपने के सच होने जैसा है। उन्होंने कहा भारतीय सिनेमा में उनका योगदान बेमिसाल है।

वरूण धवन को पसंद आयी कल्कि 2898 एडी

मुंबई। बॉलीवुड के चॉकलेटी हीरो वरूण धवन को फिल्म कल्कि 2898 एडी बेहद पसंद आई है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई है।बॉलीवुड से लेकर साउथ स्टार्स तक फिल्म की तारीफ कर रहे हैं। इसी बीच वरूण धवन ने भी कल्कि 2898 एडी की तारीफ की है। वरुण धवन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर लिखा,कल्कि वह सब कुछ है, जिसका सपना हमने भारतीय सिनेमा के लिए देखा था।

खगोल विज्ञान | जे0011 3217 नाम दिया गया है इस आकाशगंगा का नाम

अंतरिक्ष में नई रेडियो आकाशगंगा की खोज

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: खगोलविदों ने एक नई रेडियो आकाशगंगा की खोज की है। यह विशाल आकार की आकाशगंगा है। जिसे जे0011 3217 नाम दिया गया है। यह एक तरफा द्वितीयक लोब सहित विशिष्ट विशेषताओं को प्रदर्शित करती है।

ब्रह्मांड में आकाशगंगाओं का अपना अलग महत्व व स्थान हैं। रेडियो आकाशगंगाओं के बारे में कम ही लोग जानते समझते हैं। मगर वैज्ञानिक मानते हैं कि अंतरिक्ष की प्रत्येक वस्तु व जानकारी सभी को होनी चाहिए।

रेडियो आकाशगंगाओं की बात करें तो वह अपने केंद्रीय कोर से भारी मात्रा में रेडियो तरंगें उत्सर्जित करती हैं। इन आकाशगंगाओं के केंद्रों में ब्लैक होल गैस और धूल जमा होती रहती हैं। जिससे रेडियो तरंग दैर्ध्य में दिखाई देने वाले उच्च-ऊर्जा जेट उत्पन्न होते हैं, जो विद्युत आवेशित कणों को उच्च वेग तक गति प्रदान करते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार यह अपने सक्रिय चरण यानी 100 मिलियन वर्ष तक चलने के दौरान एक विशिष्ट रेडियो आकाशगंगा में कोर, लोब, जेट और हॉटस्पॉट जैसी विशेषताएं खुद में रखती हैं और इस चरण के बीत जाने के बाद उनकी गतिविधि के संकेत आम तौर पर गायब हो जाते हैं। इसकी वजह से सक्रिय गैलेक्टिक न्यूक्लियस (एजीएन) का स्रोत बंद हो जाता है। यह खोज प्री-प्रिंट सर्वर में प्रकाशित हुई है।

भारत के मिदनापुर सिटी कॉलेज की शोभा कुमारी के नेतृत्व में खगोलविदों की टीम ने इस आकाशगंगा का पता लगाने वाली रिपोर्ट प्रस्तुत की है।

- आकाशगंगाओं के केंद्रों में ब्लैक होल गैस व धूल जमा होती रहती हैं

आकाशगंगाओं की विस्तृत जानकारी जुटानी होंगी

नैनीताल : आकाशगंगाओं का संसार अजूबा है। जिनकी विस्तृत जानकारी जुटाना बाकी है। तकनीकी विकास व अध्ययन की सुविधाओं के विस्तार के साथ अप्रत्याशित जानकारी सामने आ सकती हैं। इसके लिए व्यापक स्तर पर प्रयास की जरूरत वैज्ञानिक महसूस करते हैं।